सुप्रभात
रांची, बुधवार
30.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 285



12 2029 में यूपी बनेगा वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी

## न्यूज डायरी

### जस्टिस बीआर गवई अगले सीजेआइ नियुक्त

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जस्टिस बीआर गवई को देश का अगला चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। वर्तमान चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने उनके नाम की सिफारिश भेजी थी। जस्टिस खन्ना 13 मई को रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस गवई 14 मई को चीफ जस्टिस पद की शपथ लेंगे। जस्टिस गवई 23 नवंबर तक देश के चीफ जस्टिस रहेंगे।

### छह लोगों के हत्यारे की फांसी की सजा बरकरार

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने पत्नी, बच्चे समेत परिवार के छह लोगों की हत्या करने वाले कोडरमा के गांगो दास की फांसी की सजा को बरकरार रखा है। मंगलवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सजायाफ्ता गांगो दास की अपील याचिका खारिज कर दी और फांसी की सजा बरकरार रखी। कोडरमा की निचली अदालत ने गांगो को फांसी की सजा सुनायी थी।

### गवर्नर के खिलाफ सीएम हेमंत ने याचिका वापस ली

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल के खिलाफ दायर याचिका वापस ले ली है। मुख्यमंत्री की ओर से ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के आरोपों के मद्देनजर चुनाव आयोग के फैसले की जानकारी नहीं देने और चुनाव आयोग के फैसले को सार्वजनिक करने के लिए वर्ष 2022 में याचिका दायर की थी। मंगलवार को याचिका सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन की ओर से याचिका वापस लेने का अनुरोध किया गया। अदालत ने आग्रह को स्वीकार करते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दी।

मोदी ने दी आर्मी को खुली छूट, कहा -आतंक का पूरा सफाया करेंगे

# सेना प्रमुखों से कहा, कब कहां हो प्रहार खुद तय करें

आतंक पर प्रहार

- आतंक और आकाओं को कुचलना भारत का राष्ट्रीय संकल्प, आज सीसीएस की बैठक
- राजनाथ, डोभाल, सीडीएस, तीनों सेना प्रमुख थे मौजूद, मोहन भागवत भी पीएम से मिले



एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम हमले पर कार्रवाई के लिए पीएम मोदी ने सेना को खुली छूट दी है। मंगलवार शाम पीएम आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में इस तरह की खुली छूट प्रधानमंत्री ने तीनों सेना के प्रमुखों को दी है। सीमा पर तनाव के बीच इस बैठक में रक्षामंत्री,विदेश मंत्री, डोभाल पीएम से उनके आवास पर मिले।

**सेना की क्षमता पर पूरा भरोसा**
तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में पीएम मोदी ने सेना को आतंक के खिलाफ एक्शन की पूरी छूट दे दी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। हमें हमारी आर्मी की प्रोफेशनल कैपेबिलिटी पर पूरा भरोसा है। हमारी जवाबी कार्रवाई का तरीका क्या हो, इसके टार्गेट्स कौन से हों और इसका समय क्या हो, सबकुछ तय करने की सेना को छूट है।

**कुछ बड़ा करने का इरादा :** बैठक के बाद भी रक्षा मंत्री काफी देर तक पीएम के साथ बैठे रहे। पहलगाम हमले के बाद राजनाथ सिंह की पीएम मोदी से यह चौथी और 12 घंटे में लगातार दूसरी बार मुलाकात है। इससे साफ है कि भारत कुछ बड़ा करने का इरादा कर चुका है।

**सीसीएस-सीसीपीए की आज बैठक :** पीएम मोदी ने बुधवार को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की फिर बैठक भी बुलायी है। पहलगाम हमले के बाद लगातार दूसरी बार सीसीएस की बैठक होगी। इसमें फैसला लिया जाता है कि आगे किस तरह से निपटना है। राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमिटी (सीसीपीए) की भी बैठक कल होनी है।

**यह हमला नहीं बड़ी साजिश:** पीएम मोदी पहलगाम हमले को सिर्फ एक आतंकी घटना नहीं मान रहे। उनका मामना है कि इसके पीछे पाकिस्तान की बड़ी आतंकी साजिश है।

## यूएन के मंच से भारत ने कहा- 'दुष्ट देश' के खिलाफ दुनिया आंखें न मूंदे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से पाकिस्तान पर तीखा हमला करते हुए उसे वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला दुष्ट देश करार दिया है। यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस हालिया इंटरव्यू के संदर्भ में दिया गया जिसमें उन्होंने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पाक ने वर्षों से आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता दी है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने कहा कि यह खुला कुबूलनामा अब आश्चर्यचकित नहीं करता बल्कि पाकिस्तान को एक दुष्ट राज्य के रूप में उजागर करता है। यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं, बल्कि उसकी असली सच्चाई है। दुनिया अब और इस दुष्ट देश से आंखें नहीं मूंद सकती।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। हमले के बाद आसिफ भारत विरोधी बयान दे रहे थे और सैन्य हमले की आशंका जताकर उकसा रहे थे। योजना पटेल आतंकवाद निरोधक कार्यालय द्वारा आयोजित विक्टिम्स ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क के उद्घाटन सत्र बोल रही थीं। पाकिस्तान ने पहले पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का ज़िक्र करते हुए भारत पर ही मनगढ़ंत आरोप लगाये थे।

### आइआइटी-आइएसएम के सौरभ को मिला ₹1.26 करोड़ का पैकेज

रांची। आईआईटी आईएसएम के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अप्रैल महीने तक लगभग 1025 छात्रों का कैंपस सिलेक्शन हुआ है। इसमें छात्रों को आकर्षक पैकेज ऑफर किए गए हैं। मिनरल्स एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र सौरभ को 1.26 करोड़ रूपये का सालाना पैकेज मिला है, जो आईएसएम का अबतक का सबसे अधिक पैकेज है। सौरभ को अमेजन जापान ने यह जॉब ऑफर प्रदान किया है।

**78 फीसदी छात्रों का हो चुका है प्लेसमेंट** : आईआईटी आईएसएम में लगभग 78 फीसदी छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है। 50 कंपनियां प्लेसमेंट के लिए लाइन में हैं। शेष 22 फीसदी ऐसे छात्र हैं, जिन्हें अन्य कंपनियों से भी ऑफर मिला है।

## क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के फैन हुए हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन भी नवोदित क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के जबरा फैन हो गये हैं। दरअसल, सोमवार को हुये मैच में 14 साल का वैभव सूर्यवंशी एक अभिनेता की तरह उभर कर आया। इसने अपने दमदार पारी से हर किसी की वाहवाही लूटी। मात्र 35 गेंदों पर ऐतिहासिक शतक जड़ने वाले वैभव सूर्यवंशी की दमदार पारी देख मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी वैभव के जबरा फैन हो गये हैं। वैभव के चौके और चक्के देख सीएम भी खुद को उसकी तारीफ करने से रोक नहीं पाये।



**सीएम ने साझा किया वीडियो**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच हुये धमाकेदार मैच और वैभव सूर्यवंशी की दमदार पारी खत्म होने के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में सीएम ने वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की। उन्होंने वैभव के दमदार पारी का एक वीडियो साझा कर लिखा, शानदार, जबरदस्त, जिंदाबाद वैभव।

## हाईकोर्ट के आदेश पर डॉ राजकुमार ने फिर से रिम्स निदेशक के पद पर दिया योगदान

पुनर्वापसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

> **कोर्ट के फैसले का करते हैं सम्मान : मंत्री**
> हाईकोर्ट के फैसले का हम सम्मान करते हैं। रिम्स निदेशक को पूरी शुभकामनाएं हैं कि वह अच्छा काम करें, लेकिन भाजपा रिम्स निदेशक के पद को जाति विशेष से जोड़ने का काम कर रही है।
> **डॉ. इरफान अंसारी स्वास्थ्य मंत्री**

रांची। राज्य सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में एक बार फिर बड़ा बदलाव हुआ है। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद डॉ. राजकुमार ने एक बार फिर रिम्स के निदेशक का पद संभाल लिया है। बताते चलें कि रिम्स शाषी परिषद के अध्यक्ष ने उन्हें रिम्स निदेशक के पद से हटाते हुए डॉ शशिबाला सिंह को प्रभारी निदेशक बनाया था। इस आदेश के खिलाफ डॉ राजकुमार होईकोर्ट चले गये थे। बीते 28 अप्रैल को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन ने सरकार के आदेश को स्थगित कर दिया था। इसके बाद से ही डॉ राजकुमार का फिर से निदेशक बनने का रास्ता साफ हो गया था।

**हाईकोर्ट का आदेश** : 28 अप्रैल को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन ने सरकार के आदेश पर रोक लगा दी और डॉ राजकुमार को फिर से निदेशक बनाने का रास्ता साफ हो गया। कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई छह मई को होगी। तबतक डॉ. राजकुमार रिम्स के निदेशक के रूप में अपना काम करते रहेंगे। देखना यह होगा कि सरकार इस मामले में क्या जवाब देती है और आगे क्या होगा।




## एससी-एसटी एक्ट के आरोपी अफसर पर दर्ज एफआइआर रद्द

# आदिवासी कोई जाति नहीं : हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने वर्तमान में धनबाद में बंदोबस्त अधिकारी के रूप में कार्यरत सुनील कुमार के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज केस को खारिज कर दिया है, उनपर एक महिला को पागल आदिवासी कहकर अपमानित करने का आरोप था। हाईकोर्ट द्वारा एफआईआर रद्द किये जाने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह पाया कि महिला ने जब एफआईआर दर्ज करवाई थी, उसमें यह कहीं नहीं लिखा था कि महिला झारखंड के लिए मान्य अनुसूचित जनजातियों की सूची में आती है, इसलिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, जो जाति या जनजाति सूची में नहीं है, उसे एससी या एसटी नहीं माना जा सकता।

दरअसल 19 सितंबर 2023 को दुमका जिले की एक महिला ने यह आरोप लगाया था कि जब वह सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन देने गयी, तो बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार ने उसे गाली दी, आवेदन लेने से मना किया और उसे बाहर निकाल दिया। जिसके बाद महिला ने एससी-एसटी थाना में कांड संख्या 7/2023 दर्ज करवाई, लेकिन अदालत ने कहा कि एफआईआर में कोई ऐसा तथ्य नहीं है जो दिखाये कि महिला एसटी समुदाय से थी। इसके अलावा, कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आइपीसी की धाराएं 354, 341, 506 आदि के तहत भी कोई गंभीर अपराध नहीं बनता, क्योंकि न तो महिला पर हमला हुआ, न ही उसका रास्ता रोका गया और न ही कोई ऐसा इरादा साबित हुआ, जिससे उसकी गरिमा को ठेस पहुंचे। अंत में कोर्ट ने कहा कि सुनील कुमार एक सरकारी अफसर हैं और यह घटना उस समय की है, जब वह ड्यूटी पर थे। ऐसे में उनके खिलाफ मुकदमा चलाना कानून का दुरुपयोग होगा।

## ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम पर जिलों में हुई कार्रवाई की राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को नहीं दी जानकारी




**रांची।** ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए सिर्फ रांची जिले में की गई कार्रवाई की जानकारी सरकार द्वारा दिए जाने पर मंगलवार को हाईकोर्ट ने फिर नाराजगी जतायी। सरकार से पूछा कि आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पर्व पर राज्य के जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने के कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका देते हुए छह मई तक सभी जिलों में की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। पिछली सुनवाई को ही कोर्ट ने सरकार से त्योहारों पर सभी जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा था, लेकिन मंगलवार को सरकार ने सिर्फ रांची जिले की ही जानकारी दी। ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम के लिए सिविल सोसायटी ने जनहित याचिका दायर की है। इसमें ध्वनि प्रदूषण अधिनियम वर्ष 2000 के तहत निर्धारित मानकों का झारखंड में उल्लंघन होने का आरोप लगाया गया है। ध्वनि प्रदूषण पर सरकार की ओर से रोकने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

## डीजीपी अनुराग गुप्ता और दो आईपीएस के प्रमाणपत्रों पर फैसला सुरक्षित



**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता, आईपीएस प्रिया दुबे और संतोष दुबे के प्रमाणपत्रों की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। इस संबंध में अरुण कुमार ने जनहित याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस तरह के मामलों में जनहित याचिका दायर करने पर प्रार्थी को फटकार भी लगायी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी का आरोप है कि इन अधिकारियों के कई प्रमाणपत्र सही नहीं है। एमए का प्रमाणपत्र गलत है। इसकी जांच सीबीआई से करायी जानी चाहिए।

## राज्य के 57 लाख उपभोक्ताओं की जेब होगी ढीली

# झटका : एक मई से लागू हो सकती है नयी बिजली दर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के 57 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं की जेब ढीली होने वाली है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने राज्य में नई बिजली दर जारी करने की तैयारी कर ली है। आयोग 30 अप्रैल को नया टैरिफ जारी कर सकता है। नई टैरिफ जारी होने के बाद राज्य में नई दर एक मई से लागू की जा सकती है।

**50 पैसे प्रति यूनिट वृद्धि की संभावना :** बिजली दर में प्रति यूनिट 50 पैसे तक वृद्धि की संभावना है। वर्तमान में शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट बिजली की दर 6.65 रुपए प्रति यूनिट है। वितरण निगम ने इसे बढ़ाकर 9.25 रुपए प्रति यूनिट का प्रस्ताव दिया है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्र में 6.30 प्रति यूनिट से बढ़ाकर 8.45 रुपए प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव है। जबकि शहरी क्षेत्र में फिक्सड चार्ज को दोगुणा यानि 100 से 200 रुपए करने का प्रस्ताव है। ग्रामीण क्षेत्र में फिक्सड चार्ज 75 से 150 रुपए करने का प्रस्ताव है।

**टैरिफ से चाहिए 9285.68 करोड़ का राजस्व :** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने नए टैरिफ से 9285.68 करोड़ राजस्व की मांग की है। नये टैरिफ से 9702.13 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा।

**जानें किस कटेगरी के कितने हैं बिजली उपभोक्ता**

| कटेगरी | उपभोक्ताओं |
|---|---|
| घरेलू | 50,80,569 |
| कॉमर्शियल | 4,79,881 |
| पब्लिक लाइटिंग | 803 |
| सिंचाई | 1,21,675 |
| इंडस्ट्रीयल एलटी | 20,550 |
| इंडस्ट्रीयल एचटी | 2798 |
| रेलवे | 07 |
| कुल उपभोक्ता | 57 लाख छह हजार 284 |

**क्या है वर्तमान दर और और क्या है नई दर का प्रस्ताव**

| कटेगरी | वर्तमान(रुपए/प्रति यूनिट) | प्रस्तावित(रुपए/प्रति यूनिट) |
|---|---|---|
| घरेलू ग्रामीण | 6.30 | 8.45 |
| घरेलू शहरी | 6.65 | 9.25 |
| घरेलू एचटी कॉमर्शियल | 6.25 | 8.50 |
| एनडीएस वन | 6.10 | 10.40 |
| एनडीएस टू | 6.65 | 10.75 |
| एलटीआइएस | 6.05 | 7.00 |
| सिंचाई | 5.30 | 8.00 |
| इंडस्ट्रीयल एचटी | 5.85 | 8.25 |
| एचटीएसएस | 5.20 | 8.00 |
| रेलवे | 5.60 | 7.40 |
| स्ट्रीट लाइट | 7.00 | 9.00 |
| एमइएस | 5.60 | 8.25 |

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिला स्कूल एरा का डेलिगेशन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को स्कूल एरा, रांची के प्रबंधकीय संपादक मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य ने भेंट की तथा राज्यपाल को विद्यालय के रजत सम्मान समारोह में आमंत्रित किया। इस अवसर पर राज्यपाल को शिष्टमंडल ने विद्यालय द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका भी भेंट की।

### राज्यपाल से मिला दीपशिखा का डेलिगेशन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को दीपशिखा की कार्यकारी निदेशक सुधा लील्हा ने राज भवन में भेंट की तथा संस्था की विस्तृत गतिविधियों से अवगत कराया।

### एसडीओ अशोक कुमार को हाईकोर्ट से बेल

**रांची।** अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने जमानत के किए कुछ शर्तें भी रखी हैं, जिनका पालन अशोक कुमार को बेल पर रहने के दौरान करना होगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने अशोक कुमार को बेल दी है। दरअसल पुलिस ने इसी वर्ष 9 फरवरी को हजारीबाग सदर के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अशोक कुमार को उनकी पत्नी की मौत में कथित संलिप्तता को लेकर गिरफ्तार किया था। उनकी पत्नी ने पिछले साल दिसंबर में कथित तौर पर खुद को आग लगा ली थी। रांची के फिलहाल अशोक कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

### रिम्स के 40 डॉक्टर्स को सह प्राध्यापक में प्रोन्नति

**रांची।** रिम्स में कार्यरत 40 चिकित्सक (शैक्षणिक संवर्ग) को सहायक प्राध्यापक से सह प्राध्यापक के पद पर प्रोन्नति दी गयी है। इस संबंध में रिम्स निदेशक स्तर से मंगलवार को आदेश जारी भी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग झारखंड के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 3 जनवरी 2025 को रिम्स के डॉक्टर्स की प्रोन्नति के संबंध में निर्णय लिया गया था। इसी आधार पर सहायक प्राध्यापक से सह प्राध्यापक (मिनिमम बेसिक पे 51,800+एनपीए+अन्य एलाउंस) में अलग अलग विभाग के डॉक्टर्स को प्रोन्नति दी जाती है। इस पर विभागीय मंत्री सह शाषी परिषद, रिम्स का अनुमोदन प्राप्त है।

### जेपीएससी प्रथम नियुक्ति घोटाले के आरोपी राजेश्वरनाथ आलोक ने किया आत्मसमर्पण

**रांची।** जेपीएससी प्रथम नियुक्ति घोटाले के आरोपी राजेश्वर नाथ आलोक समेत अन्य ने सीबीआई कोर्ट में मंगलवार को सरेंडर किया। इन आरोपियों को पिछले दिनों झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। जमानत लेने के लिये आरोपियों ने अदालत में 10-10 हजार रुपये के दो निजी मुचलका भरा। सीबीआई ने उक्त घोटाले में 12 साल बाद जांच पूरी करते हुये पिछले साल चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुये समन जारी किया था। निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद हाईकोर्ट में राहत की गुहार लगाई थी।

# खनिजों की लूट के खिलाफ माले ने मनाया प्रतिवाद दिवस




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाकपा-माले के आह्वान पर मंगलवार को खनिजों के लूट के खिलाफ राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस मनाया गया। राजधानी में पार्टी कार्यकर्ताओं और विभिन्न जनसंगठनों के सैकड़ों लोगों ने खनिज संसाधनों की लूट, अडानी समूह को खनन सौंपने और केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सुदामा खलखो ने कहा कि झारखंड सहित देशभर में निजीकरण बंद होनी चाहिये। केन्द्र और राज्य को सम्मानजनक रोजगार की गारंटी करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कॉर्पोरेट समूहों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही है। देशभर में आदिवासियों की जमीन, रोजगार और हक पर खतरा मंडरा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभय साहू, मो सोहेल अंसारी, नंदिता भट्टाचार्य, मो नसीम, आरएन सिंह, विजय कुमार, निखिल कुमार और सृष्टि भट्टाचार्य आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## देश विरोधियों के साथ खड़ी है कांग्रेस पार्टी : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिये कांग्रेस सर तन से जुदा जैसे कट्टरपंथी विचारों का इस्तेमाल कर रही है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री भी कांग्रेस के इस विचारधारा का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जब जब देश के साथ खड़े रहने की बारी आती है, तब तब कांग्रेस देश विरोधियों के साथ खड़ी नजर आती है। उन्होंने राहुल गांधी से स्पष्ट करने की मांग की कि कांग्रेस देश के साथ है या फिर पाकिस्तान के साथ।

## झारखंड के सीमावर्ती चेकपोस्ट जल्द होंगे चालू : परिवहन मंत्री



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सीमावर्ती चेक पोस्ट जल्द चालू होंगे। इससे राजस्व में वृद्धि होगी। परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य की सीमावर्ती सभी चेकपोस्ट दो महीनों के अंदर चालू हो जाएंगे।इससे सरकार को सालाना करीब एक हजार करोड़ का अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। झारखंड में कुल 11 चेक पोस्ट हैं, जिन्हें जल्द ही चालू किया जाएगा। चेकपोस्ट खोलने की प्रक्रिया अंतिम दौर पर है और कई राज्यों का अध्ययन भी किया गया है।

**राजस्व के नुकसान की होगी भरपायी :** बताते चलें कि साल 2017 से सीमावर्ती सभी चेकपोस्ट बंद पड़े थे, जिससे राज्य सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन अब चेकपोस्ट चालू होने से इस नुकसान की भरपाई होगी और राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी।

**बजट सत्र में उठा था मामला :** अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट को बंद करने के मामले को बजट सत्र के दौरान गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने ध्यानाकर्षण सूचना के जरिये सदन में उठाया था। इसके बाद सरकार ने चेकपोस्ट खोलने का निर्णय लिया है। चेकपोस्ट चालू होने से राज्य के विकास में भी मदद मिलेगी।

## दुष्कर्म के सजायाफ्ता को किशोर का लाभ देने से हाई कोर्ट का इनकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की छात्रा के साथ गैंगरेप मामले के सजायाफ्ता राजन उरांव को किशोर का लाभ देने का आग्रह हाईकोर्ट ने मंगलवार को ठुकरा दिया और प्रार्थी की याचिका खारिज कर दी। प्रार्थी राजन उरांव की ओर से कहा गया था कि घटना के समय उसकी उम्र 18 वर्ष से कम थी, इसलिए जुवेनाइल जस्टिस प्रोटेक्शन एक्ट के तहत उसे लाभ देना चाहिए। सरकार की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि जुबेनाइल के संबंध में छह साल बाद क्रिमिनल अपील में अपीलकर्ता ने मामला उठाया है। अनुसंधानकर्ता को उसने पूर्व में इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी थी। घटना के छह वर्ष बीत जाने के बाद इस स्टेज में प्रार्थी के मेंटल स्टेटस का आकलन करना संभव नहीं है। इसलिए, प्रार्थी को किसी प्रकार की राहत नहीं दी जानी चाहिए।

**फास्ट ट्रैक अदालत ने 12 लोगों को सुनाई थी सजा :** बता दें कि रांची की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कानून की छात्रा के साथ 26 नवंबर 2019 को एक किशोर सहित 12 लोगों ने गैंगरेप किया था, जब वह कॉलेज परिसर से लगभग 2.5 किमी दूर कांके के संग्रामपुर इलाके में एक शेड के नीचे एक दोस्त से कॉलेज से लौटने के दौरान बात कर रही थी। इसी दौरान वहां बाइक और कार में सवार नौ युवकों ने छात्रा को जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। छात्रा के दोस्त से मारपीट भी की। इसके बाद आरोपी युवक हथियार दिखाकर छात्रा का अपहरण कर उसे सुनसान जगह पर ले गए।

# कांग्रेस का संविधान बचाओ रैली 6 मई को, मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे शामिल

**रैली के बाद होगी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन अब 6 मई को पुराना विधानसभा मैदान, रांची में किया है। रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी। वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को प्रेस कॉफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि रैली के बाद प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक भी होगी, जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे और के।सी। वेणुगोपाल भी उपस्थित रहेंगे। यह झारखंड कांग्रेस के लिए हर्ष का विषय है कि झारखंड निर्माण के बाद पहली बार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी होगी।

### ऐतिहासिक होगी संविधान बचाओ रैली

केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी। नेताओं, कार्यकताओं सहित आम जनता में उत्साह है। अपने अधिकारों के प्रति जनता जागरुक है और संविधान रक्षा की इस लड़ाई में पूरी तरह से हमारे साथ खड़ी है। कांग्रेस आम लोगों के अधिकारों का दमन नहीं होने देगी। संविधान रक्षा की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी।

### रैली की तैयारियां जोरों पर

प्रदेश कांग्रेस ने रैली की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, मुख्य प्रवक्ता किशोर शाहदेव, सोनाल शांति सहित कई नेता और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पर कार्यशाला, स्वास्थ्य मंत्री बोले

# निजी अस्पताल ईलाज में लापरवाही न बरतें

■ राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जायेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया करने के लिए राज्य सरकार तत्पर है। राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत हैं और हम चाहते हैं कि एआई तकनीक से इलाज हो। मंत्री डॉ इरफान अंसारी मंगलवार को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत रांची के एक स्थानीय होटल में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि सभी अधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं।

**अस्पताल मरीज के ईलाज की लें पूर्ण जिम्मेदारी :** मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने निजी अस्पतालों में ईलाज के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि प्राइवेट अस्पताल जब तक आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का पैसा रहता है। तब तक ईलाज करते हैं। इसके बाद उन्हें रेफर कर देते हैं। ऐसे में गंभीर अवस्था में भर्ती मरीज की मौत हो जाती है। ऐसी स्थिति अमानवीय है। अस्पतालों को मरीज के ईलाज की



पूर्ण जिम्मेदारी लेनी चाहिए। डॉ अंसारी ने कहा कि इस कार्यशाला में निजी अस्पताल प्रबंधन से जुड़े बहुत सारे लोग नहीं आ पाए, लेकिन हम उनके लिए फिर से एक कार्यशाला का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं भी एक डॉक्टर हूं और मैं हर हाल में आपको मदद ही करूंगा। मैं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना चाहता हूं। अगर कोई समस्या हो तो आप सीधे मुझसे बात कर सकते हैं।

### निजी अस्पताल गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करें

झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने प्राइवेट अस्पतालों से गाइडलाइन का सौ प्रतिशत अनुपालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छोटे अस्पताल गाइडलाइन को नहीं समझ पा रहे हैं। उनके पास कर्मचारी भी ट्रेंड नहीं हैं। इसलिए उन्हें ऐसे लोगों की जरूरत है जो ट्रेंड हो और गाइडलाइन को समझ सकें। उन्होंने सभी अस्पतालों से राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना और वय वंदन योजना के तहत भी इनरोल करने पर बल दिया।

### राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में आयी कमी

कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला सरकार की योजनाओं को लागू करने वाले अस्पतालों को होने वाली कठिनाइयों को समझने के लिए है। साथ ही अस्पताल और विभाग के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में 31,000 बेड हैं जिनमें से सरकारी अस्पतालों में 15,500 के आसपास बेड हैं और यही हाल निजी अस्पतालों का भी है। उन्होंने कहा कि राज्य के अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ानी चाहिए, क्योंकि राज्य में 1,13,000 बेड होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है। दोनों में हम बेहतर कर रहे हैं। इसलिए दूसरे राज्य के लोग भी हमारे राज्य में ईलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी सुविधाएं दे रहे हैं ताकि कोई भी ईलाज से वंचित नहीं हो। उन्होंने सभी अस्पतालों के प्रबंधन से कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत होती हो तो हमें बताएं हम पूरी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन को बढ़िया से पढ़ें। अपने अस्पताल में बेहतरीन लोगों को नियुक्त करें, जो गाइडलाइन के अनुरूप काम कर सकें।

## जल संसाधन विभाग ने जारी की अपील

# झारखंड में 135 लापता कर्मियों की तलाश शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जल संसाधन विभाग ने उन 135 कर्मियों की तलाश शुरू की है, जो लंबे समय से लापता हैं। इन कर्मियों को बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड में कार्यरत रहने के दौरान वेतन और सेवांत लाभ का भुगतान किया जाना है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 सितंबर 2024 को बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड में कार्यरत कर्मियों के बकाया दायित्वों का भुगतान करने का आदेश दिया था। इसके बाद जल संसाधन विभाग ने इन लापता कर्मियों की तलाश शुरू की है।

**कहां और कैसे करें संपर्क :** इन कर्मियों को अपने सभी साक्ष्यों और कागजात के साथ कार्यपालक अभियंता के कार्यालय, शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल सं-02, शोध भवन, खगौल, पटना में संपर्क करना होगा। जल संसाधन विभाग ने बताया है कि गुमला जिले में 22, डाल्टनगंज में 6, देवघर में 65, रांची में 36 और जमशेदपुर में 6 कर्मियों को लाभ दिया जाना है। इनमें नियमित और दैनिक वेतनभोगी दोनों श्रेणियों के कर्मचारी हैं।

**विभाग की अपील :** विभाग ने इन लापता कर्मियों से अपील की है कि वे अपने बकाया भुगतान का लाभ लेने के लिए जल्द से जल्द संपर्क करें। विभाग ने कहा कि यह उनके हित में है और अपने अधिकारों का लाभ के लिए आगे आना चाहिए।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नये अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का भव्य स्वागत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का टाटा मोटर्स प्रबंधन की ओर से स्वागत किया गया। जेनरल आफिस फोर्जा हॉल में आयोजित स्वागत सह परिचय कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी, एचआर हेड प्रणव कुमार, ईआर हेड सौमिक रॉय, जीएम श्रीमती किरण नरेन्द्रन तथा जीएम स्तर के तमाम वरीय पदाधिकारी, महामंत्री आरके सिंह, यूनियन के आफिस बेयरर आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी के हाथों नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। बाद में बारी-बारी से एचआर हेड, ईआर हेड ने भी अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद को अंगवस्त्र व पौधा भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद जी का टाटा मोटर्स से जुड़ाव बहुत पुराना है। इन्होंने ग्राउंड लेवल पर सारी वस्तु स्थिति को देखा है। यूनियन और प्रबंधन हमेशा इनके साथ है। वे कभी अकेला न समझे। कंपनी की आवश्यकता एवं यूनियन की गरिमा को ध्यान में रखकर आगे बढ़े, प्रबंधन हमेशा साथ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यूनियन एवं प्रबंधन वन टीम की हैसियत से मजदूर व कंपनी हित में कार्य करेगी। मैं अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद जी एवं यूनियन की पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं।

महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि शशि भूषण प्रसाद जी शुरू से यूनियन के साथ है। आज भी यूनियन वहीं पुरानी यूनियन है। सिर्फ अवश्यकता अनुसार चेहरा बदला है। शशि भूषण प्रसाद जी पहले भी कंधे से कंधा मिलाकर चलते थे। आज उन्हें बड़ी जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा गया है।

**वर्ल्ड ट्रक में हुआ स्वागत :** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का वर्ल्ड ट्रक में स्वागत किया गया। यहां अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ तथा माला पहनाकर नये अध्यक्ष का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। इस दौरान यूनियन के तमाम कमेटी मेंबर्स, ऑफिस बेयरर तथा आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिंह ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि अध्यक्ष का पद बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में इस पद की गरिमा बनाए रखने के लिए वैसे व्यक्ति का चयन करना जरूरी था जो सबको एक नजर से देखता हो। शशि भूषण जी कुशल व्यवहारिक व्यक्ति हैं। उनका सहयोग यूनियन को प्राप्त होगा। यह पूर्ण विश्वास है। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति से बड़ा संगठन है। संगठन पर कभी आंच नहीं आना चाहिए। यह बात हम सबों को हमेशा याद रखना है।

**बुधवार को प्लांट थ्री में नव मनोनीत अध्यक्ष का होगा स्वागत :** बुधवार को सुबह 9 : 30 बजे प्लांट थ्री के इडेग लाईन में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का स्वागत होगा। सबों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गयी है।

## स्पीड न्यूज

### नारायणपुर-यशपुर केंद्र से 9048 क्विंटल धान खरीदी

**गम्हरिया।** प्रखंड के नारायणपुर व यशपुर लैम्पस में स्थापित अधिप्राप्ति केंद्र से करीब 9048 क्विंटल धान की प्राप्ति हुई है। उसमें से 8617 क्विंटल धान मिल को भी भेज दिया गया है। बीसीईओ सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि यशपुर में 33 किसानों से 1033 .67 तथा नारायणपुर में 203 किसानों से 8014 .29 क्विंटल धान की प्राप्ति हुई है। वहीं यशपुर से 941 तथा नारायणपुर से 7676 .46 क्विंटल धान मिल को भी भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि धान की अधिप्राप्ति जारी है।

### मजदूर दिवस पर घोड़ा बाबा प्रांगण में कार्यक्रम

**गम्हरिया।** कोल्हान मजदूर यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक पूर्व विधायक अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर गम्हरिया स्थित घोड़ा बाबा मंदिर प्रांगण में मजदूरों के लिए कार्यक्रम किया जायेगा। बताया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः दस बजे से किया जायेगा जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक अरविंद सिंह करेंगे। मौके पर मुख्य वक्ता जगदीश नारायण चौबे और केपी सोरेन मौजूद रहेंगे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन बसंत कुमार प्रसाद ने किया।

### बीएसीईटी में हुआ साइंस ओलंपियाड

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर में दिनांक 5 मई को साइंस ओलम्पियाड - 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जमशेदपुर, बहरागोड़ा, चाकुलिआ, घाटशिला, आदित्यपुर, गमहरिआ में स्थित विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के वैज्ञानिक ज्ञान, विश्लेषात्मक क्षमता एवं नवाचार कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

### एक को महारैली करेगी मजदूर जिला समिति

**गम्हरिया।** झारखंड मजदूर यूनियन की जिला समिति 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूर एकता विशाल महारैली करेगी। यह महारैली आदित्यपुर गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण करेगी। आरआईटी थाना क्षेत्र के मिरूडीह स्थित सिदो कान्हो की प्रतिमा स्थल से महारैली आरम्भ होगी जो आरआईटी मोड़ से आदित्यपुर- कांड्रा मुख्य मार्ग होते हुए गम्हरिया थाना मोड़.से सटे उपरबेड़ा मैदान में स्थित मजदूर नेता स्व रतिलाल महतो के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के पश्चात सभा में तबदील होगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष सुनील गोराई ने दी।

### श्रीनाथ विवि में की गयी कार्यशाला

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय छात्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध, कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंगलवार को विवि में उद्यमिता सेल और भौतिक विज्ञान विभाग के द्वारा रोजगार नियोजन और उद्यमिता कौशल विकास पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि डॉ मीता तरफदार थे।

# रोजगार सृजन और महिला स्वावलंबन पर ध्यान दें सभी अधिकारी : जगत माझी

- आनंदपुर में विधायक जगत माझी ने की मासिक समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिया कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**आनंदपुर।** मंगलवार को आनंदपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में विधायक जगत माझी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी नाजिया अफरोज की उपस्थिति में विकास योजनाओं की समीक्षा की। मासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक जगत माझी ने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि कृषि के अलावा रोजगार सृजन और महिला स्वावलंबन की दिशा में खास फोकस करें, ताकि लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकें।



लोगों की समस्याएं सुनते विधायक व उपस्थित फरियादी।

बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए विधायक ने सहायक अभियंता उपेंद्र कुमार को बेड़ाकेंदुदा पंचायत के तरोपडंडा गांव में लाभुकों के घर में मीटर लगाने और हारता पंचायत के गुंडरी के टूटीटोला में जल्द बिजली सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत से संबंधित मामलों को अनावश्यक लंबित नहीं रखने को कहा। विधायक ने कृषि पदाधिकारी नीरज कुमार को किसान समृद्धि योजना के तहत सोलर पंप सेट का आवेदन लेने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने को कहा। साथ ही कृषि पदाधिकारी से मॉडल कृषि गांव के चयन पर चर्चा की। क्षेत्र के लोगों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं केसीसी लोन का लाभ अधिक से अधिक दिलाने को कहा। जेएसएलपीएस और कल्याण विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए रोजगार सृजन पर कार्य करने को कहा। विधायक ने बीडीओ को भालुडुंगरी में कोल्ड स्टोरेज सेंटर को शुरू करने को कहा, ताकि क्षेत्र के किसानों के उत्पाद खराब नहीं हो। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा करते हुए चापाकलों की मरम्मत कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा विधायक ने बाल विकास परियोजना, शिक्षा, पथ निर्माण विभाग, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, अबुआ आवास आदि योजनाओं की समीक्षा की।

### साप्ताहिक जनता दरबार में सुनी समस्याएं

प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में विधायक जगत माझी ने साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित किया। जिसमें दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक से मिलकर अपनी समस्याएं रखी। कई ग्रामीणों ने मौके पर विधायक को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी सौंपा। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए विधायक ने संबोधित विभागों को दिशा निर्देश दिए। जनता दरबार में सड़क, पेयजल, बिजली, पेंशन आदि से संबंधित मामले आये।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने जानी बर्मामाइंस मंडल क्षेत्र के विकास कार्यों की हकीकत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बमार्माइंस मंडल के विभिन्न इलाकों में जिला योजना निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह समेत जमशेदपुर अक्षेस के अभियंतागण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक पूर्णिमा साहू ने ईस्टप्लांट बस्ती के दरबार लाइन और शिव नगर में चल रहे पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठान कार्य, ईस्टप्लांट बस्ती में नाले के निर्माण, मनीफिट में सड़क निर्माण, रामाधीन बगान स्थित छठ घाट के पास चेयर अधिष्ठान तथा सलगाझूड़ी स्थित गैस संचालित शवदाहगृह के पास पथ निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं से कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी जाना।



## एशियाई योगासन खेल प्रतियोगिता में मलय डे ने निभायी निर्णायक की भूमिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** द्वितीय एशिया योगासन खेल प्रतियोगिता 2025 जो दिनांक 25 से 27 अप्रैल 2025 इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित किये गये थे, जिसका उद्घाटन भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्री मनसुख मांडवीया एवं स्वामी रामदेव जी महाराज के सान्निध्य में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। द्वितीय एशिया योगासन खेल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के मलय कुमार डे ने तकनीकी पदाधिकारी के रूप में अपनी अहम भूमिका निभायी। इस प्रतियोगिता में एशिया के विभिन्न 21 देशों के खिलाड़ी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर 87 पदक जिसमें 83 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक एवं 1 कांस्य पदक जीत कर प्रथम स्थान पर रही। श्री डे का कहना है कि यह मेरे लिए परम सौभाग्य एवं गौरव की बात है कि मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्णयाक की भूमिका अदा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। विगत कुछ वर्षों में श्री डे ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, खेलो इंडिया, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में, निर्णायक के रूप में अहम भूमिका अदा की है। श्री डे जो वर्तमान में योगासन स्पोट् 'एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तकनीकी प्रमुख एवं पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। मलय डे को योगासन भारत के महासचिव जयदीप आर्य, अध्यक्ष उदय सेठ, एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने बधाई दी है।



## टिकाऊ और लाभकारी खेती के लिए नैनो उर्वरकों का प्रयोग बेहद जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को पश्चिम सिंहभूम जिला में कार्यरत खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ एटीएम, बीटीएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम इफको ने किया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी अमरजीत कुजूर, डॉ संजय साथी वरीय कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र जगन्नाथपुर, राज्य विपणन प्रबंधक डॉ शशि भूषण समदर्शी, सचिन कुमार अधिकारी कृषि विभाग, मुकेश कुमार डिस्ट्रीब्यूटर इफको उर्वरक पश्चिम सिंहभूम ने अपनी सहभागिता निभायी। खरीफ मौसम में धान एवं अन्य फसलों की खेती के लिए उर्वरक प्रबंधन पर चर्चा करते हुए संकर एवं उन्नत प्रजाति के बीजों का बिचड़ा में जमाव अच्छी तरह से होने के लिए इफको नैनो डी ए पी से शोधन करने के बारे में चंदन कुमार प्रबंधक इफको ने जानकारी दी।



## सोनारी में पांच वर्षीया से दुष्कर्म हत्या मामले में सौतेला पिता बरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विशेष पॉक्सो न्यायाधीश श्रीश दत्त त्रिपाठी की अदालत ने मंगलवार को विशेष पॉक्सो कांड संख्या 56/2020 में सोनारी निवासी 5 वर्षीय सौतेली बेटी से दुष्कर्म और हत्या के सनसनीखेज मामले में एकमात्र आरोपी सुप्रियो घोष उर्फ राजा हिटलर को बरी कर दिया। इस मामले में बचाव पक्ष के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता केएस दास (जॉली दास) और अमित तिवारी थे। अदालत ने आरोपी के खिलाफ अपर्याप्त साक्ष्य के आधार पर बरी करने का फैसला सुनाया, पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित था। घटना के चार साल आठ महीने बाद फैसला आया। यह घटना 31.08.2020 को सामने आई थी जब सोनारी पुलिस सीमा के न्यू कपाली बस्ती इलाके की एक पांच साल की बच्ची (नाम छुपाया गया) अपने घर के बाहर खेलते समय लापता हो गई थी। उसकी मां रजनी पात्रो ने अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों के साथ मृतका को हर जगह खोजा था।

# जय परशुराम के जयकारे से गूंज उठी लौहनगरी

**ब्राह्मण युवा शक्ति संघ**

- भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा, 'जय परशुराम' के जयकारों से शहर गूंज उठा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव के अवसर पर मंगलवार को ब्राह्मण युवा शक्ति संघ के आह्वान पर मानगो स्थित श्री हनुमान मंदिर से साकची शीतला माता मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा की शुरूआत मंदिर में पूजार्चना के पश्चात हुई। भगवा ध्वज, डीजे, ढोल-ताशे और उत्साह से लबरेज श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ भगवान परशुराम की सुसज्जित रथ पर सवारी निकाली गई।



परशुराम जन्मोत्सव के मौके पर शोभा यात्रा में शामिल लोग।

शहर 'जय परशुराम' और 'जय सनातन' के नारों से गूंज उठा। यात्रा का विशेष आकर्षण 12 फीट ऊँचे भगवान परशुराम के छवि चित्र का पूजन रहा, जो शीतला माता मंदिर परिसर में हुआ। इसके बाद महाआरती और भोग-प्रसाद का वितरण किया गया।

ब्राह्मण युवा शक्ति संघ के संस्थापक अप्पू तिवारी ने शोभा यात्रा को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार जताया। उन्होंने कहा, भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण समाज के नहीं, अपितु समस्त सनातन धर्म के रक्षक हैं। हमें उन्हें जातिगत सीमाओं से ऊपर उठाकर पूजना चाहिए।

संघ का उद्देश्य भी यही था कि किसी भी आराध्य को जाति की सीमाओं में न बांधा जाए। यही कारण है कि शोभा यात्रा में सभी समुदायों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान विशेष रूप से पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, कमल किशोर, चंद्रशेखर मिश्रा, जिला पार्षद कुसुम पूर्ति, समाजसेवी विक्रम शर्मा, नकुल तिवारी, वेद प्रकाश उपाध्याय, धर्मेंद्र प्रसाद, नीरज सिंह, विकास सिंह, कुमार संदेश, मुन्ना चौबे, श्रीनिवास तिवारी, लिप्पू शर्मा, दिलीप पांडेय, धनजीत दूबे, नित्यानंद राय, दीपू सिंह, नितिन चंद्र त्रिवेदी भी थे।

## एक नजर में

### बुद्धिजीवी मंच ने मानगो में निकाला कैंडल मार्च



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय बुद्धिजीवी मंच ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को दिनदहाड़े पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा जाति पूछकर पर्यटकों की हत्या के विरोध में डिमना रोड में सैकड़ों की संख्या में बुद्धिजीवी मंच और समाजसेवी काफी आक्रोशित थे। वे तख्तियां लेकर कैंडल मार्च निकाले। जो मंच के मुख्य कार्यालय के पी बिल्डिंग मानगो डिमना रोड से शुरू होकर डिमना चौक पर समाप्त हुई। कैंडल मार्च के बाद सभी लोगों ने घटना के विरोध में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कैंडल मार्च के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि इस हत्या कांड के विरोध में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री आतंकवाद को समाप्त करने के लिए कोई ठोस निर्णय लें। मौके पर मंच के मुख्य संरक्षक राम जी राय, संरक्षक कमल कांत झा, अध्यक्ष जीवछ झा, उमेश चन्द्र सिंह, धनंजय शुक्ला, भीम प्रसाद शर्मा, ललेश पाठक, नवीन कुमार, राधा रमण अग्रवाल, कृष्णा शर्मा, शिव प्रकाश शर्मा, राजेश मिश्रा, पं विपिन झा आदि थे।

### बंद पड़ी राखा कॉपर माइंस चालू करने की तैयारी

**जादूगोड़ा।** जुलाई 2001 से बंद पड़ी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट राखा कॉपर माइंस को 24 साल बाद चालू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इधर, 9, 10 व 13 मई को कंपनी के आसपास के छह गांव में जनसुनाई की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इस बाबत मुसाबनी सीओ ऋषिकेश मरांडी ने विधिवत नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस के तहत 9 मई को कुमीमुढ़ी व रुआम, 10 को तेतुलडागा व माटीगोंडा व अंतिम दिन 13 को कुलामारा व इंचडा में राखा कॉपर। माइंस की 98 .932हेक्टेयर भूमि एफ आर ए 2006 के अनुसार जो वन भूमि क्षेत्र में है अनापति प्रमाणपत्र हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। पत्र को प्रतिलिपि एच सी एल / आई सी सी के कार्यकारी निर्देशक, उपायुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की भेजी गई है।

### जादूगोड़ा में मनी पूर्व विधायक सनातन की पुण्य तिथि



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा से सटे बाली जुड़ी में पोटका के पूर्व विधायक सह झारखंड आंदोलनकारी स्व सनातन माझी की चौथी पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके कर बालीजुड़ी चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर सुशील हांसदा ने कहा कि शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे सरल व मृदुभाषी स्वभाव को वजह से सभी के चहेते थे। मौके पर पोटका विधायक की गैरमौजूदगी में उनकी पत्नी रोनिता सरदार, सुशील हांसदा, मोचीराम हांसदा, असित मंडल, परिमल मंडल, तुषार मंडल, देव पालित, कुशो मंडल मौजूद थे।

### होटल मधुबन में इसरो की कार्यसमिति बैठक



**जमशेदपुर।** मंगलवार को स्थानीय होटल मधुबन में औद्योगिक संगठन इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आगेर्नाइजेशन (इसरो) की मासिक कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम इसरो के संस्थापक सदस्य सह लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव एवं बिहार प्रभारी स्वर्गीय काशीनाथ सिंह जी के आकस्मिक निधन पर 1मिनट का मौन रख कर समिति के द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर स्व काशीनाथ सिंह के सुपुत्र श्री पंकज सिंह भी उपस्थित थे। समिति के उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वर्गीय काशीनाथ सिंह संग बिताये अपने अनुभवों को साझा करते हुए उनके अचानक देवलोक गमन पर औद्योगिक क्षेत्र मे आई रिक्तता की चर्चा की। इंद्रदेव प्रसाद, रुपेश कतरियार पंकज झा, समीर सिंह, संदीप मिश्रा, राजीव शुक्ला, नीरज मिश्रा ने काशीनाथ सिंह संग बिताये अनुभव को साझा किया। बैठक में इंद्रदेव प्रसाद, रुपेश कतरियार, समीर सिंह विकास गर्ग, संदीप मिश्रा, बिनय सिंह, सौरव चौधरी पंकज झा, राजीव शुक्ला,, इंद्रजीत सोखी राजेंद्र मोदी, अवनीत मूतरेजा, असीम कॉंडुलना, अरुण प्रसाद, शंभू मोदी, प्रदीप विजय श्रीवास्तव, शशि सिन्हा, कुमार विवेक, विवेक गर्ग, मनोज सिंह राकेश कुमार, तरुण अदक नीरज मिश्रा, गौतम महापात्र उपस्थित थे।

### सामग्रियों का स्वदेशीकरण : रणनीतिक क्षेत्र में चुनौतियां और अवसर पर हुआ उद्योग सम्मेलन

**जमशेदपुर।** मंगलवार को प्रतिष्ठित संस्थान सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह के अंतर्गत ह्यसामग्री का स्वदेशीकरण -2025) : रणनीतिक क्षेत्र में चुनौतियां और अवसर शीर्षक पर एक दिवसीय उद्योग सम्मेलन शुरू हुआ। यह सम्मेलन अग्रणी निर्माता, प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं विकास केन्द्रों और संभावित अंतिम उपयोगकर्ताओं के बीच बातचीत, ज्ञान/सूचना के आदान-प्रदान और आगे बढ़ने की खोज हेतु एक स्पेक्ट्रम प्रदान करती है, जिसमें वैश्विक मानक को मानक मानते हुए रणनीतिक क्षेत्रों हेतु सामग्रियों के स्वदेशीकरण पर प्राथमिकता देती है। जसबीर सिंह सोलंकी, सीईओ, नौसेना प्रणाली, होमलैंड और साइबर सुरक्षा, महिंद्रा डिफेंस, पुणे इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरूआत मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने संबोधन दिया। अपने आरंभिक भाषण में उन्होंने देश के वर्तमान तकनीकी-वाणिज्यिक परिदृश्य में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता और प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे सम्मेलनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

## स्पीड न्यूज

### धर्मराज मिश्र बने पड़वा अंचल के सीआई



**पड़वा पलामू।** सीआई सह राजस्व कर्मचारी धर्मराज मिश्रा पंडवा अंचल के नये सीआई बनाये गये हैं। पंडवा बीडीओ सह सीओ डॉ अमित झा की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में निवर्तमान सीआई सह राजस्व कर्मचारी रणबिजय ठाकुर ने श्री मिश्रा को प्रभार सौंपा। पंडवा अंचल के सीआई के अतिरिक्त श्री मिश्र हल्का नंबर दो लोहड़ा के राजस्व कर्मचारी का भी दायित्व निभायेंगे। डॉ झा ने श्री मिश्रा को अपने दायित्व का समुचित निर्वहन करते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा। प्रभार ग्रहण के बाद श्री मिश्रा ने कहा कि वे पूरी निष्ठा, लग्न व ईमानदारी के साथ दायित्व निभायेंगे।

### कुटमू पचमा में मना दुगोला कार्यक्रम



**पांडू पलामू।** प्रखंड के कुटमू पचमा में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण पर रात्रि में दुगोला कार्यक्रम किया गया। जिसका शुभारंभ पांडू प्रखंड के जिप सदस्य मीना देवी ने किया। अध्यक्षता रामबचन राम ने की। मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर रामलाल राम, सोहर राम, अशोक गुप्ता, रघुनाथ सिंह, कृष्णा बैठा, शंभू मेहता, अशोक गुप्ता, अजीत विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी : लवली गुप्ता



**पांकी पलामू।** पांकी सहिया संघ ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर एक कार्यक्रम किया। जिसमें भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पांकी पूर्वी के पूर्व जिप सदस्य लवली गुप्ता ने शिरकत किया। श्रीमती गुप्ता ने एक राष्ट्र एक चुनाव के फायदे गिनाये। कहा कि देश को एक राष्ट्र एक चुनाव चुनाव से चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों में खर्च में कमी आयेगी एक साथ चुनाव होने से सरकारी नीतियों पर ध्यान केंद्रित कर सकेगी। सरकारों को स्थिरता मिलेगी।

### हमले के खिलाफ निकला कैंडल मार्च



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के पूर्वडीहा में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च बाबापतिथर हनुमान मंदिर के प्रांगण से शुरू कर टेंपो स्टैंड तक पूरे ग्राम वासियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व पूर्वडीहा मुखिया संतोष दुबे ने किया। श्री दुबे ने कहा कि धर्म पूछ कर मारने वाले आतंकवादी के आतंक का सफाया धर्म बता कर मारने से होगा। मौके पर रतन दुबे, ओम प्रकाश दुबे, संजय दुबे, कन्हैया दुबे, चंदन दुबे, छोटू दुबे, रणधीर पासवान समेत कई लोग शामिल थे।

### शोक सभा में आतंकी हमले की निंदा



**पाटन पलामू।** प्रखंड के जहांसी मुखिया पिंकी देवी एवं समाजसेवी मुकेश सिंह ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में मारे गये निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। अध्यक्षता मुखिया पिंकी देवी ने की। मौके पर सभी पंचायत कर्मी उपस्थित थे। मुखिया एवं मुकेश ने कहा कि आतंकियों ने घृणित कार्य किया है इसका पुरजोर जवाब अब आतंकियों को मिलना चाहिए। मुकेश सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को अब भारत सरकार मुंहतोड़ जवाब दे। देश की जनता की बस यही मांग है।

### सदीक चौक से चार संदिग्ध हिरासत में



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सदीक चौक के पास टेंपो सवार महिलाएं अचानक आपस में भिड़ गयीं। जब ट्रैफिक पुलिस उनके पास पहुंची वे संदिग्ध लगीं। पुलिस ने चारों को हिरासत में लेते हुए शहर थाना को सुपूर्द कर दिया। शहर थाना इंचार्ज दीपक कुमार ने बताया कि एक टेंपो में चार-पांच महिलाएं सवार थी। जिसमें से एक महिला की चेन छिनतई की गयी। उसने विरोध की। इसे लेकर जांच की जा रही है। हिरासत में संजना देवी, मीना देवी, अंजनी देवी व रविना देवी की जब तलाशी ली गयी तो उनलोगों के पास से कई गहने बरामद हुए हैं। पूछताछ की जा रही है। सभी महिलाएं जौनपुर के रहनेवाले बता रहे हैं।

### संविधान बचाओ महा रैली को ले बैठक




**हुसैनाबाद पलामू।** संविधान बचाओ महारैली की तैयारी को लेकर हुसैनाबाद ग्रामीण, मोहम्मदगंज, हैदरनगर प्रखंड मे बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लालू सिंह ने की। बैठक के मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, विशिष्ट अतिथि प्रखंड पर्यवेक्षक अरविंद पासवान और धनंजय तिवारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि आगामी तीन मई को रांची में होने वाली संविधान बचाओ महारैली अब छह मई को होगा। संविधान बचाओ महा रैली को सफल बनाने के लिए पलामू जिला के सभी प्रखंडों में लगातार बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के छात्रों युवाओं के साथ-साथ विभिन्न समुदाय के अधिकार का हनन किया जा रहा है। संविधान के अनुसार देश की शासन व्यवस्था नहीं चल रहा है बल्कि संविधान के प्रावधानों को कुचलकर तानाशाही रवैया के साथ निर्गुण शासन प्रणाली अपनायी जा रही है।

सांसद बीडी राम और युवा नेता प्रशांत किशोर ने तीसीबार में किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

# प्रधानमंत्री जन मन योजना से होगा सुदूरवर्ती क्षेत्र का विकास : बीडी राम

■ क्षेत्र के विकास का प्रतीक है बेहतर सड़क : प्रशांत किशोर

खबर मन्त्र संवाददाता




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सांसद, युवा नेता प्रशांत किशोर व अन्य।

**पाटन पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम एवं युवा नेता प्रशांत किशोर ने पाटन प्रखंड के अति सुदुरवर्ती क्षेत्र तीसीबार में सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। यह सड़क प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत लगभग आठ किलोमीटर तीसीबार पुल से चेतमा पिकेट तक बनाया जायेगा। आजादी के बाद पहली बार इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोच है कि अति सुदूरवर्ती क्षेत्र जहां आदिवासी, आदिम जनजाति के लोग रहते हैं वहां पर मुलभूत सुविधा पहुंच सके। इसी के तहत प्रधानमंत्री जन मन योजना लायी गयी है। इसके तहत लोगों को सभी सुविधाएं पहुंचाया जा रहा है। कहा कि पूरे पलामू जिला में प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत 39 सड़क का अनुशंसा कर भेजा गया है जिसका काम जल्द कराया जायेगा। जन मन योजना से सुदुरवर्ती क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि पाटन में पांच सड़क का निर्माण कार्य किया जायेगा। सांसद ने बताया कि 17 सड़क का बनकर बनकर तैयार है जिसमें कार्य जल्द शुरू होगा। जो भी सड़क नहीं बन पायी है वे सभी प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत जल्द निर्माण कराया जायेगा।

# सांसद बीडी राम व युवा नेता प्रशांत किशोर ने बुका के बच्चों के बीच बांटी पाठ्य सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** प्रखंड के अति सुदुरवरती क्षेत्र बुका ग्राम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं युवा नेता प्रशांत किशोर ने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरण किया। सांसद विष्णु दयाल राम एवं युवा नेता प्रशांत किशोर ने बच्चों से संवाद कार्यक्रम किया। इस दौरान बच्चों को पढ़ने के लिए उत्साहित किया गया। बुका ग्राम पाटन प्रखंड का आदीम जनजाति बहुल इलाका है। इसका आयोजन पाटन बीडीओ अमित कुमार के द्वारा आयोजित किया गया था। सांसद एवं युवा नेता के द्वारा बच्चों से संवाद कार्यक्रम में बुक्का ग्राम के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों को पढाई पर विशेष ध्यान देने के लिए सांसद एवं युवा नेता प्रशांत किशोर ने लोगों से कहा। इस दौरान बच्चों में विशेष खुशी देखी गयी।

उपस्थित लोगों से युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी समाज का विकास हो पायेगा। शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं है इसलिए अभिभावक अपने बच्चों के पढ़ाई पर विशेष ध्यान रखें। युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि सरकार के द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए अनेक योजनाएं चला रही है उसकी जानकारी प्राप्त करें एवं लाभ उठावें सरकार के द्वारा इस कुलों में सारी सुविधाएं दिये जा रहे हैं जिससे बच्चों को पढाई में कोई दिक्कत नहीं हो। मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी, मुखिया सुमन गुप्ता, मुखिया हरेंद्र सिंह, पाटन बीडीओ अमित झा, पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव, ईश्वरी पाण्डेय, राजकमल तिवारी, अलख पांडेय, लक्ष्मण दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

झारखंड-बिहार सीमा स्थित कजरात नावाडीह में शराब कारोबारियों पर पुलिस छापा

# 25 लीटर देसी शराब, अंग्रेजी शराब की बोतल, बर्तन बरामद

■ शराब कारोबारियों के परिजनों ने आसपास के ग्रामीणों के साथ की गाली गलौज, ईंट पत्थर भी चलाये

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। हुसैनाबाद सहित पूरे पलामू में कई शराब कारोबारियों को जेल भेजा जा चुका है। मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद थाना के दंगवार ओपी के झारखंड एवं बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र कजरात नावाडीह में हुसैनाबाद एस आई सुबोध कुमार, दंगवार ओपी में तैनात ए एस आई विजय सिंह तथा हुसैनाबाद थाना एवं दंगवार ओपी पुलिस ने अवैध शराब निर्माण एवं व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ छापेमारी की।



इस दौरान कजरात गांव में शिव लखन पासवान, हरिलाल पासवान, रामशीष पासवान, नीतू कुंवर के घरों में छापेमारी किया जिसमें लगभग 25 लीटर देशी शराब, अंग्रेजी शराब की खाली बोतल, बर्तन, ग्लास आदि जब्त किया। हालांकि पुलिस की आने की भनक लगते ही सभी कारोबारी भाग निकले। वहीं ग्राम कजरात बिगहा पर में तपेश्वर पासवान के घर में भी छापेमारी की। वहीं प्रशासन के छापेमारी कर जाने के बाद शराब कारोबारियों एवं उनके परिजन आस पास के लोगों के साथ गाली गलौज करने लगे एवं ईंट पत्थर चलाने लगे। जिसकी सूचना दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता को दी गई जिसके बाद दंगवार ओपी में तैनात ए एस आई विजय कुमार सिंह, हवलदार जगदीश व पुलिस कर्मी वहां पहुंचे एवं कड़ी मशक्कत के पश्चात किसी प्रकार से शराब कारोबारियों के परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। हालांकि इस दौरान शराब कारोबारियों के घरों के महिलाएं पुलिस प्रशासन को भी खरी खोटी सुना दी। वहीं शराब कारोबारियों के इस कारनामें के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस से कजरात में पूर्ण रूप से शराब का कारोबार बंद कराने की मांग की है। यदि पूर्ण रूप से शराब का कारोबार बन्द नहीं किया गया तो इसकी शिकायत जिले के पुलिस कप्तान, उपायुक्त, मद्य निषेध अधिकारी को दी जायेगी।

# पलामू के शिक्षा जगत में प्राचार्य डॉ जीएन खान ने बनाया कीर्तिमान : दीपक तिवारी

■ डॉ खान ने डीएवी ग्रुप को ऊंचाइयों पर पहुंचाया
■ इंडियन रोटी बैंक ने डीएवी के प्राचार्य डॉ जीएन खान को उनके स्थानांतरण पर दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



डॉ जी एन खान को स्थानांतरण के बाद विदाई देते पलामू के लोग।

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक की ओर से डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ जीएन खान के स्थानांतरण उपरांत विदाई दी गई। इंडियन रोटी बैंक के झारखंड प्रदेश कोर्डिनेटर दीपक तिवारी के नेतृत्व में संरक्षक अभिमन्यु सिंह, शहर के वरिष्ठ व्यवसायी चंद्रशेखर मेहता आदि एमके डीएवी स्कूल, चियांकी पहुंचकर प्राचार्य डॉ जीएन खान को गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए ससम्मान विदाई दी। मौके पर दीपक तिवारी ने डीएवी डालटनगंज में प्राचार्य रहे डॉ खान के कार्यकाल को पलामू के लिए स्वर्णिम बताया। उन्होंने कहा कि डॉ खान बहुत ही मृदुभाषी एवं कुशल प्रशासक के रूप में यहां रहे। प्राचार्य की भूमिका में यहां रहते हुए उन्हें एआरओ झारखंड जोन-1 का भी नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। इनके कार्यकाल में पलामू के कई विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की। वहीं विद्यालय में शिक्षा, अनुशासन के साथ-साथ पलामू जिले में शिक्षा का विकास एवं विस्तार हुआ। इनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या में भी इजाफा हुआ। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई। डॉ खान पलामू में कुशल प्रबंधन क्षमता का परिचय दिया। दीपक तिवारी ने यहां आये नये प्राचार्य से भी शिक्षा की बेहतरी पर उम्मीद जतायी।

### सदर थाना पुलिस ने तीन वारंटियों को भेजा जेल



**मेदिनीनगर।** सदर थाना अंतर्गत अलग-अलग कांडों में वांछित वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें अजमानतीय वारंटी लव कुमार सिंह उम्र 28 वर्ष पिता कैलाश सिंह ग्राम सिंगर खुर्द, किरण देवी उम्र 45 वर्ष पति अरविंद तिवारी ग्राम बड़कागांव व सविता देवी उम्र 35 वर्ष प्रति मुनरिका राम ग्राम पोखराहा कला का नाम शामिल है। पुलिस के उक्त लोगों की पूर्व से ही तलाश थी।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**पाटन पलामू।** प्रखंड के किशुनपुर पंचायत के जेएसएलपीएस के सीएलएफ किशुनपुर पंचायत भवन में उमंग परियोजना के तहत ग्राम संगठन के पदाधिकारी उन्मुखीकरण कार्यक्रम जेएसएलपीएस एवं पीसीआई इंडिया के तरफ से पाटन प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। मौके पर मुखिया सुमन गुप्ता, पीसीआई जिला प्रतिनिधि सुमन कुमारी, पाटन जेएसएलपीएस बीपीएम योतिंद्र ज्योति, बीपीओ प्रमोद सोनी, किशुनपुर सीआईएफ अध्यक्ष अनिता देवी, सीसी विकास यादव, यशोदा मुंडा, आरती कुमारी, पूजा कुमारी, शिला देवी एवं मेंबर उपस्थित थे।

### टीपीसी ने ट्रैक्टर जलाया

**पाटन पलामू।** सतौआ पैक्स में ट्रैक्टर को टीपीसी के द्वारा जला दिया गया। जानकारी के अनुसार सरकार के द्वारा सतौआ पैक्स में किसानों के कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर दिया गया था लेकिन उस ट्रैक्टर से अवैध बालू का कारोबार किया जा रहा था। टीपीसी के ट्रैक्टर जलाने से काफी नुकसान हुआ है।

### लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ पर एफआईआर लोकतंत्र और संविधान पर हमला है : इप्टा

**मेदिनीनगर।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की झारखंड इकाई ने लोकगायिका नेहा सिंह राठौड़ पर दर्ज एफआईआर की घोर निंदा करते हुए लोकगायिका नेहा के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है। झारखंड के महासचिव अर्पिता, उपेंद्र कुमार मिश्रा एवं तमाम रंगकर्मियों ने सरकार के इस कार्रवाई को सत्ता द्वारा जन आवाजों को कुचलने की शर्मनाक कोशिश करार देते हुए इसे लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार अपनी नाकामी को इसी तरह की करगुजारियों से छिपाने की कोशिश कर रही है। नेहा सिंह राठौड़ के गीत जनता के गीत है। उनकी आवाज हर उस आम आदमी की आवाज है, जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहता है। कहा गया कि यदि इस एफआईआर को तुरंत रद्द नहीं किया गया तो इप्टा देशव्यापी सांस्कृतिक प्रतिरोध का अभियान छेड़ेगी।

# भगवान परशुराम का वंशज होना गौरव की बात है : अजय तिवारी

■ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मनाया प्रभु परशुराम का जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मंगलवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। मौके पर लेस्लीगंज के कोट खास स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने भगवान परशुराम जी की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद पूजा आरती कर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह की अध्यक्षता महासभा के लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष जयराम तिवारी ने की और संचालन नरेंद्र मिश्रा ने किया। महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष श्री तिवारी ने ब्राह्मण समाज के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। व्यास प्रेम गिरी व अंकू राय ने भजन प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

# पांकी पुलिस ने तीन लुटेरों को किया गिरफ्तार लूट के मोबाईल, कार व अन्य सामान बरामद

■ गिरफ्तार लुटेरे पेशेवर हैं : पूनम टोप्पो

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र में 24 मई को तीन लुटेरों ने घातक हथियार का भय दिखाकर विकास कुमार राम से दो मोबाईल, स्विफ्ट डिजायर कार व सात हजार रूपये नगद लूट लिये गये थे। इस मामले में विकास कुमार ने पांकी थाना में अज्ञात लूटेरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था।

इस लूटकांड की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर मामले का उदभेदन करने का निर्देश दिया था। सदर एसडीपीओ के मार्ग दर्शन पर पुलिस निरीक्षक पुनम टोप्पो के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना एवं तकनीकी शाखा के सहयोग से तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक पुनम टोप्पो ने बताया कि विकास कुमार से लूटा गया मोबाईल व अन्य सामान बरामद कर लिये गये हैं।

## पलामू के पांच बच्चे स्केटिंग में एसजीएफआई नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** दिल्ली में आयोजित होने वाली एसजीएफआई नेशनल स्केटिंग में पलामू के पांच बच्चों का चयन हुआ है। झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के द्वारा चयन प्रतिभागियों के लिए 28 अप्रैल तक रांची के खेलगांव में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया था। सभी प्रतिभागियों के रहने के साथ-साथ भोजन आदि की पूरी व्यवस्था थी। इन बच्चों के रांची फेडरेशन के नेशनल रेफरी राजेश कुमार राम ट्रेनिंग दे रहे हैं। साथ ही शिक्षा विभाग के सुभाष कुमार सभी बच्चों को अपनी निगरानी में रखे हैं। ये बच्चे रांची से झारखंड स्वर्ण जयंती ट्रेन से दिल्ली जायेंगे। दिल्ली में नेशनल स्कूल गेम फेडरेशन के तत्वावधान में होने वाले प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बच्चों को छत्रपाल स्टेडियम में 29 को उपस्थिति दर्ज करानी है। 30 से 5 मई तक स्केटिंग होगा।

# गुरी ग्राम पंचायत में समारोहपूर्वक मनी भगवान परशुराम की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



भगवान परशुराम को नमन करते अतिथि।



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के गुरी पंचायत स्थित प्रकाश पुस्तकालय परिसर में मंगलवार को भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी। समारोह रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट व प्रकाश पुस्तकालय ने किया था। समारोह की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष विशेष पूजा अर्चना कर की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के संस्थापक मिथलेश मिश्रा ने की। समारोह के दौरान समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को आयोजकों ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने कहा कि भगवान परशुराम का अवतार त्याग, तपस्या व अत्याचारियों के विनाश के लिए समर्पित रहा। उन्होंने लोगों से भगवान परशुराम के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने भी उनके सद्कार्यों का उल्लेख किया।

# गड़ेरियाडीह में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एक से, सभी तैयारी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड क्षेत्र के गड़ेरियाडीह में श्रीश्री 1008 श्री उदय नारायणाचार्य त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ की शुरुआत एक मई को कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। स्वामी उदय नारायणाचार्य ने बताया कि दुर्गा माता मंदिर में मूर्ति स्थापना के अवसर पर लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ को लेकर एक मई को कलश यात्रा निकलेगी एवं छह मई को पूणार्हुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अरूण पाल एवं बसंत पाल ने बताया कि महायज्ञ की लगभग सभी तैयारी पुरी कर ली गयी है। कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से निकल कर सिक्का सूर्य मंदिर के पास दुर्गावती नदी पहुंचेगी जहां से श्रद्धालु कलश में जल भरेंगे। अध्यक्ष ने बताया कि महायज्ञ में प्रवचनकर्ता भाग लेंगे जिसमे मध्य प्रदेश चित्रकूट से सीताराम जी महाराज, वाराणसी से रघुवंशाचार्य जी महाराज, गया से शिवशंकर जी महाराज एवं वृंदावन से भजन गायिका राधिका जी भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि महायज्ञ में बाहर से आएं साधु संतो एवं श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

### सुख शांति और समृद्धि के लिए यज्ञ जरूरी : उदय नारायणाचार्य

श्री श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री श्री 1008 उदय नारायणाचार्य ने कहा कि इलाके में सुख शांति व समृद्धि के लिए धार्मिक आयोजनों का होना जरूरी है। इस तरह महायज्ञ धार्मिक व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बहुत जरूरी है। पांच दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार एवं प्रवचन सुनने लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी वहीं महायज्ञ में हवन से निकलें धुंआ से इलाके का वातावरण शुद्ध होगा। प्राचीन काल से देखा गया है कि पृथ्वी पर जब जब संकट उत्पन्न हुआ है तो संकट से उबारने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जाता था। समस्याओं का समाधान भी होता था।

# विद्यालय भवन के प्रांगण में आंगनबाड़ी भवन निर्माण सरासर गलत है : नवनीत



स्कूल प्रांगण में बन रहा आंगनबाड़ी भवन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत के पूर्व उपमुखिया नवनीत कुमार दूबे ने उपविकास आयुक्त पलामू को आवेदन देकर विद्यालय भवन के प्रांगण में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र भवन पर यथाशीघ्र रोक लगाने की मांग की है। नवनीत ने आवेदन में लिखा है कि पूर्वडीहा गांव में कई जगह सरकारी जमीन उपलब्ध है। बावजूद विद्यालय प्रांगण में आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाना समझ से परे है। उन्होंने लिखा है कि उत्क्रमित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तुर्क तलेया का जमीन मेरे पूर्वजों ने विद्यालय भवन के लिए दान किया है जिस पर आंगनबाड़ी केंद्र बनना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा कन्या प्राथमिक विद्यालय तुर्क तलेया के प्रांगण में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिससे बच्चों के शैक्षणिक क्रियाकलाप, खेलकूद, प्रार्थना सभा के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने इस निर्माण कार्य का विरोध किया है और निर्माण कार्य को कहीं दूसरे जगह सरकारी जमीन पर निर्माण कराने का आग्रह किया है।

# शिक्षक पर शराब सेवन कर स्कूल आने और मध्यान्ह भोजन में अनियमितता का आरोप

## ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रंका प्रखंड के बिश्रामपुर पंचायत अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय कसमार में तैनात शिक्षक ब्रजेश सिंह पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि शिक्षक नियमित रूप से शराब पीकर स्कूल आते हैं और पढ़ाई नहीं कराते, जिससे बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में 30 बच्चों का नामांकन है, परंतु शिक्षण व्यवस्था की बदहाली के कारण महज 5 बच्चे ही स्कूल आते हैं। इसके अतिरिक्त दो वर्षों से अल्पाहार और मध्यान्ह भोजन योजना पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मध्यान्ह भोजन योजना का राशन शिक्षक द्वारा बेचा जा रहा है और उसकी राशि से शराब खरीदी जाती है। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना प्राथमिकता है और शिक्षकों की जवाबदेही तय की जाएगी। ग्रामीणों ने शिक्षक ब्रजेश सिंह को तत्काल हटाने और विद्यालय में सुचारू पठन-पाठन व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। इस प्रकरण को लेकर स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

## सीएसएफ सुरक्षाकर्मी के लिए प्रखंडवार पंजीयन शिविर 2 से

**मेदिनीनगर।** सीएसएफ सुरक्षाकर्मी के लिए पंजीयन शिविर को आयोजन पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में होगा। एसडीओ सुलोचना मीणा ने अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में शिविर आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी हैं। दो मई से शिविर का आयोजन विभिन्न तिथियों में 10:30 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक किया जायेगा। पहले दिन रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया जायेगा। वहीं 3 मई को चैनपुर, 7 मई को उंटारी रोड, 8 मई को पांडू, 9 मई विश्रामपुर, 13 मई पंडवा, 14 मई नावाबाजार, 15 मई मनातू, 16 मई पाटन, 17 मई तरहसी, 19 मई नीलाम्बर-पीताम्बरपुर, 20 मई सतबरवा, 21 मई मेदिनीनगर एवं 22 को पांकी में आयोजन किया जायेगा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना नानी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भवनाथपुर बाजार में मंगलवार को पारिवारिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति को संजोने के उद्देश्य से दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के संरक्षक बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, बबन साह, भूमि दाता कामेश्वर साह, सचिव राम सुरेश राम, सह सचिव काशी राम, कोषाध्यक्ष बजरंगी साह और प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माता व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज की पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकती जा रही है, जिससे संयुक्त परिवार टूट रहे हैं और बच्चे अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से बच्चों में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है और भारतीय संस्कृति का संरक्षण होता है। कार्यक्रम में बहनों ने स्वागत गीत, नृत्य और दादी अम्मा दादी अम्मा मान जाओ पर प्रस्तुत नन्हे बच्चों का नृत्य दर्शकों के दिलों को छू गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के चरण धोकर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संरक्षक बैजनाथ गुप्ता और अन्य अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार और रीता चौबे ने किया। वंदे मातरम के साथ आयोजन का समापन हुआ। मौके पर आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, प्रीति शर्मा, अरुण कुमार, अजीत कुमार, रमेश विश्वकर्मा, इन्द्रजीत गुप्ता, रामकेवल साह, मनीष पटेल, अमन कुमार, नीता गुप्ता, अमृता पाठक, सुगन देवी, बिरेन्द्र बैठा आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा डीसी ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्यायें, कहा

# समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटायें अधिकारी : शेखर जमुआर

खबर मन्त्र संवाददाता




**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन हुआ। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 20 से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। डीसी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना।

संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से राशन कार्ड में त्रुटि, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि मुआवजा, जाति प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में आवेदन संबंधी परेशानी और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर शिकायतें प्राप्त हुईं। छतरपुर से आए गिरिजा प्रसाद ने अपनी जमीन के मुआवजे का मामला उठाया, जिसे डीसी ने संबंधित अंचलाधिकारी के माध्यम से शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

वहीं डंडा प्रखंड के ग्राम कोरटा के विकास कुमार महतो ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन में आ रही दिक्कतों की जानकारी दी।

डीसी ने जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक को समस्या सुलझाकर आवेदन स्वीकृत करने को कहा। डीसी जमुआर ने अधिकारियों से कहा कि जनता दरबार में आई समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सेतु बनाना है, ताकि लोग अपनी बात सीधे शीर्ष अधिकारियों तक पहुंचा सकें और समयबद्ध समाधान मिल सके।

## टीचर्स नीड्स असेसमेंट के अंतिम दिन: 132 शिक्षकों ने लिया भाग

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय मेदिनीनागर में आयोजित टीचर्स नीड्स असेसमेंट कार्यक्रम में सदर प्रखंड के कुल 132 शिक्षकों ने भाग लिये। यह कार्यक्रम प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था, पूर्व में प्राथमिक शिक्षकों का असेसमेंट सम्पन्न हो गया था। उच्च प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए टीचर नीड्स असेसमेंट का आज अंतिम दिन था। ज्ञात हो कि बीते पांच दिनों से चल रहे शिक्षकों का ऑनलाइन मूल्यांकन सेंटा ऐप्प के माध्यम से किया जा रहा है। शिक्षकों के असेसमेंट के अंतिम दिन कुल 134 शिक्षकों को नामित किया गया था, जिनमें से 132 शिक्षक उपस्थित रहे।

# झामुमो भवनाथपुर में गुटबाजी चरम पर

पहलगाम हमले के विरोध मार्च में दिखा संगठनात्मक बिखराव



खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में झामुमो के आंतरिक हालात इन दिनों ठीक नहीं हैं। हाल ही में गठित नई कमिटी को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच भारी असंतोष व्याप्त है, जिससे पार्टी गुटबाजी की गिरफ्त में आ गई है। संगठन में दो से तीन गुट साफ तौर पर सक्रिय दिख रहे हैं। पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नई कमिटी में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया, जिससे उनमें गहरी नाराजगी है। इस असंतोष का असर सोमवार शाम आयोजित प्रतिवाद मार्च में साफ दिखाई दिया, जो कि पहलगाम आतंकी हमले की याद में आयोजित किया गया था। झामुमो द्वारा खरौंधी मोड़ से कपूरी चौक तक निकाले गए इस प्रतिवाद मार्च में महज एक दर्जन कार्यकर्ता ही शामिल हुए, जो संगठन की गिरती साख और आंतरिक समन्वयहीनता को उजागर करता है। ाार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस स्थिति को चिंताजनक बताया है और नेतृत्व से जल्द हस्तक्षेप कर आपसी मतभेदों को दूर करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते संगठन को एकजुट नहीं किया गया, तो इसका खामियाजा आगामी चुनावों में भुगतना पड़ सकता है।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(नजारत शाखा)

:-अति अल्पकालिन निविदा-:

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व, निबधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2950 (10)/रा, दिनांक 02.08.2019 में प्राप्त निदेश के आलोक में कोडरमा जिले के परिसदन का रख-रखाव एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु वाह्य स्त्रोत के माध्यम से निम्नांकित आवश्यक शर्तो के साथ झारखण्ड राज्य के विभिन्न संचालन संस्था एवं प्रतिष्ठानों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

अतः कोडरमा जिला के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर उल्लेखित विस्तृत शर्तो/निहित निर्देश के अनुसार निविदादाताओं के द्वारा **दिनांक 10/05/2025 के 01:00 बजे अपराह्न** तक उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा के नजारत शाखा में स्वयं अथवा निबंधित डाक के माध्यम से उपायुक्त, कोडरमा, जिला नजारत शाखा, कोडरमा समाहरणालय के पते पर निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 10/05/2025 को **03:00 बजे अपराह्न** अपराह्न समाहरणालय के सभाकक्ष में खोला जायेगा, जिसमें आप स्वयं अथवा आपके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 351317 District(25-26).D


# स्पीड न्यूज

## दर्दनाक सड़क हादसा में युवक की घटनास्थल पर मौत, दो गंभीर



**रंका।** रमकंडा प्रखंड अंतर्गत रतोही गांव के समीप मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान भंडरिया थाना क्षेत्र के बीचका गांव निवासी 20 वर्षीय राजकुमार सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायल उसी गांव के 60 वर्षीय मुनेश्वर सिंह और युवती ललिता कुमारी को प्राथमिक इलाज के लिए रमकंडा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर रमकंडा की ओर जा रहे थे, तभी रतोही मोड़ के समीप एक अन्य वाहन को पास देने की कोशिश में बाइक असंतुलित हो गई और सीधा बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि राजकुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही रमकंडा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

## स्व. कृत्यानंद श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर लायंस ग्रीन ने दी श्रद्धांजलि




**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने अपने संस्थापक सदस्य एवं समाजसेवी स्व. कृत्यानंद श्रीवास्तव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। स्व. कृत्यानंद श्रीवास्तव ने गंभीर किडनी रोग से पीड़ित होने के बावजूद रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए हजारों लोगों की जान बचाई थी। सभा का आयोजन सदर अस्पताल परिसर में स्थित स्व कृत्यानंद की प्रतिमा के समक्ष किया गया, जहां क्लब के सदस्यों और परिजनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब अध्यक्ष उमाकांत पाण्डेय, द्वितीय उप जिलापाल कंचन साहू, रवि अग्रवाल सहित अन्य वक्ताओं ने उनके कार्यों को याद करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा सदर अस्पताल के सभी वार्डों व कुपोषण विभाग में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण भी किया गया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल, फूड फॉर हंगर चेयरमैन संतोष अग्रवाल, डॉ पातंजलि केशरी, सचिव नीरज कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र जायसवाल, प्रकाश शंकर गुप्ता, विजय सोनी, अरविंद गुप्ता, दिव्यानंद श्रीवास्तव, कुसूम पाण्डेय, स्व कृत्यानंद के परिजन उपस्थित थे।

## स्व. सरस्वती देवी की पुण्यतिथि पर साप्ताहिक भंडारे में बांटा गया भोजन



**गढ़वा।** शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को सोशल वर्कर संस्था द्वारा आयोजित साप्ताहिक भंडारे में जरूरतमंदों के बीच पूड़ी-सब्जी, बुंदिया, रसगुल्ला और दही का वितरण किया गया। यह आयोजन स्व सरस्वती देवी की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया, जिसमें उनके परिजनों ने सहयोग किया। मौके पर मुख्य अतिथि टिंकू केशरी ने कहा कि पुण्यतिथि पर गरीबों को भोजन कराना उनकी दादी को सच्ची श्रद्धांजलि है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने बताया कि फूड फॉर हंगर अभियान के तहत यह सेवा हर मंगलवार को लगातार की जा रही है। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, यश गुप्ता, पियुष गुप्ता, प्रवीण मधेसिया, अभिषेक कश्यप सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# भवनाथपुर में ऑटो चालक की रहस्यमयी मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ पर स्थित एचपी पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की रात एक ऑटो में 30 वर्षीय युवक सत्येंद्र पासवान उर्फ लाला राम का रक्तरंजित शव मिला। मृतक की पहचान बुका गांव निवासी रामलाल पासवान के पुत्र के रूप में हुई है। स्थानीय पुलिस को सूचना मिलने पर एसआई दिनेश सिंह ने घटनास्थल से ऑटो और शव को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टर रंजन दास ने सत्येंद्र को मृत घोषित किया। मंगलवार सुबह घटना की खबर फैलते ही सीएचसी में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों का आरोप है कि सत्येंद्र की हत्या की गई है, जबकि पुलिस इसे सड़क दुर्घटना बता रही है। मृतक के ऑटो के बाएं हिस्से पर खरोंच के निशान हैं, जो किसी अज्ञात वाहन से टक्कर के संकेत देते हैं। हालांकि, सत्येंद्र के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं, जिससे प्रतीत होता है कि किसी धारदार हथियार से वार किया गया हो। मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार को सत्येंद्र पनियाही गया था और लौटते समय यह घटना हुई। मंगलवार सुबह शव की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय गेट के समीप मुख्य पथ को जाम कर दिया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को न्याय का आश्वासन दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# नशे में धुत युवक ने की वृद्ध की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिकताम गांव में सोमवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव के भुइयां टोला निवासी उपेंद्र भुईयां उर्फ अकलू भुईयां ने शराब के नशे में धुत होकर अपने ही परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान उसने 90 वर्षीय वृद्ध बोदी भुईयां की गला दबाकर हत्या कर दी, जबकि अपनी मां, पत्नी और भाभी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी ने छोटे भाई के घर में आग लगा दी और पास के जंगल में फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के बेटे लाल बिहारी भुईयां ने आरोपी उपेंद्र भुईयां के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए मेराल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने कांड संख्या 92/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गांव में घटना के बाद दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया जांच अभियान, दर्जनों वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सदिक चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों का जांच किया गया। जांच के क्रम में दोपहिया वाहन के कुछ चालक ट्रिपल लोड, बगैर हेलमेट तथा कुछ बगैर लाइसेंस के थे जिसमें से 10 दो पहिया वाहन मोटरसाइकिल गाड़ी समेत कई गाड़ियों को शहर थाना परिसर में सुरक्षाथ रखा गया है। सभी गाड़ियों का चालान फाइन हेतु जिला परिवहन कार्यालय पलामू को फाईन के लिए भेजा गया है। 29 अप्रैल को जिला परिवहन कार्यालय से 7 बाइक का चलान फाइंन राशि 17,150 आया एवं 01 टेंपो सवारी गाड़ी पकड़ा गया था जिसका चालक शराब पीकर चला रहे थे उनका गाड़ी का चालान फाइंन राशि 10,185 रुपया आया।

# बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग छात्रों का ग्रासिम इंडस्ट्रीज, रेहला में औद्योगिक भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने हाल ही में ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आदित्य बिरला ग्रुप), रेहला का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को उद्योग जगत की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। छात्रों के दल का नेतृत्व डॉ. पंकज कुमार (डीन, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) तथा अन्य संकाय सदस्यों राजीव कुमार सिंह, आकाश कुमार, नीतू सिंह एवं ऋतिक द्विवेदी ने किया। छात्रों ने प्लांट का विस्तृत अवलोकन किया और विनिर्माण प्रक्रियाओं, उन्नत तकनीकों तथा औद्योगिक मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम का समायोजन ग्रासिम रेहला के एचआर पद्माकर लाल दास और विश्वविद्यालय के डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, डॉ ललन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज के अधिकारियों ने उत्कृष्ट मेजबानी का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण के सफल आयोजन पर विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति प्रो. डॉ एमके सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में ऐसे और अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों के व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

मौके पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अजय भूषण प्रसाद, सीईओ सुभाष कुमार, पुस्तकालय अधीक्षक राकेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 03/2025-26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :-जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :-10.05.25 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :-दिनांक 13.05.25 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :-दिनांक 13.05..25 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :-नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :- जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :-जिला योजना अनावद्ध निधि।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | परिसद भवन के समीप शहीद स्मारक का सौन्दर्यकरण कार्य। | 1511137.00 | 5000.00 | 30300.00 | चार माह |

नोट :-1. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 351322 (District)25-26*D

## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

-:आम सूचना:-

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 प्रदीप प्रबाल (नावल्द) | स्व0 शांता प्रबाल (नावल्द) | स्व0 सुलता प्रबाल (नावल्द) | स्व0 पीटर प्रबाल

जुथिका प्रबाल | जयंत प्रबाल | स्व0 हेमंत प्रबाल | शेखर प्रबाल | स्व0 सागोरिका प्रबाल

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग।

PR 351381 (District) 25-26 (D)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
National Rural Employement Program, Ranchi.

Very Short e-Procurement Notice

e-Tender Refrence No. – National Rural Employement Program, Ranchi./RANCHI-01/2025-26 Date :-

| Sl. No. | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Mone (Lakh) | BOQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची लोक सभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र राँची हटिया, काँके सिल्ली, खिजरी और ईचागढ़ (सरायकेला-खरसावाँ) जिला के Rural-Urban में सोलर स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन। (1000-अदद) | 3,72,00,000/- | 744000/- | 10,000/- | 9Months | कार्य के अनुरूप |
| 5. | Mode of Submission of tender | | Online through www.jharkhandtendrs.gov.in | | | |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | | Start Date 05.05.2025 to 11.00 AM | | | |
| | | | End Date 10/05/2025 up to : 2.00 PM | | | |
| 5. | Bids online Submission | | Start Date 05.05.2025 Time : 11.00 AM | | | |
| | | | End Date 10/05/2025 Time : 2.00 PM | | | |
| 6. | Technical Bid Oppening Date | | Date 13/05/2025 Time : 11.00 AM | | | |
| | Officer Inviting Bids | | Executive Engineer | | | |
| | | | National Rural Employement Program, Ranchi. | | | |
| | | | Address : National Rural Employement Program, Vikash Bhawan, Ranchi. | | | |

Executive Engineer
National Rural Employement Program, Ranchi.

PR 351360 (NREP)25-26*D

# ऐपल: भारत की ओर

टेक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी ऐपल अमेरिका भेजे जाने वाले अपने सभी आईफोन चीन के बजाय भारत में ही बनाना शुरू करना चाहती है। इसके पीछे की वजह समझना बहुत मुश्किल नहीं है। यह सही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ की जंग सभी साझेदार देशों पर असर डालेगी (इनमें अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष वाले देश शामिल हैं) लेकिन चीन उनके खास निशाने पर है। अमेरिका ने हाल में कहा है कि चीन पर लगाया जा रहा दंडात्मक शुल्क हमेशा नहीं रहेगा मगर यह साफ है कि चीन के साथ कारोबार जोखिम में रहेगा। अगर ऐपल वाकई अपना उत्पादन चीन से भारत ले आती है तो भारत के लिए यह की मोर्चों पर बहुत लाभदायक स्थिति होगी। स्थिति इसी सप्ताह स्पष्ट होगी, जब इस टेक दिग्गज कंपनी की तिमाही आय की रिपोर्ट आएगी और विश्लेषकों के प्रश्नों के उत्तर मिलेंगे। वास्तव में ऐपल ठेके पर फोन बनवाकर भारत में अपना उत्पादन लगातार बढ़ा रही है। एक अनुमान के मुताबिक मार्च 2025 में समाप्त हुए वर्ष में भारत में 22 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन असेंबल किए गए, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 60 फीसदी अधिक आंकड़ा था। ऐपल हर वर्ष अमेरिका में करीब 6 करोड़ आईफोन बेचती है। अगर अमेरिका के लिए ये फोन 2026 से भारत में ही बनाए गए तो उत्पादन दोगुना करना पड़ सकता है।

यह बड़ा मौका होगा। मगर उत्पादन में यह वृद्धि अमेरिका और बाकी दुनिया के लिए होगी। खबरों के मुताबिक 2024 में 1 लाख करोड़ रुपये के आईफोन निर्यात किए गए। इससे विनिर्माण के ठिकाने के तौर पर भारत की क्षमताओं का पता चलता है। खबर यह भी है कि हाल में स्थानीय मूल्यवर्द्धन तेजी से बढ़ा है। ऐसे में उम्मीद है कि उत्पादन बढ़ने पर कलपुर्जे बनाने वाले भी भारत आना चाहेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# वक्फ बाय यूजर और शत्रु संपत्ति : मालिकाना हक सरकार का है

**वक्फ** कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस?लामवादियों ने देश के उच्चतम न्यायालय को 70 याचिकाओं के माध?यम से बताना चाहा है कि केंद्र की मोदी सरकार जो वक्फ कानून में संशोधन लेकर आई है वह गैर संवैधानिक है। इसमें ह्यवक्फ बाय यूजर पर होने वाली जिरह बहुत महत?व रखती है। न?यायालय का केंद्र सरकार से तर्क है कि वक्फ बाय यूजर के जरिए तो हजारों साल से चली आ रही इस?लामिक संपत्तियों का दर्जा खत्म हो सकता है, जिसके बाद सरकार ने विस्तार से इसका जवाब देने के लिए कोर्ट से एक सप्ताह का समय मांगा।


देखा जाए तो न्यायालय में चल रही वक्फ बाय यूजर की बहस ने आज भारत में शत्रु संपतियों की भी याद दिला दी है। वर्तमान में जो दो समानताएं वक्फ बाय यूजर और शत्रु संपति में दिखाई देती हैं, एक- यह कि अधिकांश सभी संपत्तियां विशुद्ध रूप से सरकारी हैं और जिन संपत्तियों को निजी बताया जा रहा है, उनमें अधिकांश के पास उसके कोई भी वैध दस्तावेज नहीं है। ऐसे में यदि किसी का हक इन पर हो सकता है तो वह सरकार है। हालांकि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ जो इस मामले की सुनवाई कर रही है कि इस मामले को लेकर कुछ चिंताएं हैं, जिनसे उन्होंने केंद्र सरकार को अवगत कराया है। सरकार ने बताया है कि प्रबंधन और धार्मिक मामले अलग-अलग हैं। संपत्ति के प्रबंधन और धार्मिक मामलों से जुड़े मामलों के बीच फर्क करना होगा। संपत्ति का प्रबंधन ऐसा काम है जिसका धर्म या संप्रदाय से कोई ताल्लुक नहीं है। बोर्ड और वक्फ परिषद यह काम कर रहे हैं।

अब कोई कह सकता है कि वक्फ बोर्ड भी तो मुसलमानों का मजहबी मामले में स्थापित एक निकाय है। हिन्दुओं या अन्य किसी गैर मुसलमान के धार्मिक ट्रस्ट की तरह। पर देखा जाए तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। वक?फ की अवधारणा के अनुसार वक्फ की गई संपत्ति का उपयोग सिर्फ परोपकार के काम में हो सकता है लेकिन आज व्यवहार में ज्यादातर वक्फ संपत्तियों का उपयोग व्यवसायिक होना पाया गया है। जिसके चलते यह बात स्पष्ट होती है कि वक्फ बोर्ड आज इस्लाम के नाम पर संपत्त अर्जित करने का माध्यम है, जो जब चाहे तब किसी भी संपत्त पर अपना दावा ठोक देता है। इसलिए यह वक्फ बोर्ड विवादों में आया, जिसके चलते केंद्र सरकार को इसमें संशोधन करने की



आवश्यकता पड़ी।

कुल मिलाकर यह सिर्फ महजबी मामला नहीं क्योंकि वक्फ बोर्ड नियम के अनुसार ऐसा नहीं है कि आने वाले समय में वक्फ



- डॉ मयंक

> आज यह सभी भूमि-भवन सरकार की मिल्कीयत हैं, पर वर्तमान में अनेकों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा है और वह उनसे धन कमा रहा है। इनमें आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (अरक) की 256 संरक्षित इमारतें भी शामिल हैं। इतना ही नहीं ईसाई एवं अन्य धर्म, संप्रदाय की भूमि एवं भवन पर भी इसने कई राज्यों में दावा कर रखा है। आज विवाद का कारण यही है।

बोर्ड किसी संपत्ति पर अपना दावा करना छोड़ देगा। हां, अब इसमें इतना जरूर होगा कि यदि वह पूर्व की भांति किसी भी संपत्ति पर अपना दावा करता है तो उस संपत्ति को उसे नए नियमों के अनुसार कागजों पर स्थापित करना होगा। पाकिस्तान जाने वाले भारत छोड़ते वक्त जो संपत्तियां वक्फ कर गए, उन सभी संपततियों पर वर्तमान में वक्फ बोर्ड का अधिकार है। इसी तरह से ज्यादातर इस्लामिक बादशाहों की बनवाई इमारतों पर वक्फ अपना अधिकार जताता है, लेकिन ये दोनों ही प्रकार की संपत्तियां पूरी तरह से सरकारी हैं। क्योंकि बादशाहों के समय जो इमारतें देश में बनी, उनके शासन के हटते ही समय-समय पर अन्य तत्कालीन शासकों के अधीन वे रहती आई हैं। पुर्तगाली, डच, फ्रांसिसी, अंग्रेज आए, स्वतंत्र राजा-महाराजाओं की सत्ता भी रहीं, फिर उसके बाद शासन भारत सरकार का आया, नए सिरे से संविधानिक प्रावधान 1950 से लागू हुए। ऐसे में समय के साथ स्वभाविक तौर पर जमीन का मालिकाना हक बदलता रहा। आज यह सभी भूमि-भवन सरकार की मिल्कीयत हैं, पर वर्तमान में अनेकों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा है और वह उनसे धन कमा रहा है। इनमें आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (अरक) की 256 संरक्षित इमारतें भी शामिल हैं। इतना ही नहीं ईसाई एवं अन्य धर्म, संप्रदाय की भूमि एवं भवन पर भी इसने कई राज्यों में दावा कर रखा है। आज विवाद का कारण यही है, जैसा कि संसद में पेश हुई संयुक्त संसदीय कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया, वक्फ बोर्ड ने पूरे देश में 58,000 से ज्यादा संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है।

इतिहास से कैसे ये वक्फ बोर्ड खिलवाड़ कर रहा है, इसको आप दिल्ली की कुतुब मीनार क्षेत्र, सुंदरवाला महल, बारारखंभा, पुराना किला, लाल बंगला, कर्नाटक का बीदर किला, कलबुर्गी स्थित गुलबर्ग किले को अपना बताए जाने की मानसिकता से समझ सकते हैं। वहीं, इसने कई प्राचीन जामा मस्जिदें, सूफी-संतों की दरगाहें और गुंबदों पर भी दावा कर रखा है। रेलवे की 2704 वर्ग मीटर जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। जयपुर रेलवे स्टेशन की 45.9 वर्ग मीटर और जोधपुर रेलवे स्टेशन की 131.67 वर्ग मीटर जमीन को भी वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया गया है। वर्तमान में वक्फ बोर्ड की जमीन 9.4 लाख एकड़ जमीन में फैली है। बड़ी बात यह है कि धर्म के आधार पर इस्लामवादियों ने अपने लिए अलग देश लेकर भी भारत में अपने पास दुनिया की सबसे बड़ी वक्फ होल्डिंग रखी हुई है।

वस्तुतः ऐसे में यहां साफ समझ आता है कि गैर मुसलमान को वक्फ बोर्ड में सदस्य के रूप में रखने के पीछे सरकार की मंशा क्या रही होगी। संभवतः यही कि जिस तरह से अभी तक वक्फ बोर्ड मनमानी करते हुए किसी भी संपत्ति पर अपना दावा ठोकता रहा है और वक्फ कानून का हवाला देकर जिला कलेक्टर के माध्यम से इन संपत्तियों को कब्जाता रहा है, वह अब ऐसा नहीं कर पाए। क्योंकि यदि निगरानी के स्तर पर बोर्ड में गैर मुसलमान रहेंगे तो बातें बाहर निकल कर आसानी से आएंगी और मजहब के नाम पर मनमानी बंद होगी। वास्तव में उसे रोकने के लिए ही सरकार ने ये नई व्यवस्था का निर्माण किया होगा। इस केस में एक चिंता न्यायालय की वक्फ बाय यूजर की भी देखने में आई है। देखा जाए तो इसका मतलब उस संपत्ति से होता है, जिसके कोई औपचारिक दस्तावेज नहीं है, लेकिन इन संपत्तियों का इस्तेमाल लंबे समय से मजहबी कार्यों के लिए किया जा रहा है। सरल शब्दों में कहें तो 'वक्फ बाय यूजर' का अर्थ है 'मौखिक घोषणाएँ। भूमि के टुकड़े या संपत्तियाँ जिन्हें धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जा रहा है, उन्हें वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित किया जा सकता है। इसके लिए किसी दस्तावेज, किसी विलेख या किसी कागजी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं। 'धारणा' वाला हिस्सा व्यक्तिपरक होने के साथ-साथ अपनी व्याख्या में भी अस्पष्ट था, जिससे भूमि विवादों को देशभर में बढ़ाने का काम किया है। क्योंकि इसमें कहीं भी भूमि कब्जाओ और उसे वक्फ बोर्ड की घोषित कर दो अथवा जहां मर्जी आए उस पर वक्फ बोर्ड से दावा ठोक दो!

## लेटर टू एडिटर

### कड़ी कार्रवाई हो

विदेशी महिला पर्यटकों के साथ यौन शोषण और लूट की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है, जिनसे भारत की छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। निश्चित तौर पर यह सब नैतिक मूल्यों के क्षरण, सोशल मीडिया द्वारा अश्लील सामग्री परोसे जाने तथा नैतिक शिक्षा की कमी के कारण हुआ है। उपर्युक्त घटनाओं को देखते हुए संभव है कि कुछ सरकारें अपने नागरिकों को कोई नकारात्मक एडवाइजरी भी जारी करें। कर्नाटक के हंपी तथा दिल्ली की घटनाएं निंदनीय तथा शर्मिंदा करने वाली हैं।

-श्यामलाल सिंह रांची

### सवालिया निशान

राहुल गांधी ने गुजरात दौरे में कांग्रेस कार्यकताओं पर निष्ठा को लेकर सवाल उठाए, जो पार्टी की नकारात्मकता को दर्शाता है। कांग्रेस की गुटबाजी, नेताओं की जी-हुजूरी और विश्वास की कमी से पार्टी कमजोर हो रही है। कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने की बजाय, उन्हें शक की नजरों से देखते हैं। **– हरिहर सिंह रांची**

## ट्वीट

**जीवन** से संसार से परिवार से व्यापार से धर्म अलग हुआ तो धर्म एक बोझिल ड्यूटी मात्र रह जाती है और उसका पालन कुछ अनहोनी क्षति का भय या सामाजिक भय या झूठा दिखावा या आंतरिक लोभ के कारण किया जाता है। निष्कर्ष धर्म आनंदित प्रेमपूर्ण जीवन की विशुद्ध कला ही है जो इनविल्ट रहती है , वैसा जीवन जिसमें ज्ञान बोध युक्त होना प्रमुख होता है इसका श्रोत सद्गुरु की वाणी शास्त्र आत्मचिंतन एवं आचरण अभ्यास है इसी को धार्मिक आध्यात्मिक जीवन होना समझें और इसका परिणाम प्रेम शांति आनंद से भरपूर जीवन है।

जीवन से धर्म की मृत्यु हो जाएगी जीवन निरस बोझ बन जाएगा। **– दास ऋतेश्वर**

# अक्षय तृतीया: पौराणिक महत्व का त्योहार

**अक्षय तृतीया (30 अप्रैल ) पर विशेष**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पर्व

**अक्षय** तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय ( अक्षय ) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखा तीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए यह दिन वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। अक्षय शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान का पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाएं उतने हमें हमारे लिए कम है।

देश में समय-समय पर बहुत से त्योहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते हैं। हिन्दू धर्मावलम्बियों के प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है। अक्षय तृतीया को शादी का मुहुर्त माना जाता है क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है क्योंकि सतयुग की समाप्ति पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मीजी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरूआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इसमें भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं।

माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है।

# त्रेता और द्वापर युग से चिरंजीवी हैं भगवान परशुराम

**परशुराम जयंती पर विशेष**

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

धर्म

भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे भगवान श्रीराम के समय भी थे और भगवान श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे, आज भी उन्हें साक्षात जीवित देव माना जाता है। भगवान परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था, जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और तभी से वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले बहुत नाराज हुए और फिर क्रोध शांत होने पर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया था, साथ ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी।

भगवान परशुराम को विष्णु का छठा 'अवतार' माना जाता है। जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है।

एक किंवदंती में मध्य प्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्राचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं।

एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच कलचा गांव में एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यहीं जन्म दिया था। शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश में धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज 'ढकियाइन देवी' के नाम से सुप्रसिद्ध है।

भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वहीं वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते हैं। कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों तक की दिशा मोड़ दी थी।



झारखंड का एक विश्व प्रसिद्ध मंदिर जहां आदि शंकराचार्य और चैतन्य महाप्रभु ने भ्रमण किया था। मलूटी स्थित यह प्रसिद्ध स्थल पर्यटकों के लिए आर्कषण का केन्द्र है। फोटो- अजय सानी

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### गुरु नानक पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता



रामगढ़ । श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मंगलवार को ओरिगामी प्रतियोगिता हुआ। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने रंग बिरंगे ओरिगामी पेपर से विभिन्न प्रकार की आकृतियां जैसे जहाज, हवाई जहाज, मछली ,तोता, बत्तख आदि खूबसूरत आकृतियों को बनाकर सादे कागज पर चिपका कर उनमें रंग भरा । इन बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रथम,द्वितीय एवं तृत्य स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम अ से प्रथम पुरस्कार इकरा नौशाद को द्वितीय पुरस्कार आस्था को, तृतीय पुरस्कार सागर कुमार को, कक्षा प्रथम 'ब' से प्रथम पुरस्कार रियांश गुप्ता को, द्वितीय पुरस्कार मनफतेह सिंह को, तृतीय पुरस्कार दिशानी चटर्जी को, कक्षा प्रथम ' स' से प्रथम पुरस्कार आदविक तिवारी को द्वितीय पुरस्कार आस्था कुमारी को तृतीय पुरस्कार समर कुमार को एवं पीयूष पटेल को संयुक्त रूप से दिया गया।

### एस्पायर की छात्रा का सीजीएल में चयन



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोयलांचल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिष्ठित बन चुका एस्पायर कोचिंग सेंटर एक बार फिर सुर्खियों में है। भुरकुंडा एमईसीएल कॉलोनी निवासी शोभा देवी एवं अरविंद कुमार की पुत्री सह सेंटर की छात्रा नेहा कुमारी ने एसएससी सीजीएल 2024-25 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने माता-पिता, संस्थान और कोयलांचल भुरकुंडा का नाम रोशन किया है। नेहा का चयन एसएससी सीजीएल 2024-25 में टैक्स असिस्टेंट (आईटी जीएसटी) के पद पर हुआ है। छात्रा की सफलता पर मंगलवार को संस्था में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने नेहा को उपहार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, सही मार्गदर्शन और अनुशासित अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नेहा ने जो करके दिखाया है, वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। नेहा की सफलता पर शिक्षक नितेश सिंह, राकेश सिंह, संजीत कुमार, नितेश मिश्रा, सचिन, राहुल, विक्रांत, अमित, सुमित, रजत, पियूष, लवकुश, बृजेश, नीरज सहित विद्यार्थियों ने दी बधाई।

### सांसद ने नेहा कुमारी को दिया लहंगा



रजरप्पा। सामाजिक समरसता और सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से चितरपुर मंडल के मारंगमरचा पंचायत के निवासी झलू महतो की सुपुत्री नेहा कुमारी के विवाह के अवसर पर लहंगा भेंट किया गया और परिवार की खुशी में सहभागी बनें। मौके पर चितरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार, चितरपुर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष निरंजन कुमार, मंडल मंत्री मुंगालाल महतो, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, मंडल मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार, बूथ अध्यक्ष किशोर महतो, समेत कई महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

### बीएमएस का क्षेत्रीय कमिटि गठित



कुजू। सीसीएल करमा परियोजना में सोमवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व कुजू क्षेत्रीय अध्यक्ष शंगकर गिरि व संचालन केंद्रीय अध्यक्ष निर्गुन महतो तथा रतन प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में से सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के केंद्रीय अध्यक्ष निर्गुन महतो, संगठन मंत्री रामेश्वर कुमार मंडल, कुजू क्षेत्रीय प्रभारी जेपी झा शामिल हुए। इस दौरान संघ के मजबूती पर चर्चा किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से कुजू क्षेत्रीय कमिटि का गठन किया गया। जिसमें कुजू क्षेत्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर गिरि, उपाध्यक्ष मनू महतो, राजकुमार महतो, अशोक कुमार सिंह, मैनेजर चंद्रा, क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू, संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह, सह सचिव चरित्र सिंह, भीम महतो, जगेश्वर मंडल, मनीष कुमार सिंह, संगठन मंत्री अनुपलाल चौधरी, सह संगठन मंत्री धनंजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष पीके सेन, कार्यालय मंत्री ओमनाथ प्रसाद, कार्यसमिति सदस्य मदन मुंडा, प्रेम प्रसाद, रंजीत खल्खो, खुशीलाल कुमार, रवि कुमार मेहता, सीता मंडल शामिल है।. वहीं करमा परियोजना शाखा का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दिलीप कुमार करमाली, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरदयाल महतो, उपाध्यक्ष नवीन कुमार, विनोद तिर्की, राजकुमार महतो, सचिव कैलाश कुमार महतो, सह सचिव ठाकुर मुंडा, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, कार्यालय मंत्री झरी मांझी का चयन किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य शामिल है. बाद में सभी नये पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नये पदाधिकारियों ने कहा कि संघ के प्रति पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे।

### कुजू में गरीब बेटियों को मिला लहंगा



कुजू। मांडू प्रखंड के ओरला व कुजू कोलियरी में सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से रानी कुमारी पिता विनोद मुंडा व काजल कुमारी पिता बालदेव करमाली के शादी समारोह में उपहार स्वरूप लहंगा दिया गया। इस जायसवाल ने फोन पर दोनों बच्चियों को बधाई एवं आशीर्वाद दिए। मौके पर मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह, मांडू विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, घाटो मंडल सांसद प्रतिनिधि शंकर करमाली, संजय किस्कु, ममता देवी, जितेंद्र मुंडा, निर्मल करमाली, विनोद सिंह, सानंद कुमार, सुरेश सिंह, दिनेश शर्मा, सूरज सिंह, बीके झा, संजय मरांडी, विवेक गुप्ता, अशोक कुमार महतो, राजो देवी आदि मौजूद थे।

# हजारीबाग सुविधा शुल्क व्यवस्था की राजधानी!

## जनता जूझ रही, सिस्टम झुका हुआ और दलाली का बाजार चरम पर

अभय कुमार सिंह




हजारीबाग। कभी शिक्षा, शांति और संसाधनों के लिए पहचाने जाने वाला हजारीबाग आज एक ऐसे अंधेरे दौर से गुजर रहा है जहां सच बिकता है, न्याय गिरवी रखा जाता है और सेवाएं रेटलिस्ट के हिसाब से बंटती हैं। यहां अब विकास नहीं, दलाली की चेन रिएक्शन चलता है। कोई दफ्तर ऐसा नहीं जहां बिचौलिए की भूमिका के बिना काम हो जाए। सरकारी भवनों की दीवारों के भीतर अब फाइलें तभी चलती हैं जब टेबल के नीचे से कुछ खास गुजरता है।

चाहे समाहरणालय हो या डीटीओ ऑफिस, नगर निगम हो या अंचल कार्यालय, हर जगह दलालों का स्थायी ठिकाना बन चुका है। और इस पूरे रैकेट को फर्जी पत्रकारों और फर्जी समाजसेवियों की मिलीभगत से वैधानिकता का लबादा ओढ़ा दिया गया है। इन कथित पत्रकारों के पास न तो किसी मान्यता की मुहर है, न पत्रकारिता की कोई आचारसंहिता। इनके पास है सिर्फ प्रेस लिखी गाड़ियां, फर्जी पहचान पत्र और धमकाने वाला लहजा। ये अफसरों से वसूली करते हैं, ब्लैकमेलिंग करते हैं और जनता को डराकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। प्रशासन इनसे खामोश है, क्योंकि या तो वह इसमें हिस्सेदार है, या फिर बेबस।

हद तो तब होती है जब भ्रष्टाचार अब छिपकर नहीं, खुलकर किया जाता है कि जैसे यह कोई अधिकार हो। राशन कार्ड से लेकर ड्रग्स और अवैध शराब तक, हर काम का रेट तय है। कोयले की तस्करी हो या वेश्यावृति का नेटवर्क, हजारीबाग का नाम अब इन कुचक्रों से जुड़ चुका है। राजनीतिक बदलाव आते हैं, सरकारें जाती हैं, लेकिन इस दलाल तंत्र की जड़ें हिलती तक नहीं।

प्रखंड मुख्यालयों में इन फर्जी समाजसेवियों व फर्जी पत्रकारों के मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिलता। हर कार्य में रेट फिक्स और सिंडिकेट का हिस्सा तय है और तय समय पर गंतव्य स्थल पर इससे पंहुचा दिया जाता है। अंत में सवाल सीधा है कि क्या हजारीबाग की यह सुविधा शुल्क व्यवस्था कभी खत्म होगी? क्या कभी कोई ईमानदार अफसर, कोई निर्भीक आंदोलन या कोई जनजागरण इस फेफड़ों तक घुसे सिस्टम को हिला पाएगा? या फिर आने वाली पीढ़ियां भी इसी भ्रष्ट विरासत में सांस लेने को मजबूर रहेंगी?

# पर्यावरण मंत्री से मिले सांसद

▸▸ मनीष जायसवाल ने टीपीसी पकरी-बरवाडीह कोल माइंस में पर्यावरण संरक्षण व रोजगार का मुद्दा उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से दिल्ली स्थित कार्यालय में मुलाकात कर एनटीपीसी पकरी-बरवाडीह कोल माइंस में पर्यावरण संरक्षण के साथ रोजगार सुरक्षा का मुद्दा उठाया।

उन्होंने मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि एनटीपीसी 2016 से इस कोल माइंस का संचालन कर रही है, जहां से कोयले का परिवहन फिलहाल सड़क मार्ग से होता है। लेकिन निमार्णाधीन कन्वेयर बेल्ट और रैपिड लोडिंग सिस्टम अब लगभग तैयार है, और 2026-27 से सड़क परिवहन को पूरी तरह बंद करने की योजना है। सांसद ने चेतावनी दी कि इस कदम से क्षेत्र के 500 से अधिक डंपर और उनसे जुड़े ड्राइवर, खलासी, मिस्त्री, मोबिलाइजर समेत करीब 5,000 लोग बेरोजगार हो जाएंगे, जिनकी आजीविका इस कार्य पर टिकी है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय रोजगार की भी रक्षा की जाए। सांसद ने मांग की कि आगामी वर्षों में कम से कम 50% कोयले का परिवहन सड़क मार्ग से जारी रखा जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिले और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक संतुलन बना रहे।

### सांकी और देवरिया में लहंगा वितरित



भुरकुंडा। सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर भदानीनगर मंडल के चिकोर, सांकी और देवरिया पंचायतों में मंगलवार को जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को विवाह के अवसर पर लहंगा सेट वितरित किए गए। इस सामाजिक सहयोग कार्यक्रम के तहत चिकोर निवासी निरंजन महतो की बेटी सोनाली कश्यप, अरमादाग निवासी मुखलाल बेदिया की बेटी सिमरन कुमारी तथा देवरिया के चारी टुंगरी घाटो टोला निवासी विनोद मुंडा की बेटी रीमा को लहंगे भेंट किए गए। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र करमाली, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह मंडल महामंत्री मोती नारायण सिंह व अन्य मौजूद थे।

### बुध बाजार दोतल्ला पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट बनाने का लिया संकल्प



भुरकुंडा (रामगढ़)। बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में मंगलवार को रूआर- 2025 के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ज्योति लकड़ा और संचालन प्रधानाध्यापक रवीश कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडेय, स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी, मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो एवं उप मुखिया प्रशांत कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में जीरो ड्रॉपआउट पंचायत की अवधारणा को विस्तारपूर्वक समझाया। उप प्रमुख बबीता पांडेय, मुखिया सत्यवंती देवी और प्रधानाध्यापक रवीश कुमार ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के सभी बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने वार्ड सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने वार्ड में ऐसे बच्चों की पहचान करें जो अब तक विद्यालय से वंचित हैं और उनके अभिभावकों को प्रेरित करें कि वे बच्चों का शीघ्र नामांकन करवाएं।

# समाज कल्याण विभाग की डीसी ने की समीक्षा



रामगढ़। समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला समाज कल्याण कार्यालय रामगढ़ द्वारा संचालित योजना को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ इन्दू प्रभा खालखो ने उपायुक्त को पीपीटी के माध्यम से जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में बच्चों के वजन माप का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश सभी महिला पर्यवेक्षीकाओं को दिया। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा के दौरान माह दिसंबर तक प्राप्त लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं फर्स्ट चाइल्ड के तहत लंबित आवेदनों का सत्यापन यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अति कुपोषित सभी चिन्हित बच्चों को एमटीसी सेंटर में रखने एवं उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी चिन्हित बच्चों की सूची उनके माता/पिता के मोबाइल नंबर के साथ जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को दिया। वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 1042 आंगनबाड़ी स्वीकृत है जिनमें 461 किराए के भवन में संचालित है एवं अन्य सरकारी भवनों में संचालित किया जा रहे हैं। जिस पर उपायुक्त श्री कुमार ने कहा कि डीएमएफटी के तहत दिसंबर 2025 तक लक्ष्य को लेकर सभी आंगनबाड़ी केंद्र अपने भवन में संचालित हो जिसे लेकर युद्ध स्तर पर कार्य करने हेतु कई कई दिशा निर्देश दिया गया। वहीं, उन्होंने ने अगले माह तक आंगनबाड़ी नवनिर्माण हेतु जमीन का चयन करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने कहा कि जिन आंगनबाड़ी केंद्र में विद्युत कनेक्शन नहीं है, कनेक्शन लेने का निर्देश दिया।

# चरही में धड़ल्ले हो रही कोयला तस्करी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रोज सैकड़ों ट्रकों से कोयला बिहार की मंडियों में पहुंचा रहे हैं दलाल**

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग में कोयला सिर्फ जमीन के नीचे नहीं, अब सरेआम सत्ता और सिस्टम को भी निगल रहा है। कानून की किताबें बंद हैं, और तस्करों के खाते खुले। जहां हर कोई जानता है कि क्या चल रहा है, बस वो नहीं जानते जो जानने वाले हैं।

हजारीबाग का कोयलांचल इलाका अब तस्करी का अखाड़ा बन चुका है। चरही, चुरचु, विष्णुगढ़, आंगो, टाटीझरिया, और दारू जैसे क्षेत्रों में अवैध डिपो धड़ल्ले से चल रहे हैं। स्थानीय दलाल इनसे माल उठाकर रोजाना सैकड़ों ट्रकों में भरकर कोयला बिहार की मंडियों तक पहुंचा रहे हैं। ये ट्रक पुलिस की नजरों के सामने निकलते हैं, लेकिन आवाज कोई नहीं उठाता। सरकारी कोलियरियों और रेलवे साइडिंग से कोयला खुलेआम गायब हो रहा है। करमा बेड़ा, कजरी, 14 माइल और फुकरी साकरी तक हर ओर कोयले के काले कारोबार का नेटवर्क फैल चुका है। तस्कर दिन में चोरी करते हैं और रात में लोडिंग। जो विरोध करे, उसे धमकाया जाता है या किनारे कर दिया जाता है। जिला प्रशासन, खनन विभाग और जनप्रतिनिधि, तीनों मौन साधे हैं। कुछ इसे प्रशासनिक नाकामी कह रहे हैं, तो कुछ मिलीभगत का नतीजा। सवाल ये है कि किसके इशारे पर इतनी बड़ी तस्करी संभव हो रही है? जनता गुस्से में है, लेकिन अफसरों की नींद अब तक नहीं टूटी।

आंगो बना तस्करों का किला : आंगो थाना क्षेत्र अब अपराधियों का गढ़ बन चुका है। बाहरी गिरोह आकर यहां अवैध डिपो चला रहे हैं। हथियारबंद गुंडे खुलेआम घुमते हैं। हाल ही में दो तस्कर गिरोहों में खूनी भिड़ंत हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए। मगर पुलिस ने इसे गांव के झगड़े का नाम देकर मामला रफा-दफा कर दिया।

बंदा में रंजन सिंह, प्रभात सिंह, राजेंद्र सिंह तो 15 माइल में अजय और सत्यम जैसे नाम सामने आ रहे हैं। ये लोग खुद को राजनीतिक और प्रशासनिक सरंक्षण प्राप्त बताकर खुलेआम कोयले का खेल खेल रहे हैं। सूत्रों की मानें तो प्रतिदिन लाखों रुपये की अवैध ढुलाई इनकी सेटिंग में चल रही है। हजारीबाग अब एक बार फिर उस मोड़ पर खड़ा है जहां से एक दशक पहले संघर्ष की आग उठी थी। अगर इस बार भी आंखें मूंद ली गईं, तो यह काला कारोबार सिर्फ कोयला नहीं, पूरे सिस्टम को राख कर देगा।

## एक नजर में

### एकता का संदेश देता है यज्ञ : रोशन लाल



बड़कागांव। प्रखंड के बादम में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल होकर जय श्री राम , जय माता दी के जय कारे लगाए साथ महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर भक्तिमय वातावरण बनाया ।इस दौरान विधायक ने कहा कि यज्ञ धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और आध्यात्मिक शांति का संदेश देते हैं ।सनातनी एकता सह श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी से क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। कलश यात्रा पंचवाहिनी माता स्थान यज्ञ मंडप से गाजे बाजे के साथ शुरू होकर सिमासी बागी नदी तक पहुंचे ।कलश में जल लेकर श्रद्धालु गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे जहां विधि विधान द्वारा कलश को स्थापित किया गया। 30 अप्रैल से 6 मई तक कथावाचक का कार्यक्रम होगा एवं 7 मई को जागरण और झांकी के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। कलश यात्रा में शामिल जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी,बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी,केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, मुखिया वासुदेव यादव,पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, पंसस उपेंद्र प्रसाद,भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार,आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

### बच्चों को नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा भी दें: पटेल



विष्णुगढ़। कुसुंभा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहमोरिया में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूल बैग का वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया दुलारचंद पटेल, विद्यालय के शिक्षकगण एवं अनेक अभिभावक उपस्थित रहे ।मुखिया श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक युग में लोग केवल भौतिक विकास और शिक्षा की ओर भाग रहे हैं, जिससे बच्चों के नैतिक और आध्यात्मिक विकास की अनदेखी हो रही है। इसके परिणामस्वरूप बाल अपराधों और दुर्घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को किताबों के साथ-साथ नैतिक और सांस्कारिक शिक्षा देना भी जरूरी है, ताकि वे एक अच्छे नागरिक बन सकें। कैलाश महतो ने भी अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को अनावश्यक रूप से घर पर न रोकें और प्रतिदिन साफ-सुथरे कपड़ों में विद्यालय भेजें। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्रदीप कुमार महतो, शिक्षक ललित महतो, शिक्षिका लीलावती देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

### पंचमाधव में अवैध आरा मिल में छापामारी

बरही। पंचमाधव में अवैध रूप से संचालित एक आरा मिल पर वन विभाग की टीम ने छापामारी की। यह छापामारी हजारीबाग डीएफओ के निर्देश पर की गई, जिसमें अवैध आरा मिल के साथ-साथ बड़ी मात्रा में लकड़ी बोटा भी जब्त किया गया। कार्रवाई में बरही वन विभाग के पदाधिकारी, वन कर्मी और बरही थाना की पुलिस शामिल रही। सूत्रों के अनुसार, छापामारी दल के पहुंचने से पहले ही वहां मौजूद लोग भागने में सफल रहे, जिस कारण कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जब्त की गई लकड़ियों में लगभग 150 सेफ्टी इक्विलिप्टस के बोटे पाए गए हैं। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है और यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि आरा मिल कब से संचालित हो रही थी और इसमें कौन-कौन शामिल हैं। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई और आरा मिल संचालन पर सख्त नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### गोविंदपुर में महायज्ञ के लिए कलश यात्रा निकली

विष्णुगढ। गोविंदपुर में मंगलवार को श्री श्री 108 नव दिवसीय रूद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शिव मंदिर परिसर से शुरू होकर बागेश्वरी मंदिर, कोनार नदी, चरंबा, दुर्गा मंदिर चौक, महावीर चौक, बीच टोला, कपसा चौक, हरिजन मोहल्ला, साव मोहल्ला, जोड़ा तालाब होते हुए पुनः यज्ञ मंडप में संपन्न हुई। यात्रा में 1100 महिलाएं कलश लेकर शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों और श्रद्धालुओं के हर हर महादेव व ॐ नमः शिवाय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। पूरा गोविंदपुर महावीर पताकाओं से सजाया गया है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष सोमर महतो व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें वैदिक पूजन, हवन और संध्या प्रवचन होंगे। कथा व्यास पंडित मुरली मनोहर पांडेय (अयोध्या) व शालिनी तिवारी (वृंदावन) प्रवचन देंगे। कार्यक्रम में सरयू साव, मुखिया रीता देवी, महेश महतो समेत कई जनप्रतिनिधि व सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

### बैजलाडीह का बांध नंबर 2 अत्यंत जर्जर

बरही। बरही प्रखंड के विजया पंचायत अंतर्गत बैजलाडीह स्थित बांध नंबर 2 की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। कभी 500 एकड़ भूमि की सिंचाई करने वाला यह बांध आज खुद संकट में है। जलधारण क्षमता घटने के कारण अब इसमें नाममात्र का पानी बचा है। बावजूद इसके स्थानीय किसान इससे सिंचाई कर अपनी जीविका चला रहे हैं। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर ने बताया कि दो दशक पहले यह बांध सिंचाई का मुख्य स्रोत था। लेकिन वर्षों से मरम्मत और सफाई न होने के कारण इसका अस्तित्व खतरे में है। अब यह एक सामान्य तालाब में तब्दील हो गया है, जो बरसात में भर तो जाता है, लेकिन पानी को स्टोर नहीं कर पाता। उन्होंने बताया कि यदि सरकार या प्रशासन इसकी मरम्मत कराए, तो यह पुनः सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई कर किसानों की आमदनी बढ़ा सकता है। मंसूर ने इसे स्थानीय कृषि और जीवन यापन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए शीघ्र मरम्मत की मांग की है। बांध की उपेक्षा से किसानों की भविष्य की फसलें और आजीविका दोनों संकट में हैं।

### उर्दू प्राथमिक विद्यालय में कागजों पर क्लास



हजारीबाग/कटकमदाग। कटकमदाग प्रखंड के रसुलीगंज गांव का एक उर्दू प्राथमिक विद्यालय शिक्षा का नहीं, भ्रष्टाचार का नमूना बन गया है। सरकारी कागजों में यहां कक्षा पांचवीं तक 28 छात्रों का नाम दर्ज है, लेकिन हकीकत में कभी एक, कभी पांच बच्चे ही स्कूल में दिखते हैं। मध्यान्ह भोजन योजना हो या छात्रों की सुविधाएं, सब कुछ सिर्फ कागजों पर ही सीमित है। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक 15 बच्चों को रोजाना भोजन मिलता है, लेकिन स्कूल में न रसोईया है, न खाना पकाने की व्यवस्था। जो कभी-कभार सब्जी-चावल आता है, वो शिक्षक अपने घर ले जाते हैं। स्कूल में तैनात एकमात्र शिक्षक जिया उल हक की उपस्थिति भी मनमानी है। वे जब चाहें आते हैं, उपस्थिति दर्ज करते हैं और लौट जाते हैं। खबर मन्त्र संवाददाता की पड़ताल के दौरान सिर्फ पांच छात्र उपस्थित थे, और बच्चों ने डरते हुए बताया कि उन्हें न नाश्ता मिलता है, न भोजन। शिक्षक जिया उल हक ने व्यवस्थाएं दुरुस्त होने का दावा किया, लेकिन मौके पर सबकुछ उल्टा मिला। बीआरसी राजेश कुमार अग्रवाल ने भी माना कि शिक्षक की उपस्थिति बेहद कम रहती है। उनका सुझाव है कि इस स्कूल को पास के किसी विद्यालय में मिला देना चाहिए। ऐसा करने से सारी समस्याओ का हल निकल जाएगा।

# दो दिवसीय परशुराम जयंती पर अखण्ड रामायण के साथ सुंदरकांड व भजनों से गूंजा श्री अग्रसेन भवन

● अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने परशुराम जन्मोत्सव एवं भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का पूजन किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा द्वारा श्री अग्रसेन भवन झुमरीतिलैया में परशुराम जन्मोत्सव शुरू हुआ एवं भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का पूजन किया गया। यजमान अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष अनूप जोशी एवं नीलम जोशी, पुरोहित पंडित, बरुण पाण्डेय, कमलकांत पाण्डेय, राधेश्याम पांडेय, संजय बनर्जी, धनंजय पाण्डेय ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना विधि विधान से करायी।

जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे, इन्होंने धर्म की रक्षा को ही अपना मूल उद्देश्य समझा और समाज में धर्म की स्थापना की।

भगवान परशुराम का जन्म भृगुकुल में हुआ था। इन्होंने ही भगवान राम को तीर धनुष दिया था कि त्रेता में अधर्मियों का विनाश करो और धर्म की स्थापना करो। द्वापर में भगवान कृष्ण को चक्र दिया था कि आप अधर्मियों का विनाश करो और धर्म की स्थापना करो। यह भगवान चिरंजीवी हैं, इन्हीं के शिष्य भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण थे। यह शस्त्र और शास्त्र दोनों विद्या में पारंगत थे। हम ब्राह्मण समाज उनकी जयंती सनातन धर्म प्रेमियों के साथ मिलकर हिंदुओं को एक करने के लिए धूमधाम से मनाते हैं। वहीं सुंदरकांड का पाठ महिला समिति द्वारा किया गया।

मौके पर उपेंद्र दुबे, हृदयनन्द मिश्रा, राजेन्द्र शर्मा, किट्टी रामपाल, रमेश सिंह, रामनाथ सिंह, राजेंद्र सिंह, दीनानाथ पाण्डेय, दिनेश मिश्रा, पंकज दुबे, मनोज जोशी, राजेश शर्मा, जय गौपाल पांडेय, अनिल गुरु, सुनील बड़गवे, प्रदीप बनर्जी, विरेन्द्र सिंह, महेंद्र वर्मा, पप्पू पाण्डेय, नितेश चन्द्रवंशी, राजेन्द्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवनारायण मोदी, डॉ. वीएनपी बर्णवाल, भरत नारायण पाण्डेय, कुंज बिहारी द्विवेदी, अखिल सिन्हा, अजय झा, प्रभाकर पाण्डेय, गणेश मजुमदार, अनुराग गुरु, दीप बनर्जी समेत सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, कार्रवाई को लेकर दिये निर्देश



कोडरमा। समाहरणालय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा, जिसपर उन्होंने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। वहीं फरियादियों ने जमीन पर जबरन कब्जा नहीं करने पर रोक लगाने, जानलेवा हमला और मारपीट कर जेवरात छीनने, जमीन दूसरे के नाम पर अंकित होने, गाड़ी का किराया और होमगार्ड की नियुक्ति समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य संबन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई करना सुनशिचत करें।

## पंचायत ज्ञान केंद्रों व पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं का किया निरीक्षण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर द्वारा पंचायत ज्ञान केंद्रों एवं पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। वहीं बीडीओ गौतम कुमार, कार्यालय प्रधान सहायक अभिनंदन एवं जिला समन्वयक विवेक कुमार उपस्थित रहे। वहीं निरीक्षण दल ने संबंधित पंचायतों में संचालित पंचायत ज्ञान केंद्रों की कार्यप्रणाली, दस्तावेजीकरण, सूचना के अद्यतन प्रदर्शन, सामुदायिक भागीदारी, एवं डिजिटल रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिवालय भवनों की स्थिति, संपत्ति रजिस्टर, बैठकों के संधारण एवं पंचायती योजनाओं की पारदर्शिता जैसे पहलुओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण दल ने पंचायतों की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सशक्त बनाने के लिए सुझाव दिए, ताकि ग्राम स्तर पर सुशासन और जनहितकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। मौके पर संबंधित पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव मौजूद थे।

## गोरियाडीह जंगल में पुलिस टीम के उपर पथराव करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार

**डोमचांच (कोडरमा)।** ढाब थाना क्षेत्र के गोरियाडीह जंगल में पुलिस टीम के उपर पथराव करने वाला एक अभियुक्त विनोद तुरी पिता स्व. महादेव तुरी गोरियाडीह निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 मार्च की रात्रि में ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरियाडीह जंगल में अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न कर तस्करी करने की सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई को लेकर ग्राम गोरियाडीह में गये पुलिस वाहन पर अपराधियों द्वारा पथराव किया गया। इस संबंध में ढाब थाना कांड संख्या 02/25 के तहत मामला दर्ज कराया गया था।

## हाईवा में लगी अचानक आग, धू-धू कर जली



मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-जमुवा मुख्य मार्ग स्थित चंचालिनी धाम गेट के समीप मंगलवार की सुबह अचानक एक हाईवा धूं-धूं कर जलने लगी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त हाईवा का चालक हाईवा लेकर कोडरमा, डोमचांच से नवलशाही की ओर किसी पत्थर खदान में पत्थर लोड करने जा रहा था। इसी बीच चंचालिनी धाम गेट के समीप अचानक हाईवा में आग लग गई। इधर मामले की सूचना मिलते ही नवलशाही पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। जिसके पश्चात् दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया जा सका। वहीं हाईवा में आग लगने के कारण कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग पर कई वाहन सड़क किनारे खड़ी कर दी गईं। वहीं आग के बुझने के पश्चात् परिचालन पुनः शुरू कराया गया। वहीं मामले की जानकारी देते हुए नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने बताया कि उक्त हाईवा चालक से पूछताछ में उसने बताया कि वह हाईवा बीआर24जी4927 लेकर स्थानीय किसी खदान में पत्थर लोड करने जा रहा था। इसी दौरान चंचालिनी धाम मुख्य द्वार के समीप हाईवा में कुछ शार्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लग गई। आग लगते ही चालक ने समझदारी दिखाते हुए हाईवा से कूदकर अपनी जान बचाई।

## लंबित आवासों को पूर्ण करने को लेकर बीडीओ ने लगाया कैंप

मरकच्चो (कोडरमा)। डीडीसी ऋतुराज के निर्देश पर बीडीओ द्वारा मंगलवार को डगरनवां पंचायत में लंबित आवासों को पूर्ण करने को लेकर कैंप लगाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण एवं अबुआ आवास योजना अंतर्गत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया गया, जिसमें आवास निमार्ण कर रहे लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं 60 दिनों तक राशि जाने के बाद भी आवास लंबित रखने वाले लाभुक को नोटिस दिया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत राज पदाधिकारी सियाराम सिंह, प्रखंड समन्वयक आवास रवि कुमार, पंचायत सचिव श्याम सुंदर प्रसाद, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, पंचायत सहायक आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य कर्मियों की समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

● झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य संयुक्त सचिव सह जिलाध्यक्ष ने समस्याओं के समाधान की मांग की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य संयुक्त सचिव सह जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में झारखंड राज्य में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अनुबंध एवं आउटसोर्स तथा सरकारी कर्मियों की समस्या का समाधान के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को सदर अस्पताल भ्रमण के दौरान ज्ञापन सौंपा और कहा कि आउटसोर्सिंग, अनुबंध और स्थायी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हमेशा समस्या बना रहता है। जिससे कर्मियों में मानसिक तनाव की स्थिति बनी रहती है। 11 सूत्री मांगों में अनुबंध पर कार्यरत पारामेडिकल कर्मियों को समान कार्य का समान वेतन देने, अनुबंध पर कार्यरत प्रबंधक ग्रुप के सभी कर्मियों यथा जिला स्तरीय प्रबंधक प्रखंड स्तरीय प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक आदि के पद को सृजन कर स्वीकृत पद के विरूद्ध समायोजन करते हुए समान वेतन देने, 15000 से उपर मानदेय वाले अनुबंध कर्मियों का इपीएफ में कटौती करने, ऑउटसोर्स कर्मियों को अनुबंध पर समायोजन कर ठेकेदारी प्रथा से मुक्त करने, अनुबंध एवं आउटसोर्स के सभी कर्मियों एवं चिकित्सा पदाधिकारियों को सरकारी कर्मियों के अनुरूप स्वास्थ्य बीमा लागु करने, लिपिकों का ग्रेड पे 1900 को समाप्त कर 2400 से प्रारंभ करने, परिवार कल्याण कार्यकर्ता को विभागीय आदेशानुसार प्रोन्नति देने, चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय श्रेणी में पदोन्नति देने, झारखण्ड पारा मेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 विज्ञापन संख्या-20/2023 को समयानुसार परीक्षा लेने, आरबीएसके के अनुबंध चिकित्सकों को नियमित आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के समान वेतन देने, सामुदायिक उत्तप्रेरण कोषांग अर्न्तगत कार्यरत सभी सहिया, सहिया-साथी प्रखंड प्रशिक्षक दल एवं राज्य प्रशिक्षक दल को भारत सरकार के श्रम एवं नियोजन विभाग के द्वारा निर्धारित राशी के अनुसार मानदेय भुगतान करने की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में शैलेन्द्र तिवारी, कुमार गौरव, प्रमोद कुमार, इंद्रदेव यादव, मुजाहिद हसन, चन्दन किशोर पाण्डेय, कोमीला कुमारी, दिनेश कुमार, डॉ. विश्वकर्मा गोश्वामी, डॉ. राकेश कुमार सिंह, पूनम कुमारी, बिपिन कुमार, डीपीसी आयुष्मान सुमित कुमार, विनीत अग्निहोत्री, शेखर कुमार, नंदकिशोर पाण्डेय, सुशांति लकड़ा, अवध रंजना, आयुष कुमार सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

# शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं पोषण संस्थानों का बीडीओ ने किया समग्र निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं पोषण संस्थानों का समग्र निरीक्षण बीडीओ गौतम कुमार के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय से संतोष कुमार उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडु, आंगनबाड़ी केंद्र पांडु, यादव टोला कोड संख्या 82 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पारसबाद का अवलोकन किया गया। वहीं विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति, कक्षाओं की नियमितता, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, पुस्तक वितरण, शौचालयों की स्थिति एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर निर्देश दिया। वहीं शिक्षकों की उपस्थिति एवं शिक्षण पद्धति की भी समीक्षा की।

वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे सप्लीमेंट्री पोषण, स्वास्थ्य जांच, वजन और ऊंचाई की माप, पोषण ट्रैकर पर अपडेट, बच्चों के सीखने-सिखाने की गतिविधियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति, भोजन सामग्री का रख-रखाव, एवं पंजी संधारण की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। केंद्र की स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया गया। वहीं स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी पंजी, दवाओं की उपलब्धता, दवा की समाप्ति तिथि टीकाकरण कक्ष, प्रसव कक्ष, स्टाफ की उपस्थिति, स्वच्छता, एवं आवश्यक उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। वहीं रोगियों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया। वहीं निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के लिए कई निदेश दिया एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा सुनिश्चित करने की सलाह दी।

## गैरमजरूआ आम भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : सीओ

कोडरमा। अंचल अंतर्गत सभी गैरमजरूआ आम भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पूर्णतः अवैध है, उक्त बातें सीओ ने कही। वहीं उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति गैरमजरूआ आम भूमि पर अतिक्रमण किये हैं, वे 48 घंटे के अन्दर अतिक्रमण स्वयं हटाना सुनिश्चित करें, अन्यथा प्रशासन द्वारा बलपूर्वक हटाया जाएगा तथा संबंधित अतिक्रमणकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने मंगलवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग पर नावाडीह टू के समीप अवैध रूप से बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर बराकर नदी से अवैध रूप से बालू लोड कर घोडथम्भा की ओर जा रहे थे। सीओ ने ट्रैक्टर में बालू लदा देख ट्रैक्टर को रुकवाकर बालू से संबंधित पूछताछ की तथा बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आए।

## बीएड का मूल प्रमाण-पत्र खो जाने को लेकर सनहा दर्ज

**कोडरमा।** बीएड का मूल प्रमाण-पत्र खो जाने को लेकर कुन्दन कुमारी पिता कैलाश प्रसाद दूधीमाटी शिक्षक कॉलोनी कोडरमा निवासी ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि मैं अपना बीएड का मूल प्रमाण-पत्र का फोटो कॉपी कराने कोडरमा बाजार गयी थी, पर बाजार में कहीं प्रमाण-पत्र गिर गया, जिसका सीरियल नंबर पी-059157, रजिस्ट्रेशन नंबर बीडी115534 कॉलेज 0817-आएश कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वीमेन गुलबर्ग है। जो कर्नाटका स्टेट वोमेन्स यूनिवर्सिटी, बीजापुर से 26 फरवरी 2013 को निर्गत किया गया है।

## 407 वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडू में 407 वाहन की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृद्धि की मौत हो गई। 407 वाहन जेएच02एजेड-6770 कोडरमा की ओर से जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल जेएच12जी-0142 पर सवार 60 वर्षीय प्रकाश पांडे तिलोकरी निवासी 407 वाहन की चपेट में आ गये। इस घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी और वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचकर वृद्ध व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, मगर रास्ते में ही वृद्ध की मौत हो गई। वहीं घटनास्थल से पुलिस 407 वाहन व मोटरसाइकिल को जब्ता कर थाना ले गयी।

## खबर एक नजर में

### अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध प्रशासन सख्त, टास्क फोर्स का गठन



**चतरा।** अवैध अफीम की खेती और निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर चतरा जिला प्रशासन ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें अब तक की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं वन विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान थाना प्रभारियों ने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर प्राथमिकता के आधार पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। साथ ही संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। यह भी सुनिश्चित किया गया कि विनष्टीकरण के बाद संबंधित क्षेत्रों में पुनः खेती न हो, इसके लिए थाना स्तर से निगरानी जारी है। उपायुक्त श्री घोलप ने निर्देश दिए कि डोडा, अफीम समेत अन्य निषिद्ध मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अभियान मोड में व्यापक जांच की जाए। इसके लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जो रोकथाम के साथ-साथ आम जनता को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। साथ ही निर्दोष लोगों को बहला-फुसलाकर इस कार्य में शामिल करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पूर्व में की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उत्तरी राहुल मीणा, वन्यप्राणी हजारीबाग के प्रतिनिधि, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

### झारोटेफ का ध्यानाकर्षण रैली सह ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित



**हंटरगंज/चतरा।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन की प्रखंड इकाई द्वारा मंगलवार को हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय में ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य सरकार का ध्यान कर्मचारियों की 3 प्राथमिक एवं 8 विशिष्ट मांगों की ओर आकर्षित करने हेतु आंदोलन के दूसरे चरण के तहत किया गया। संघ के प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार और जिला संयोजक अनुप कुमार ने बताया कि शिक्षक संवर्ग को अन्य राज्य कर्मियों की तरह एमएसीपी का लाभ दिया जाए, राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष की जाए, तथा केंद्रीय कर्मियों की भांति शिशु शिक्षण भत्ता राज्य कर्मियों को भी प्रदान किया जाए। विशिष्ट मांगों में एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने की प्रक्रिया, सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति, गैर-लाभकारी संशोधनों की वापसी, परिवहन भत्ता, 300 से अधिक अवकाश उपार्जन की सुविधा, लिपिक संवर्ग के लिए समान सेवा नियमावली, चतुर्थवर्गीय कर्मियों को नियमित प्रोन्नति तथा संविदा/आउटसोर्सिंग बहाली प्रणाली को समाप्त करने की मांगें शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रखंड के दर्जनों कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिनमें विनय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिन्हा, पप्पू कुमार यादव, यशवंत कुमार यादव, नवरदेश्वर गुप्ता, कृष्णा कुमार, ओमप्रकाश महतो, आलोक कुमार सिंह एवं राकेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा विद्यालय में जल पखवाड़ा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**गिद्धौर।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में जल संरक्षण को लेकर एक पखवाड़े तक चलने वाले ‘जल पखवाड़ा’ कार्यक्रम के तहत गिद्धौर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान छात्राओं ने जल संरक्षण के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली और निबंध लेखन व स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने बताया कि जल जीवन के लिए जरूरी है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने पानी की बबार्दी रोकने, भूमिगत जल का संरक्षण करने और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डेन बिंदु पोद्दार सहित विनय दांगी, मंजू कुमारी, पिंकी कुमारी, किरण कुमारी और पूनम कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं।

### बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बीडीओ राहुल देव की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और आवास कोऑर्डिनेटर शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था। बीडीओ ने बिरसा सिंचाई कूप निर्माण की स्थिति की जानकारी ली और अबुआ आवास योजना में स्थल का निरीक्षण कर जिओ टैग करने के बाद ही राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड के सभी पंचायतों में आम बागवानी योजना के तहत बुधवार से ‘गढ़ा खोदो’ अभियान चलाने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, सुमीरा कुमारी, बेबी देवी, डेगन गंझु, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, उज्वल सिंह, चितरंजन शर्मा, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, सतेंद्र वर्मा, निर्मल दांगी और पार्वती कुमारी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा परशुराम जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने की प्रेरणा ली। इस मौके पर संजय पांडेय, मुनि पांडेय, गौतम पांडेय, भूपेंद्र पांडेय, राजकुमार पांडेय, नीतीश पांडेय, संदीप पांडेय, नैतिक कुमार पांडेय, पंकज पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

### लोकपाल ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण



**गिद्धौर।** प्रखंड के बारिसाखी पंचायत भवन में मंगलवार को मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन में मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के अभिलेखों की जांच की और बीपीओ तथा अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद लोकपाल ने बारिसाखी गांव में बने डोभा, कूप और आम बागवानी योजना का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने ‘गढ़ा खोदो, पौधा लगाओ’ अभियान की शुरूआत की और बताया कि बुधवार से प्रखंड के सभी पंचायतों में यह अभियान शुरू किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान बीपीओ रामकुमार सिंह, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, पार्वती कुमारी समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# आरपीवाई बीएड कॉलेज में आरपीवाई यूथ उत्सव के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

● सभी सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र व मेडल से किया गया सम्मानित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को दो दिवसीय आरपीवाई यूथ उत्सव के अंतिम दिन रंगोली, निबंध, स्लोगन, कविता लेखन व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतरसदनीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय जल बचाव-जीवन बचाओ था। जबकि निबंध प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण संरक्षण था। वहीं कविता लेखन प्रतियोगिता का विषय शिक्षा और शिक्षक एवं स्लोगन लेखन का विषय महिला शिक्षा था। रंगोली प्रतियोगिता में विनर विवेकानंद हाउस व रनर टैगोर व विनोबा हाउस रहा। जबकि निबंध प्रतियोगिता में विनर गुंजा भारती व रनर निशा कुमारी रहीं। वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विनर सत्र 23-25 की तबस्सुम परवीन व रनर कुणाल कुमार गोस्वामी रहे। कविता लेखन प्रतियोगिता में विनर सुनील कुमार व रनर सूरज पांडेय रहे। इसके अलावा मेंहदी प्रतियोगिता में विनर मुस्कान और प्रिया रानी व रनर रिशु और स्मृति रहीं।

सभी सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया।

वहीं प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि दोनों दिनों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में आपकी भागीदारी आपकी प्रतिभा की तैयारी को प्रदर्शित करती है। कल आप भी एक शिक्षक बनेंगे इसलिए एक शिक्षक को बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी शामिल करना अनिवार्य है, ताकि उसके बौद्धिक क्षमता का विकास हो सके।

मौके पर संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, खुर्शीद अली, अनिल कुमार, हरचरण सिंह, आनंद कुमार सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथिलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध सख्ती व जांच अभियान तेज करें : उपायुक्त

● जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन और भंडारण की रोकथाम हेतु की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरूआत में 29 मार्च 2025 को हुई पिछली बैठक के निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई। आम्रपाली कोल परियोजना के महाप्रबंधक ने बताया कि निर्देश के अनुसार रोड स्वैपिंग मशीन और फॉग कैनन की खरीद पूरी कर ली गई है, जिन्हें जल्द ही संचालन में लाया जाएगा। इस पर उपायुक्त ने 15 दिनों के भीतर संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सीटीओ के अनुपालन में कमी और निरीक्षण में लापरवाही को लेकर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी, जेएसपीसीबी हजारीबाग और टंडवा के अंचल अधिकारी पर नाराजगी जताई और आपसी समन्वय से नियमित निरीक्षण की बात कही। उपायुक्त ने अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध धीमी कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में अभियान तेज करने तथा अवैध बालू, पत्थर, कोयला खनिज के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने और जुमार्ना वसूली के निर्देश दिए। विशेष रूप से सदर, हंटरगंज, सिमरिया एवं गिद्धौर अंचल को वाहनों की औचक जांच करने और ओवरलोडिंग या ई-चालान की गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला खनन पदाधिकारी मनोज कुमार टोप्पो ने अवैध खनन पर अब तक की कार्रवाई की जानकारी दी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 154 खनिज लोड वाहनों की जब्ती और 92 प्राथमिकी दर्ज की गई, जिससे ?31.61 लाख का जुमार्ना वसूला गया। वहीं 2024-25 में अब तक 145 वाहन जब्त कर 83 प्राथमिकी दर्ज की गई और 22.21 लाख की जुर्माना राशि वसूली गई। यह भी निर्देश दिया गया कि बैठक के 15 दिन के भीतर अनुमंडल स्तर पर अनुपालन समीक्षा कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। बैठक में एसपी विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, मुकेश कुमार, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, डीटीओ इंद्र कुमार, टंडवा कोल परियोजना अधिकारी, सभी सीओ एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### मंइयां व पेंशन योजनाओं के भौतिक सत्यापन को लेकर शिविर का आयोजन



पेंशन योजना का सत्यापन शिविर में शामिल लोग।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना एवं सभी पेंशन योजनाओं के लाभुकों का भौतिक सत्यापन हेतु शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत के सभी राजस्व गांव से ग्रामीण शामिल हुए। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का नॉन डेबिट या होल्ड के लाभुक सूची प्राप्त से भौतिक सत्यापन किया गया। विकलांग, विधवा व वृद्धावस्था निराश्रित योजना का लाभुकों का बैंक अकाउंट आधार मोबाइल नंबर का मिलान करके भौतिक सत्यापन किया गया। इस अवसर पर उप मुखिया अजीत मनी पाठक, आदित्य भगत, दिलीप उरांव, मुनेश्वर उरांव, आनंद महली, रीमा उरांव, मनमेंत देवी, लक्ष्मी उरांव, किरण देवी रोमियो एक्का, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### विभिन्न कांडों के चार अभियुक्तों के घर में जारी पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी बाबर अंसारी पिता कादिर अंसारी, तिगरा निवासी विकास तिर्की पिता पात्रिक तिर्की, जशपुर जिला अन्तर्गत मनोरा थाना के डड़गांव निवासी नागेश्वर उर्फ इस्तीयाक उर्फ असलम और पाकरडीह निवासी सुकेन्द्र बैगा के घर में मंगलवार को जारी पुलिस ने ढोल नगाड़ा लेकर ग्रामीणों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया। वहीं परसा निवासी बाबर अन्सारी के ऊपर मारपीट और धमकी देने के आरोप में जारी थाना मे धारा 147,148,149 और 338 लगाया गया है। तिगरा निवासी विकास तिर्की के ऊपर डकैत एवं हत्या के आरोप मे धारा 395, 397 दर्ज है। जशपुर जिले के मनोरा थाना अन्तर्गत डड़गांव निवासी नागेश्वर के ऊपर मारपीट और धमकी का केस दर्ज है। जिसमे धारा 147,148,149 और 386 दर्ज है। पाकरडीह निवासी सुकेन्द्र बैगा के ऊपर हत्या का आरोपी है। सभी आरोपियों के घर जाकर आज जारी थाना के एएसआई रमेश महतो के द्वारा ढ़ोल नगाड़ा लेकर इश्तेहार चिपकाया गया। साथ ही एएसआई रमेश महतो ने कहा कि आरोपी एक महीने के अन्दर कोर्ट मे जाकर सरेंडर करें अन्यथा एक माह के बाद कोर्ट में प्रस्तुत नही होने पर कुर्की जब्ती किया जाएगा।

### डॉ संदीप 4 मई को गुमला में

**गुमला।** चर्म, कुष्ठ एवं थाईराईड रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप 4 मई को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### फल व सेनेटरी पैड का वितरण

**गुमला।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के कन्या भ्रूण कार्यक्रम के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गुमला के द्वारा सदर अस्पताल गुमला में महिला बेटियों के बीच फल और सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रेरणा शाखा की सचिव ज्योति फोगला और सदस्य रचना अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुआ।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पेटरवार में जोरदार प्रदर्शन



**बेरमो।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में पेटरवार में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हुए और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने पेटरवार हाई स्कूल मैदान से पैदल मार्च निकाला जो बाजार, एनएच-23 होते हुए प्रखंड कार्यालय तक पहुंचा। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भूपेंद्र कुमार महतो ने कहा यह हमला केवल पर्यटकों पर नहीं, बल्कि पूरे देश की आत्मा पर हमला है। उन्होंने सरकार से कठोर और निर्णायक कार्रवाई की मांग की।

## जन शिकायत निवारण दिवस में गुमला डीसी ने सुनी जनता की समस्या

### निदान को लेकर दिये कई दिशा निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में डीसी कर्ण सत्यार्थी ने आम जनों के विभिन्न समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी जाना एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। डुमरी प्रखंड के आकाशी पंचायत अंतर्गत पटरूंगी गांव में पुना बांधा के समीप पुलिया निर्माण करने हेतु ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया है। पुलिया निर्माण के लिए ग्रामीणों द्वारा जमीन चिन्हित कर लिया गया है। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। गुमला के खरका पंचायत अंतर्गत डुमरला गांव में पेयजल की समस्या से ग्रामीण काफी परेशान है। इस गांव में तकरीबन 15 घर है। जहां लोगों की पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा गांव में एक चापानल लगवाने हेतु आग्रह किया गया है। इस संबंध में डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए। कुम्हरिया पंचायत के राजस्व ग्राम धनगांव गांव के जामटोली में सड़क के स्थान पर किसी ग्रामीण द्वारा अवैध रूप से आवास निर्माण कर लिया गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपायुक्त से मिलकर आवेदन दिया है। उक्त स्थान पर पूर्व में रास्ता था। जिसे बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने जांच कर पुनः रास्ता देने की मांग की। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। सिसई प्रखंड अंतर्गत उत्तरी बरगांव के वार्ड 10 एवं 11 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल एवं शौचालय की सुविधा नहीं है। इसके कारण वहां कार्यरत महिला एवं पुरुष कर्मियों को काफी परेशानी होती है। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से अबुआ आवास की किस्त, भूमि अधिग्रहण की राशि, रोजगार, आर्थिक सहायता, जमीन मापी, सड़क, नाली, अबुआ आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ना एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु आवेदन आये। डीसी ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## बसिया के दो खिलाड़ियों का वूमेंस अंडर 15 टीम में हुआ चयन

### धनबाद में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में लेंगी भाग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बसिया।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा धनबाद जिला में आयोजित होने वाले अंडर-15 वूमेंस अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बसिया प्रखंड के भागीडेरा गांव की श्रुति कुमारी पिता सुरज साहु और बिनीता कुमारी पिता राजू साहु का चयन जिला टीम से हुआ है। ये दोनों वुमेन्स अंडर-15 मैच खेलने के लिए धनबाद जिला के लिए रवाना हुए। ये दोनों के चयन से बसिया क्षेत्र में खुशी का मौहोल है। दोनों उसुर्लाइन कोंवेंट बालिका उच्च विद्यालय कोनबीर-नवाटोली की छात्रा है और एक साल से बसिया सब डिवीजन क्रिकेट एकेडमी के कोच राजू राम के संरक्षण में क्रिकेट सीख रही है। ट्रेनर राजू राम ने कहा कि हमारे बसिया जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी सुविधा के यहां की लड़कियां बहुत अच्छी क्रिकेट खेल रही है। इसी तरह यहां के अभिभावकों का स्पोर्ट मिलता रहेगा तो वो दिन दूर नहीं कि यहां की लड़कियां इंडिया के लिए खेलेगी।

## घाघरा में जेएच स्मार्ट पीडीएस पर राशन डीलर को दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में झारखंड स्मार्ट पब्लिक डिसटीब्यूशन सिस्टम विषय पर राशन डीलरों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। डीएसओ गुमला कार्यालय से आए प्रशिक्षक मनीष कुमार और मुर्शीद रजक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में घाघरा प्रखंड क्षेत्र और बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र के राशन डीलरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा ई पोष मशीनों का संचालन, राशन कार्ड धारी का सत्यापन, डिजिटल वितरण प्रक्रिया, ऑनलाइन डाटा एंट्री और मोबाइल ऐप के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही तकनीकी समस्या आने पर हेल्पलाइन संबंधित जानकारी भी दी गई। वहीं प्रशिक्षक मनीष कुमार ने बताया कि अब राशन दुकानों पर ई पोश मशीनों के माध्यम से केंद्र सरकार से अपडेट किए डाटा के आधार पर खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। जिससे वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और लाभुकों का समय पर उचित मात्रा में खाद्यान्न मिल सकेगा। मौके पर राशन डीलर श्याम बिहारी शुक्ला, प्रसाद साहू, निमाज खान,शिशिर कुमार शर्मा,वीरेंद्र साहू, दीपक कुमार, राकेश कुमार,संजय कुमार, जगरतन साहू सहित कई राशन डीलर उपस्थित थे।

## कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सुखदेव

### दिशा की बैठक में सांसद ने दिये कड़े निर्देश



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों की समीक्षा करते हुए कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में सभी विभागों के द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश सांसद द्वारा दिये गये। सांसद ने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक के क्रम में सांसद द्वारा एन एच आई विभाग को निर्देश दिया गया कि जिले के कड़ाक में बनने वाले टोल प्लाजा के कार्य को स्थगित कर नियमाअनुसार कार्रवाई करें साथ ही एन एच आई द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि की मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए। सांसद द्वारा कुडू से घाघरा तक बनने वाले रोड को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मामला आया की शाही घाट से मान्हेपाठ तक का सड़क निमार्णाधीन कार्य विगत दो वर्षों से बंद है सांसद ने इसे अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। केरार से गोताग में बन रहे रोड में अनियमितता पर सांसद ने जिला प्रशासन को टीम बनाकर अविलंब जांच कर उचित कारवाई करने का निर्देश दिया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वह बाल्मीकि नगर को विकसित करने व उनकी भूमि बंदोबस्ती के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। सांसद द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निर्देश दिया गया की अरेया में बंद हर घर नल जल योजना को जल्द से जल्द चालू करें साथ ही सेन्हा प्रखंड के बदला में भी जलापूर्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने दिया। साथ ही सांसद भगत द्वारा हिंडाल्को के रोपवे में प्रभावित भूमि के कुछ मामलों को भी जल्द से जल्द निबटाने का निर्देश दिया। खेल विभाग को निर्देश दिया गया कि जिले के जलाशयों में बोट चलाने के लिए उचित एवं अग्रेत्तर कार्रवाई करें साथ ही खरता नदी में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले मेलाटांड़ को विकसित करने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई की जाए। खेल विभाग को ग्राम रोचो में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए वह बैंकों में आवश्यक पेयजल की व्यवस्था करायें। बैठक में डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, समेत दिशा के सदस्य, प्रखण्ड प्रमुख, पदाधिकारीगण व अन्य उपस्थित थे।

## सफाई के नाम पर खानापूर्ति बंद करें नगर परिषद : रमेश

**गुमला।** गुमला नगर परिषद सफाई के नाम पर खानापूर्ति बंद करें। जब वो पूरे शहरी इलाके के नागरिकों से होल्डिंग टैक्स की वसूली करती है, तो सुविधा भी सभी को देनी चाहिए। इसलिए सफाई व्यवस्था में जल्द सुधार करें अन्यथा आवाज उठाई जाएगी। उक्त बातें चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कही। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पाया गया कि शहर में गंदगी का अंबार है। विशेषकर पालकोट रोड में पेट्रोल पंप के आगे सफाई कर्मी जाते ही नहीं है। जबकि उस मार्ग में कॉलेज से लेकर बड़े-बड़े व्यापार के सेक्टर है। बावजूद नप उदासीन रवैया अपना रहा है। जब टैक्स वसूला जा रहा है, तो सुविधा भी मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासक और सिटी मैनेजर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शहर को साफ व स्वच्छ बनाने की अपील की है।

## इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड व कामर्स ओलंपियाड में डीएवी के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा गत वर्ष आयोजित इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड एवं इंटरनेशनल कामर्स ओलंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने आज सभी को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में कक्षा चतुर्थ की काव्या साबू को जोनल मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन एवं रचित पांडे को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त हुआ है। वहीं कक्षा दशम के साकेत कुमार, आर्या गुप्ता एवं किशन शांडिल्य को जोनल मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन तथा अक्षयवंश प्रसाद, आयुष कुमार गुप्ता और प्रजन्य कुमार को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त हुआ है। इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में कक्षा एकादश के अच्युत को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस तथा कक्षा द्वादश के प्रणव राज गुप्ता, रिया दासगुप्ता और कासिफ परवेज को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर ओलंपियाड कोआर्डिनेटर अभिजीत झा समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## अंजुमन इस्लामिया कैरो चुनाव कमिटी के अध्यक्ष बने अलीरजा अंसारी



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मकतब में कैरो बस्ती के मुस्लिम धर्मावलंबिों की आवश्यक बैठक अंजुमन के पूर्व सदर इम्तियाज अंसारी की सदारत में की गई बैठक में अंजुमन के लिए नई कमिटी का गठन हेतु विचार-विमर्श किया गया। ध्यातव्य है कि सितंबर 2024 में ही पुरानी कमिटी का कार्यकाल समाप्त हो गया था।अब नई कमिटी के गठन के सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गुप्त मतदान के माध्यम से पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए एक चुनाव कमिटी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष अलीरजा अंसारी बनाए गए। चुनाव कमिटी के सदस्य के रूप में मौलाना नुरूल हसन, मोबरक हुसैन, तबारक अंसारी, एहसान अंसारी, अब्दुल मनान खान, जहांगीर अंसारी, शकील अंसारी, कलीम अंसारी के नाम शामिल हैं। मौके पर चुनाव कमिटी के अध्यक्ष अलीरजा अंसारी ने कहा कि आगामी शुक्रवार 2 मई को चुनाव से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की जाएंगी। उसी दिन चुनाव में नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों की योग्यता, नामांकन तिथि, नाम वापसी की तिथि, चुनाव चिन्ह आबंटन, प्रचार करने की अंतिम तिथि, गुप्त मतदान एवं चुनाव परिणाम के घोषणा इत्यादि की तिथियां घोषित की जाएंगी।

## जबतक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है : अलीरजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू।** जल का हर एक बूंद बेशकीमती है। शुद्ध जल का उपयोग यदि बुद्धिमत्तापूर्वक नहीं किया गया तो आनेवाले समय में भीषण जल संकट का सामना करना निश्चित है। हमें जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए छात्र जीवन से ही इसके लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए। उक्त बातें आज कुडू प्रखंड क्षेत्र अवस्थित पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के सौजन्य से निकाली गई जल संरक्षण पखवाड़ा के तहत निकाली गई जागरूकता रैली में विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने लोगों से कहीं उन्होंने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी जानदार का जीवन जल रहते तक ही सुरक्षित है। जल के अभाव में जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। शिक्षक प्रमेश कुमार सिंह, खुशमारेन मर्शिला तिर्की इत्यादि ने भी अपने संबोधन में जल की बबार्दी रोकने और इस निमित्त लोगों को जागरूक करने की अपील छात्र-छात्राओं से की। विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने मौके पर सभी को जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई। मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं चांदो तिर्की, फुलमनी कुमारी, सरिता टोप्पो,मोनिका उरांव, बीएड की प्रशिक्षु शिक्षिकाएं बेला ठाकुर, कंचन प्रिया कुजूर, नेहा कुमारी, यशोदा, संध्या कुमारी, राखी टोप्पो व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बसिया में रक्तदान शिविर में 35 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बसिया।** रेफरल अस्पताल बसिया में ब्लड बैंक गुमला एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेशिविर चला। रक्तदान शिविर में कुल 35 यूनिट ब्लड का संग्रह कर गुमला ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। शिविर में ब्लड डोनेट करने वाले सभी लोगों को प्रोत्साहन स्वरुप उपहार प्रदान किया गया। मौके पर थानेदार युधिष्ठिर कुमार प्रजापति की अगुवाई में कई पुलिस जवानों ने रक्तदान किया। वहीं रक्तदान शिविर में रेफरल अस्पताल के कई कर्मी, प्रदान संस्था में कार्यरत कर्मचारी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में एलआरडीसी शेखर कुमार, बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश मुंडा, चिकित्सा प्रभारी डॉ.विजय लकड़ा, बीपीएम संदीप साहू आदि उपस्थित थे।

## कुरूमगढ़ पुलिस ने ट्रक में लदा अवैध लकड़ी किया जब्त, दो गिरफ्तार

**चैनपुर।** चैनपुर के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के दरकना मनातू के समीप अवैध रूप से साल की लकड़ी लदे ट्रक के साथ दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मुनेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाया। पकड़े गये लोगों की पहचान बंधन महतो और शमशाद अंसारी के रूप में हुई है। दोनों अवैध तरीके से वनों से साल की लकड़ी काटकर उसे ट्रक में लोड कर रहे थे। थाना प्रभारी मुनेश तिवारी ने बताया गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र में अवैध रूप से साल की लकड़ी काटकर उसे गाड़ियों में लोड किया जा रहा है। इसके बाद हमने एक टीम गठित करके छापामारी की। पूछताछ के दौरान जब दोनों आरोपियों ने कोई कागजात नहीं दिखाए तो कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की। कुरूमगाड़ थाना प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई अवैध वनों की कटाई और परिवहन के खिलाफ उनकी निरंतर मुहिम का हिस्सा है। मुनेश तिवारी ने बताया कि मामले की आगे की जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या इस अवैध गतिविधि में अन्य लोग भी शामिल थे या यह केवल एक स्थानीय नेटवर्क का मामला है। इस करवाई से लकड़ी माफियों में मचा हड़कंप है।

## रायडीह प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक

### कांसीर पंचायत के चापाडीह में खण्ड समिति का हुआ पुनर्गठन



बैठक में शामिल विहिप बजरंग दल के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखण्ड के कांसीर पंचायत के चापाडीह गांव में विश्व हिन्दु परिषद, बजरंगदल की बैठक श्री अरुण कुमार पांडा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कांसीर खण्ड समिति को निरस्त करते हुए पुनः समिति का गठन किया गया। समिति के नये कार्यकर्ताओं को कार्य को सुचारु ढंग संचालित करने के लिए प्रेरित भी किया गया। जिसमें समिति का अध्यक्ष श्री दुर्गा बैगा, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, मंत्री विनोद सिंह, सह मंत्री जयराम सिंह, बजरंगदल संयोजक मुकेश सिंह, सह संयोजक नितेश सिंह, गौ रक्षा प्रमुख जगदेव लोहार, गौ रक्षा सह प्रमुख, शोखा सिंह,मातृ शक्ति प्रमुख प्रतिमा देवी, मातृ शक्ति सह प्रमुख गीता देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका पुर्णिमा कुमारी, दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका पुजा कुमारी,सत्संग प्रमुख राजकेश्वर सिंह, सेवा प्रमुख ललिन्द्र सिंह, मठ मंदिर सुरक्षा प्रमुख अर्जुन सिंह, सूचना एवं प्रचार प्रसार प्रमुख जन्मेजय सिंह, अचक पुरोहित विनय सिंह, समाजिक समरस्ता प्रमुख रामलगन सिंह तथा अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया। सभा को संबोधित करते हुए केशवचन्द्र साय ने कहा की हम सभी हिन्दुओं पर बहुत बड़ा संकट मंडरा रहा है। हम सभी हिन्दुओं को जात पात भेद भाव छोड़कर अपनी हिन्दु एकता का परिचय देने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रुप से विभाग मंत्री केशवचन्द्र साय, अशोक सिंह, अरुण कुमार पांडा, हिमांशु साहु, सामु सिंह, पंचायत के विभिन्न गांव कांसीर, चापाटोली, मुरुमकेला, घाघरा, जमगाई, मरिमटोली, चापाडीह, सेमरटोली, आदी ग्राम से ग्रामीण महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित थे।

## अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा स्कूटी, नाबालिक लड़का घायल



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागड़ा और गुनिया मोड़ के बीच में मुख्य पथ पर अनियंत्रित होकर गड्ढे में स्कूटी सवार जा गिरा। जिससे स्कूटी सवार झरगांव ग्राम निवासी सोहनाथ उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसके अन्य साथी सुखनाथ और दशरथ उरांव को कोई चोट नहीं आई। घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस की मदद से सोहनाथ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साथियों के मदद से लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों साथी स्कूटी पर सवार होकर झरगांव से मसरिया डैम घूमने आ रहे थे। इसी क्रम में मोड में स्कूटी अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरे जिससे सोहनाथ घायल हो गया।

## चैनपुर के बैरटोली गांव से घर में रखे 5 बकरियों की चोरी

पशुपालक बोनीफास लकड़ा के घर तीसरी बार चोरों ने दी बकरी चोरी को अंजाम, चोर अब तक लगा चुके हैं लाखों रूपये का चुना





इसी घर से हुई बकरियों की चोरी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बैरटोली निवासी बोनीफास लकड़ा के घर में रखी दस बकरी में से पांच बकरी की चोरी हो गई। यह वारदात रात के समय हुई। जब बोनीफास लकड़ा और उनके परिवार के सदस्य बकरी को ताला लगाकर अपने कमरे में सो रहे थे। चोरी की यह घटना बोनीफास लकड़ा के घर तीसरी बार घटित हुई। जिससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। चोरी की जानकारी मिलते ही जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने सक्रियता दिखाई और तुरंत ही चैनपुर, डुमरी, जारी, और कुरूमगढ़ थाना प्रभारी को अलर्ट किया। उन्होंने चोरी में संलिप्त गाड़ी की जानकारी भी साझा की। जिससे पुलिस विभाग को कार्रवाई में सहायता मिल सके। कुछ समय पहले कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र में भी बकरी चोरी की घटनाएं बढ़ गई थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर एकजुट होकर गांव में अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित करने का निर्णय लिया था। लेकिन अब चैनपुर थाना क्षेत्र में बकरी चोरों का आतंक फिर से बढ़ने लगा है। जिससे स्थानीय किसान व पशुपालक चिंतित हैं। जिप सदस्य ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि वे अपने जानवरों को खुला न छोड़ें और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें। इस घटना से यह स्पष्ट है कि चोरों के खिलाफ जागरूकता और सतर्कता बहुत आवश्यक है, ताकि ऐसे घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी निगरानी बढ़ाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि चोरों पर सख्त कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में चैनपुर थाना को भी सक्रिय रहने की सलाह दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने में सहायता मिल सके।

बोनीफास समेत अन्य प्रभावित किसान सरकार से उचित सुरक्षा और सहायता की अपेक्षा कर रहे हैं, ताकि उनकी मेहनत और मेहनती जीवन को कोई अन्य नुकसान न पहुंचा सके।

# पुलिस ने हथियार के साथ पांच अपराधियों को दबोचा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने वाले 5 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि एनटीपीसी टंडवा से बालूमाथ के आरा (मगध कोलियरी) तक कन्वेयर बेल्ट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके ठेकेदार एवं एनटीपीसी के अधिकारियों को फोन कर टीएसपीसी संगठन के भास्कर उर्फ पर्वत जी के नाम से लेवी मांग की जा रही थी। साथ ही आरा में चल रहे कन्वेयर बेल्ट निर्माण कार्य को बंद करा दिया था। जिसके बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसमें सूचना प्राप्त हुई कि सोमवार देर रात आरा गांव से सटे जंगल में कुछ संदिग्ध लोगों के एकत्रित हुए है। जहां मौके पर से पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दो अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। वही गिरफ्तार अपराधी पास से एक पिस्टल, जिंदा कारतूस 7,3-3 चितकबरा टी-शर्ट, पजामा,



गिरफ्तार किये गये अपराधियो।

टीएसपीसी पर्चा 8, लेटरपैड 2, दोकीपैड मोबाइल, पांच एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया है। वही गिरफ्तार अपराधियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि ये लोग टीएसपीसी संगठन के भास्कर उर्फ पर्वत जी के नाम पर फोन पर एनटीपीसी और ठेकेदारों से लेवी की मांग की गई थी। एवं काम बंद कर दिया गया था। तथा बिना मैनेज किए हुए काम करने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहने की धमकी दी था। तथा टीएसपीसी संगठन का पर्चा भी फेका था। वही गिरफ्तार अपराधियों में उपेंद्र उरांव 20वर्ष बुधराम उरांव ग्राम ओलहेपाट, निरंजन उराँव 21 वर्ष भुनेश्वर उरांव ग्राम बघोता, शेरेगड़ा,बबलू यादव 32 वर्ष पिता भवानी यादव पुंदुरलावा, शेरेगड़ा, अशोक साव 55 वर्ष पिता गोविंद साव ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी एवं बालेश्वर उरांव 50 वर्ष पिता स्व. मंगरा उरांव ग्राम सुइयाटांड थाना टंडवा जिला चतरा निवासी शामिल है। पुलिस के अनुसार बबलू यादव पर बालूमाथ थाना में चार प्राथमिक दर्ज है। जबकि बालेश्वर उराँव चंदवा एवम टंडवा थाना के दो कांड का अभियुक्त है। वही अशोक साव पर चार मुकदमा बालूमाथ, टंडवा, गिधौर, बड़कागांव में दर्ज है। सभी गिरफ्तार अपराधियों को कांड संख्या 40/25 के तहत मामला दर्ज कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। इस छापेमारी दल में एसडीपीओ विनोद रवानी, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनुभव सिन्हा, रंजन कुमार पासवान, होसेन डांग, गौतम कुमार अमित कुमार रविदास पंकज शुक्ला (तकनीकी शाखा) राजेश कुमार (तकनीकी शाखा)एवं शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, निदान को लेकर दिये कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश



जन शिकायत का निवारण करते उपायुक्त।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक एक कर उनकी समस्यायें सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। चन्दनडीह पंचायत की रहने वाली प्रीति कुमारी ने उपायुक्त के समझ अपने आवेदन के माध्यम से रोजगार दिलाने के बात कहीं। बताया कि उनके पिता की आकस्मिक मृत्यु हो गई है। परिवार में वो अपनी मां के साथ रहती है। घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब है और घर में आय का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। इस पर उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी को अग्रतर कार्रवाई के लिए प्रेषित किया। आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से रोजगार, जमीन अधिग्रहण, मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्यायें को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## बरवाडीह की मॉडल पंचायतें बनीं मजाक



मिठहा टोला में खराब पड़ी सोलर लाइट।

**बरवाडीह।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन के तहत लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड की उकामाड़ और मंगरा पंचायत को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन अब यह योजना भ्रष्टाचार और अनदेखी की भेंट चढ़ती दिख रही है। पंचायतों के विभिन्न गांव और टोला में सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाने के लिए करोड़ों की लागत से कार्य हुआ। लेकिन महज छह महीने के अंदर ही अधिकांश लाइटें बंद हो गईं। गांवों में अब रात होते ही अंधेरा छा जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि खराब क्वालिटी की लाइटें लगाई गईं, जिनकी कोई निगरानी या मरम्मत नहीं हुई। वहीं, सड़कों की स्थिति भी बद से बदतर हो चुकी है। जिन रास्तों को पक्की और मजबूत बनाने का दावा किया गया था, वहां अब जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ का आलम है। बरसात में ये रास्ते नर्क में तब्दील हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सोलर लाइट और सड़क योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से योजनाओं में पैसे की बंदरबांट की गई। अब ग्रामीणों ने जिले के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि योजनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो।

### डीसी के निर्देश पर बीडीओ ने विद्यालय संचालकों के साथ की बैठक, कहा

# निजी स्कूल एक सप्ताह के अंदर कर लें शुल्क निर्धारण कमेटी का गठन

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को मध्य विद्यालय सभागार में बीडीओ चंदन प्रसाद ने प्रखंड अंतर्गत संचालित निजी विद्यालयों के संचालकों के साथ बैठक की। उक्त बैठक झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण 2017 के आलोक में शुल्क समिति गठन को लेकर आहूत की गई थी। बैठक में चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी मौजूद थी। बैठक में बीडीओ एवं बीईईओ ने झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण 2017 अधिनियम की जानकारी साझा की। बीडीओ प्रसाद ने बताया कि पूरे राज्य में निजी विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के



विद्यालय संचालकों के साथ की बैठक करते उपायुक्त।

अभिभावकों के शिकायत निवारण को लेकर उक्त अधिनियम बनाया गया है। जिसका पालन सभी निजी विद्यालय को करना है। सभी निजी विद्यालय प्रबंधन एक सप्ताह के अंदर शुल्क निर्धारण कमेटी गठित कर लें। कमेटी में निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि अध्यक्ष, निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिव, निजी विद्यालय द्वारा मनोनीत 3 शिक्षक सदस्य एवं माता-पिता शिक्षक संघ द्वारा गठित चार माता-पिता सदस्य होंगे। कमेटी गठित होने के उपरांत संबंधित प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय लातेहार को सुपुर्द करना सुनिश्चित करेंगे। बीईईओ ने निजी विद्यालय संचालन को नियमों एवं मापदंडों की दी जानकारी इसके अलावे बीईईओ ने निजी विद्यालय संचालन को लेकर जारी नियमों एवं मापदंडों की जानकारी भी साझा की गई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि री एडमिशन के नाम पर किसी प्रकार का शुल्क लेना गैर कानूनी है। अगर कोई प्रबंधन ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निजी विद्यालय संचालकों को विद्यालय संचालक को लेकर नियमों और मापदंडों की जानकारी दी गई एवं सारी अर्हता को पूर्ण करने का भी निर्देश दिया दिया। बता दे कि पूरे राज्य में इन दिनों निजी विद्यालयों की मनमानी, री ऐडमिशन, पुस्तक व फीस के नाम पर मनमाना वसूली को लेकर अभिभावकों में उबाल है।

इसके विरुद्ध लगातार उठ रहे सवाल के बीच के राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग गंभीर नजर आ रही है। सरकार की इस कदम के बाद अभिभावकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बैठक में शिक्षा विभाग सुबोध चंदेल, प्रतीक सिन्हा, कनीय अभियंता कृष्णा पासवान, निजी विद्यालय के हिमांशु सिंह, मनोज सिंह, मनु गुप्ता, सिंकी कुमारी, कुश यादव, राहुल मिश्रा, अलेक्स कांडुलना, राजू मिश्रा, जय प्रकाश घटवार,

## नौ लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का हुआ वितरण



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 का योजना 90 प्रतिशत व 75 प्रतिशत अनुदान पर अमरवाडीह, शिबला, टोटी व बारियातू पंचायत के 09 लाभुकों के बीच 4 बकरी व 1 बकरा का वितरण प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी की हाथो से की गई। इस दौरान पशु चिकित्सा पदाधिकारी शुशीला बागे ने पशुओं के रख-रखाव व होने वाले कई बीमारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही रोग से बचाव के लिए दवाओं का भी वितरण किया। प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे। उन्होंने पशुओ के रख-रखाव के संबंध मे आवश्यक सुझाव भी दिया। मौके पर पशु कर्मी बिनोद बैठा सहित सभी लाभुक उपस्थित थे।

## बारियातू में रू-आर कार्यशाला संपन्न



**बारियातू।** राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय रूआर कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी और बीपीओ बिरेन्द्र भगत ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला का उद्देश्य 21 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाले बैक टू स्कूल अभियान को सफल बनाना है ताकि 5 से 18 वर्ष तक का कोई भी बच्चा बिना नामांकन के न रहे। प्रमुख उर्मिला देवी ने इसे सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए सामूहिक प्रयास पर बल दिया। शिक्षक अशोक कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अन्य वक्ताओं ने भी समुदायिक जागरूकता और समन्वय की आवश्यकता जताई। संचालन बिरेन्द्र कुमार और भीम प्रजापति ने किया। कार्यशाला में शिक्षकों को दिशा-निर्देश दिए गए और शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा की गई।

## 10 लाख की संपत्ति जलकर खाक

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर प्रखंड मुख्यालय स्तिथ झारखंड ढाबा के समीप तौहीद कबाड़ी दुकान में मंगलवार को भीषण आग लग गयी। जिससे दुकान में रखा प्लास्टिक, पाइप, बर्तन समेत कई समान जलकर खाक हो गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए दुकान संचालक मो.तौहीद ने बताया कि उसके दुकान के पीछे महुआ चुनने वाले लोगों ने पत्ता में आग लगाया था जो फैल कर उसकी दुकान में आ गया जिससे भीषण आग लग गयी ।वही आग लग जाने के वजह से दुकान मालिक को करीब 10 लाख का नुकसान बताया जा रहा है। वही आग पर स्थानीय ग्रामीणों और बसिया पुलिस पिकेट की मदद से साई कृपा कंट्रक्शन के पानी टेंकर लगाकर करीब दो घंटे बाद बुझाया जा सका। लेकिन तब तक कई कीमती समान जलकर खाक हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थी की करीब 2 दूर किलोमीटर तक दिखाई दे रहा था।

# वन नेशन वन इलेक्शन भारत की लोकतंत्र को और मजबूत बनायेगा: भानू प्रताप शाही

➲ स्टेशन रोड स्थित नगर भवन मे वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** निष्ठा फाउंडेशन द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन (एक देश एक चुनाव) विषय पर संगोष्ठि का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर भवन में आयोजित किया गया था। मौके पर बतौर मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शाही ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन भारत के लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव कराने से देश में न केवल आर्थिक संसाधनों की बबार्दी होती है। बल्कि प्रशासनिक कार्यों और विकास योजनाओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इससे समय, धन और ऊर्जा की बचत हो सकती है।क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने कहा कि वन नेशन वन




वन इलेक्शन पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन।

इलेक्शन यह न केवल देश की चुनाव प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाएगा। बल्कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से रुकने वाले विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवियों, छात्र-छात्रायें, सामाजिक कार्यकताओं और आम नागरिकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस प्रणाली को लागू करने के लिए सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें में उपस्थित लोगों ने अपने सवाल रखे और भानु प्रताप शाही ने उनका उत्तर दिया। मौके पर जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजधनी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, मुखिया संघ के अध्यक्ष सुभाष सिंह, मुखिया सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनंधि अनिल सिंह, जिला महामंत्री बंशी यादव, पवन कुमार, पिंटू कुमार रजक, संजीव सिन्हा, अश्विनी कुमार मिश्रा, चन्द्र भूषण केशरी, पवन कुमार, प्रमोद कुमार, विशाल चंद्र साहू अमित कुमार, अश्विनी सिंह, सोनू सिंह, गौरव दास, उत्तम प्रसाद व विवेक चंद्रवंशी आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता पवन कुमार ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## सिलेंडर फटने से दुकान में लगा आग



➲ एक युवक गंभीर रूप से झुलसा, घर और दुकान जलकर खाक, लाखों का नुकसान

**खबर मंत्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत मटलोंग पंचायत के माईल स्थित वीर बुधु भगत सिंह चौक के समीप दिन मंगलवार को गैस सिलेंडर फटने से घर और दुकान में भयंकर आग लग गया। जिसमें घर और दुकान पूरी तरह से जलकर कर खाक हो गया। साथ ही घर और दुकान के मालिक प्रदीप सिंह के पुत्र चंदन कुमार सिंह सिलेंडर धमाके में झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदन कुमार सिंह मंगलवार को अपने घर में खाना बना रहा था,इसी दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते स्थिति इतनी भयंकर हो गई कि युवक आग में बुरी तरह से झुलस गया। हालांकि किसी प्रकार से युवक घर से बाहर भागने में सफल रहा,जिसके कारण उसकी जान बच गई। जबकि थोड़ी देर बाद सिलेंडर फटने से घर और दुकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि युवक अपनी दुकान में कोल्ड ड्रिंक समेत अन्य सामान भी बेचता था.गैस सिलेंडर फटने से जरूरत से जुड़े लाखों रुपए की संपत्ति जलकर बर्बाद हो गए। बता दें कि भुक्तभोगी का घर और दुकान गांव के घनी आबादी से दूर सड़क के किनारे था। अगर यह घटना गांव में घट जाती तो स्थिति काफी भयंकर हो सकती थी, जिस स्थान पर घटना घटी है उस स्थान पर काफी कम लोगों का घर है और घटनास्थल से कुछ दूरी पर कुछ अन्य दुकान हैं, इसी कारण घटना में सिर्फ एक घर को ही नुकसान हुआ है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस के द्वारा मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई,लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंचती तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। साथ ही पुलिस के टीम की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया गया है, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया गया कि युवक गंभीर रूप से झुलसा हुआ है। वहीं दुर्घटना को लेकर मनिका पुलिस के द्वारा गंभीरता पूर्वक छानबीन की जा रही थी।

## परिवहन विभाग ने चलाया अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिवहन विभाग और बालूमाथ पुलिस ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संयुक्त अभियान चलाकर अवैध पार्किंग करने वाले करीब 30 मोटरसाइकिल वाहनों से 19,500 रुपये फाइन की वसूली किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना के एस.आई गौतम कुमार ने बताया कि लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि बालूमाथ में मंगलवार को साप्ताहिक हाट वाले दिन सड़क किनारे एवं कई जगह पर मोटरसाइकिल चालकों द्वारा अवैध पार्किंग कर दिए जाने से जाम लग जा रहा है । वहीं बालूमाथ अस्पताल में पार्किंग लगा दिए जाने के कारण इलाज करने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसके आलोक में यह कारवाई की गई है। मौके पर जिला परिवहन विभाग से ऋषिराज मोहम्मद तनवीर समेत बालूमाथ थाना के पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ- लातेहार मुख्य पथ पर पकरी ग्राम के समीप मंगलवार को मोटरसाइकिल से गिरकर महिला एवं उसका 10 वर्षीय पुत्र घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कांति देवी 32 वर्ष पति दशरथ उरांव एवं आकाश उरांव 10 वर्ष पिता दशरथ उरांव ग्राम बनियों थाना बालूमाथ निवासी सभी मोटरसाइकिल में सवार होकर मारंगलोइया ग्राम से अपने घर वापस बनियों लौट रहे थे। इसी दौरान पकरी ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## जलमीनार का स्टार्टर चोरी, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण



स्टार्टर काट ले गए चोर।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत भगत सिंह चौक के समीप दीनदयाल राम के घर के पास स्थापित सोलर जलमीनार का स्टार्टर सोमवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। बताया जा रहा है कि इस जलमीनार से आसपास के दर्जनों परिवार पीने के पानी समेत अन्य दैनिक जरूरतों के लिए पानी प्राप्त करते थे। स्टार्टर चोरी हो जाने के कारण जलमीनार पूरी तरह ठप हो गया है और लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में पेयजल की किल्लत ग्रामीणों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहले से ही जलस्त्रोतों की कमी झेल रहे इस इलाके में यह जलमीनार बड़ी राहत थी। लेकिन अब इसके बंद हो जाने से स्थिति विकट हो गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जलमीनार की सुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं किए गए थे जिससे चोरों को घटना को अंजाम देने में आसानी हुई। लोगों ने प्रखंड प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है। साथ ही चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है।

# सुबह होते ही शुरू हो जाता है बालू का काला कारोबार

- राजस्व विभाग को नहीं मिला पिछले वर्ष का लेखा-जोखा
- मुखिया से लेकर माफिया तक की मिलीभगत का खुला खेल, राजस्व को करोड़ों की चपत

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बराबडीह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न बालू घाटों पर खुलेआम सरकारी राजस्व की लूट मची है। हर सुबह चार बजे से ही बिना किसी वैध चालान या अनुमति के ट्रैक्टरों की लंबी कतारें बालू घाटों की ओर दौड़ पड़ती है। पंचायत के नाम पर चल रहे इस गोरखधंधे का भंडाफोड़ उस वक्त हुआ जब सीओ मनोज कुमार के निर्देश पर पंचायत सचिव विजय शंकर राम ने टिकवा बालू घाट पर औचक जांच की। जांच में पाया गया कि मौके पर जो चालान दिखाया गया, वह पूरी तरह फर्जी था।

## मुखिया खुद बना व्यापारी, लंका कोयल नदी घाट से धड़ल्ले से उठाव



फर्जी चालान का हुआ पदार्फाश।

उधर खुरा पंचायत के लंका कोयल नदी घाट से भी लगातार अवैध बालू उठाव की पुष्टि हुई। चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध कारोबार में खुद पंचायत के मुखिया की संलिप्तता देखी जा रही है, जो न केवल बालू की बिक्री में सक्रिय हैं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को संरक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। यह न सिर्फ सरकार की अनुमति प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाता है, बल्कि पूरे राजस्व तंत्र को सीधी चुनौती है।

### क्या अब भी नींद से जागेगा प्रशासन?

जब सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी मौन हों और चुने गए जनप्रतिनिधि खुद अवैध कारोबार में शामिल पाए जाएं तो फिर जनता किससे उम्मीद करे? अब देखना यह है कि पंचायत सचिव की इस जांच और इस खुलासे के बाद प्रशासन हरकत में आता है या यह खबर भी बाकी सच्चाइयों की तरह फाइलों की कब्रगाह में दफन हो जाएगी।

### आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है ये अवैध कारोबार?

पिछले वर्ष बालू उठाव से हुई आमदनी और खर्च का ब्यौरा अब तक अंचल कार्यालय को नहीं सौंपा गया है। अंचल अधिकारी ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पारदर्शिता लाने और लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, पर सभी निदेर्शों की अनदेखी होती रही। यह कोई साधारण लापरवाही नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजस्व लूट की कहानी है।

### सख्त निर्देश, लेकिन कार्रवाई नदारद

अंचल अधिकारी ने संबंधित पंचायतों के मुखियाओं को कई बार सख्त निर्देश दिए हैं, परंतु जमीनी स्तर पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखाई दे रही। ऐसे में बड़ा सवाल यह है।

## चंदवा: उप प्रमुख ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

➲ मुख्य शहर में लाइट और देवनद नदी पर चेकडैम की मांग की रखी मांग



चेकडैम के लिये मांग पत्र सौंपते हुए।

**चंदवा।** उपप्रमुख अश्वनी मिश्रा ने लातेहार विधायक प्रकाश राम को 8 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए जनहित में इसे करवाने की मांग की है। विधायक प्रकाश राम ने मांग पत्रों को देखने के बाद उप-प्रमुख को आश्वस्त कराते हुए कहा कि जल्द ही सारी समस्याओं का निदान किया जाएगा। मेरा प्रयास होगा कि एक वर्ष के अंदर उपरोक्त मांगों का कार्य धरातल पर दिखाना शुरू हो जाए। मैं सभी कार्यों के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार करूंगा और अपने स्तर से भी होने वाले कार्यों को करूंगा। उप प्रमुख ने चंदवा शहरी क्षेत्रों में सड़क किनारे लाइट, देवनद नदी में चेकडैम, नगर मंदिर से नगर मोड़ तक स्ट्रीट लाइट, चंदवा में टाउन हॉल, स्टेडियम को विकसित करने, एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय में छात्रावास, भवन निर्माण, चंदवा में डिग्री कॉलेज खोलने और जय हिंद पुस्तकालय को फिर से किसी एनजीओ के माध्यम से सुचारू रूप से संचालित करना आदि मांग विधायक प्रकाश राम से की है।

# बोकारो : डॉ संतोष कुमार झा की कविता संग्रह 'कविक आबा' का हुआ लोकार्पण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** इस्पात नगरी बोकारो की साहित्यिक संस्था साहित्यलोक के पूर्व संयोजक व मैथिली हिन्दी व संस्कृत के साहित्यकार डॉ सन्तोष कुमार झा के मैथिली काव्य संग्रह- कविक आबा का लोकार्पण कोलकाता के बड़ाबाजार लाइब्रेरी में कोलकाता एवं अन्य स्थानों से आए हुए मैथिली साहित्यकारों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कवि डॉ सन्तोष कुमार झा ने कहा कि कविता प्रयासपूर्वक नहीं लिखी जा सकती है वह तो स्वतः स्फूर्त होती है। अकादमी भाषा सम्मान से सम्मानित डॉ उदयनाथ झा अशोक ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में इस तरह के काव्य की अत्यधिक आवश्यकता है जो देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान करे एवं काव्य के गुणों के अनुरूप भी हो। वरिष्ठ कवि बिनय भूषण ने कहा कि अभी देश जिस दौर से गुजर रहा है उस दौर की कविता है 'कविक आबा'। साहित्य अकादमी से पुरस्कृत युवा कवि चंदन कुमार झा ने कवि को निष्पक्ष भाव से लिखने एवं चुप न रहने की सलाह देते हुए कहा कि यह काव्य संग्रह जिसमें विविध विधाओं की कविताएं संकलित हैं जो समाजोपयोगी साबित होगा तथा एक सार्थक कार्य सिद्ध होगा। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वैज्ञानिक एवं साहित्यकार डॉ योगेन्द्र पाठक वियोगी ने कवि डॉ सन्तोष कुमार झा की इस कविता संग्रह में सम्मिलित कविता सिमरियाक मेला की प्रशंसा की। समारोह का आयोजन कोलकाता की मैथिली भाषा की संस्था संपर्क ने किया एवं इसका संचालन वरिष्ठ साहित्यकार मिथिलेश कुमार झा ने किया। कविताओं का पाठ किया एवं इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मण झा सागर ने की। मौके पर साहित्यलोक से जुड़े साहित्यकारों बुद्धिनाथ झा तुला नन्द मिश्र गिरिजा नन्द झा अर्धनारीश्वर कुमार मनीष अरविन्द विजय शंकर मल्लिक उदय कुमार झा भुटकुन झा साहित्यलोक के वर्तमान संयोजक अमन कुमार झा प्रवक्ता अरुण पाठक आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# मंत्री से संतरी तक भ्रष्टाचार में लिप्त: डॉ लंबोदर

उन्होंने कहा कि राज्य में चारो तरफ अवैध बालू, कोयला, लोहा सहित प्राकृतिक संसाधनों की लूट मची है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यहां मंत्री से लेकर संतरी तक सभी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। ऐसे में राज्य का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उक्त बाते गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बोकारो जिला के पेटरवार स्थित अपने आवासीय कार्यालय में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड की स्थिति काफी भयावह हो गया है। राज्य में चारो तरफ अवैध बालू, कोयला, लोहा सहित प्राकृतिक संसाधनों की लूट मची है। इस कार्य में मंत्री से लेकर संतरी तक सभी लिप्त है। आय दिन अवैध कोयला, बालू, लोहा चोरी को रोकने के दौरान ग्रामीणों के साथ धंधेबाज और माफिया तत्व मारपीट कर घायल कर रहे है। इस मामले में स्थानीय पुलिस हांथ पर हांथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि राज्य के हेमंत सोरेन सरकार में सरकारी संरक्षण में अवैध धंधेबाज मालामाल हो रहे है, जबकि राज्य का खजाना खाली हो रहा है। जनता बेहाल है और सरकार के मंत्री से लेकर संतरी तक की चांदी कट रही है। ऐसे में ऐसी सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है।पूर्व विधायक डॉ महतो ने जिला के सीसीएल अनुदानित प्राथमिक विद्यालय रेलवे कॉलोनी कथारा तथा रिफॉर्मेटरी पब्लिक इंग्लिश स्कूल की दुर्दशा में सुधार तथा शिक्षको के मानदेय में लगातार कटौती मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षको के पत्र के आलोक में सीसीएल के सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह से मोबाईल से बात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया तथा इसमें सुधार का आग्रह किया। वही पूर्व विधायक को बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय के छात्रों तथा शिक्षकों के शिक्षण के लिए आवश्यक टेबल, बेंच, कुर्सी तक नहीं है। उन्होंने कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार से हस्तक्षेप कर सुधार करने की बात कही गयी। बताया जाता है कि महाप्रबंधक द्वारा उपरोक्त विद्यालयों द्वारा क्राइटेरिया पुरा नहीं करने की बात कही गयी। पूर्व विधायक ने कहा कि उपरोक्त विद्यालयों में क्षेत्र के कामगारों के बच्चे सहित आसपास के गरीबों के बच्चे पढ़ाई करते है, इसलिए विद्यालय तथा शिक्षकों की दशा सुधारना क्षेत्रीय प्रबंधन का दायित्व है।

## एक नजर में

### बोकारो : ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत व टीम द्वारा जांच पर 3 कंपनियों को जारी अंतिम चेतावनी पत्र

बोकारो। पिछले दिनों जिले के गोडावली गांव के ग्रामीणों ने गांव के समीप संचालित विभिन्न फैक्ट्रियों द्वारा गंभीर पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाने की शिकायत किया था। जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त विजया जाधव ने कमेटी गठित कर जांच का निर्देश दिया था। कमेटी द्वारा जिला को समर्पित जांच प्रतिवेदन में कंपनियों द्वारा पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाने मानको का अनुपालन नहीं करने की बात सामने आई है। इसको लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर गोडाबाली गांव के समीप संचालित कैस्ट्रोन टेक्नोलाजी लिमिटेड व ओम साईं इंडस्ट्रीज एवं पाटिल रेल इंफ्रांस्ट्रकचर लिमिटेड को प्रदूषण नियंत्रण मानकों का सख्ती से पालन करने को लेकर अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया है। इसमें सुधार नहीं करने पर नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने साथ ही क्षेत्रीय उप निदेशक जियाडा बोकारो एवं झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद इकाई धनबाद को इसकी नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने सख्त शब्दों में कहा कि पर्यावरण सुरक्षा सर्वोपरि है। जो भी औद्योगिक इकाइयां नियमों का उल्लंघन कर रही हैं उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी हो कि ग्रामीणों द्वारा मामले में शिकायत प्राप्त होने के बाद उपायुक्त ने आरोपों की जांच के लिए झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद धनबाद, क्षेत्रीय उप निदेशक जियाडा बोकारो एवं जिला प्रशासन के प्रतिनिधि की संयुक्त टीम गठित कर मामले में जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया था।

### हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ग के हित में चहुंमुखी विकास कार्य हो रहा है : बेरमो विधायक



बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के चलकरी उत्तरी पंचायत के गिरी टोला मुख्य पथ (भादो महुआ) से रूपलाल गिरी जी के घर होते हुए आंगनबाडी केन्द्र पुरनाडीह तक पथ निर्माण हेतु 90 लाख 18 हजार रुपए के परियोजना का शुभ शिलान्यास किया। विधायक सिंह ने कहा कि तेनुघाट- बोकारो नहर मार्ग की मरम्मत नब्बे करोड़ की राशि से होगी। कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में प्रत्येक वर्ग के हित में चहुंमुखी विकास कार्य हो रहा है। राज्य के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने का काम राज्य सरकार कर रही है। कहा कि बहुत जल्द बालू घाटों की नीलामी हो जाएगी। विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह ने कहा कि विधायक के कुशल नेतृत्व में विकास के सैकड़ो कार्य धरातल पर उतर रहे है। इस अवसर पर पेटरवार प्रभारी परवेज अख्तर, बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, अशोक मंडल, विजय मंडल, शिरोमणि मंडल, रविंद्र गिरी, मुन्ना गिरी, अरुण गिरी, सुदामा गिरी, नन्हे अंसारी, रूपलाल गिरी, रंजीत नायक, विनोद नायक, अभय ठाकुर, निमाई मंडल, रूपलाल गिरी सहित सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे।

### कार्मेल उच्च विद्यालय, बोकारो थर्मल में एक दिवसीय शिक्षक उन्मुखीकरण हुआ संपन्न



बेरमो /कार्मेल उच्च विद्यालय बोकारो थर्मल में एक दिवसीय शिक्षक उन्मुखीकरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर शेयजू एस जे तथा विद्यालय के प्रधानाचार्या सिस्टर प्रेमलता लॉरेंस ए सी ने किया। मुख्य अतिथि सह व्यक्ता ने 'जीवन के जांचे बिना जीने का कोई अर्थ नहीं' जैसे विषय पर ध्यान आकर्षित करते हुए समग्र विकास जैसे- मानसिक, अध्यात्मिक, नैतिक सामाजिक, रचनात्मक विकास के साथ साथ समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के प्रति सोच और विचार में परिवर्तन लाने तथा बच्चों के साथ साथ खुद को समझने और समस्याओं कैसे निजात पाया जा सकता है उस पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों अनुकूलनीय, विचारशील, भरोसेमंद, आशावादी और संसाधन जैसे माध्यम विद्यार्थी के बीच सकारात्मक संबंध स्थापित कर जीवन शैली को परिवर्तन करके शिक्षा के साथ सामाजिक विकास करने की प्रेरणा दी। अंत में शिक्षक अमित अनुरंजन लकड़ा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर मरियम खेस, धनंजय कुमार, मरियम खलखो, अर्चना डीन, अरुणा बाला, विश्वनाथ, नीलम पांडेय, गायत्री कर, बिनोद हंसदा, सोरनाली गुहा, राखी सिन्हा, मोनिका कर्मकार, लतीमा खलको, पूनम मरांडी, जी रमा, नंदिनी कुमारी, सुष्मिता पूर्ति और सभी शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित थे।

### आधार शिविर का आयोजन



बेरमो। आधार को लेकर बेरमो प्रखंड के बोकारो थर्मल स्थित गोबिंदपुर सी पंचायत भवन में तीन दिवसीय आधार सुधार कार्यक्रम का किया गया आयोजन शिविर का उद्घाटन बेरमो प्रखंड सीओ, गोविंदपूर पंचायत मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव घांसी जिला पार्षद सदस्य शहजादी बानो मुखिया बिकास सिंह कविता देवी वा अंजू आलम के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वही शिविर में बोकारो थर्मल के एबीसीडीएफ 06 पंचायतो के सैकड़ों की संख्या में लाभार्थी महिला पुरुष बच्चे आधार शिविर के कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। उल्लेखनीय हो कि, सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने हेतु आधार कार्ड लाभुकों के पास अपडेट होना अनिवार्य है। बिना आधार कार्ड के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है। समाचार भेजे जाने तक एक मात्र बायोमेट्रिक मशीन से कार्य किए जा रहे थे, जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग अपना आधार सुधार करवाने के लिए लाइन में खड़े थे।

### बेरमो : कोटपा-2003 के तहत सिटी थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान



बेरमो। मंगलवार को डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 के तहत विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा सिटी थाना क्षेत्र के राम मन्दिर चौराहा, सेक्टर 1, कैम्प-2 सदर अस्पताल व सरकारी कार्यालय के आस पास एवं नयामोड के कुल 78 दुकानों की जांच की गई जिसमें 23 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 3350 रुपए की वसूली की गई। डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो ने कहा कि सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट की विक्री न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जायेगी। सभी दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि कोटपा 2003 विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार न करें। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद न बेचे और न बिचवायें। सार्वजनिक स्थान/खुले में धुम्रपान का सेवन न करें। स्कूल के 100 गज के परिक्षेत्र में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सिटी थाना के एसआई के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

### बोकारो में खो-खो लीग 2025 अंडर-17 टूर्नामेंट में डीएवी 2सी बनी विजेता



बोकारो। केडी लायंस स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में बोकारो में खो-खो लीग 2025 अंडर-17 का आयोजन +2 हाई स्कूल सेक्टर-8ए में किया गया। इस टूर्नामेंट में झारखंड से कुल 10 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में डीएवी 2सी विजेता घोषित हूई जिसने उपविजेता यूके क्लब धनबाद को एक इनिंग एवं 7 प्वाइंट से हराया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विरंची नारायण ने कहा कि यह खेल भारत में पौराणिक काल से खेला जा रहा है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खो खो बहूत ही उम्दा खेल है। आयोजक मंडल एवं समस्त खिलाड़ी को उन्होंने बधाई दी। विशिष्ट अतिथि कुशवंत देवा रिजनल उपाध्यक्ष एटक एवं अध्यक्ष चासनाला कोलियरी डिवीजन ने आयोजक मंडल को धन्यवाद देते हुए बच्चों के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक दीपक कुमार ने मुख्य अतिथि विरंची नारायण विशिष्ट अतिथि कुशवंत देवा व गिन्नी भाय एवं सुनील मोहन को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। लगभग 130 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम पुरस्कार के लिए 5000 नगद राशि एवं द्वितीय पुरस्कार के लिए 3500 का नगद प्रोत्साहन दिया गया। मंच का संचालन करते हुए समाजसेवी सह पत्रकार गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि खो-खो महाभारत काल में रणथम्भौर नामक खेल से जाना जाता था। बोकारो में खो खो के प्रतिभावान खिलाड़ी है। मुख्य रुप से उपस्थित लोगों में अशोक कुमार महतो केडी लाईन्स एकेडमी के संयुक्त सचिव मंगल सत्येंद्र भारती टेक के डायरेक्टर ऋषिकेश चौधरी रविन्द्र एवं अन्य गणमान्य थे। अंत मे धन्यवाद् ज्ञापन आयोजन कर्ता एवं एकेडमी के संस्थापक दीपक कुमार ने किया।

## स्पीड न्यूज

### हंसडीहा : कार ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर, टाटा के दंपति घायल



हंसडीहा। दुमका जिले हंसडीहा दुमका स्टेट हाईवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरमा हाट गांव के समीप मंगलवार सुबह अनियंत्रित कार खड़े एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए घायल दंपती की पहचान किरण झा व उसके पति ब्रजेश कुमार झा के रूप में हूई है जानकारी के अनुसार कार सवार दंपति जमशेदपुर से गोड्डा जा रहे थे इस बीच जैसे ही उनकी कार कुरमाहाट पहुंची सड़क किनारे पहले से खड़ी ट्रक में कार की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी की कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही एसएसआई बिनोद सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच घायल दंपति को ईलाज के लिए एंबुलेंस के द्वारा स्वास्थ केन्द्र सरैया हाट पहुंचाया। जहां चिकत्सको द्वारा घायल दंपति की नाजुक स्थिति को देखते हुए बाहर रेफर कर दिया। इधर पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले आई है।

### संदेहास्पद स्थिति में मिले शव मामले में सास व पत्नी को जेल



गोड्डा। पथरगामा बीते दिनों प्रखंड अंतर्गत लखनपहाड़ी गांव में राजमहल थाना क्षेत्र के आशीष किशोर मिश्रा (उम्र करीब 38 वर्ष) की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत मामले में पुलिस ने मृतक की सास व पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गोड्डा जेल भेज दिया। आशीष की मौत बीते 18 अप्रैल को संदेहास्पद स्थिति में उसके ससुराल लखनपहाड़ी में हो गयी थी। इस मामले को लेकर पथरगामा थाना में कांड संख्या 67/ 25 दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मामले में शव का पोस्टमॉर्टम भी कराया था। दामाद आशीष कुमार मिश्रा कई दिनों से ससुराल में ही रह रहा था। प्राथमिकी के आधार पर मृतक आशीष की पत्नी इंदु देवी उर्फ स्वीटी एवं सास आशा देवी को पथरगामा थाना के अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने महिला पुलिस के साथ पूछताछ के लिए थाना लाया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में गोड्डा जेल भेज दिया।

### बेरमो : भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

बेरमो। बेरमो अनुमंडल के पेटरवार थाना क्षेत्र के पेटरवार मठ टोला में सूरज कुमार प्रसाद और सरयू प्रसाद के घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब और बियर के बोतल को उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर सन्नी तिर्की द्वारा छापेमारी कर जप्त किया गया। जिसमें विभिन्न ब्रांड के बियर 141 बोतलें और भिन्न भिन्न ब्रांड के विदेशी शराब की 273 बोतलें बरामद की गई। वहीं सूरज कुमार प्रसाद को मौके से गिरफ्तार भी किया गया। जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि पेटरवार थाना क्षेत्र के मठ टोला (गागी बस्ती) में कुछ लोग अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर सन्नी तिर्की एक टीम गठित कर मठ टोला (गागी बस्ती) मे सूरज कुमार प्रसाद के घर छापेमारी की और सूरज कुमार प्रसाद को गिरफ्तार कर घर की तलाशी शुरू की जहां से भारी मात्रा में शराब को जप्त किया गया वहीं सरयू प्रसाद के घर पर भी छापेमारी की वहां से भी शराब को जप्त किया गया सरयू प्रसाद को पुलिस की जानकारी मिलते ही मौके से फरार हो गए।

बोकारो डीसी ने नीट परीक्षा केंद्र के बाहर धारा 163 लगाने का दिया निर्देश

# होटलों एवं कोचिंग संस्थानों में करें छापेमारी : विजया जाधव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव की अध्यक्षता में 4 मई को प्रस्तावित नीट की परीक्षा को लेकर तैयारियों से संबंधित बैठक किया गया। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका एडीसी मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ डीईओ जगरनाथ लोहरा एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। डीसी ने बैठक में कहा कि कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कहीं कोई अव्यवस्था-कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते कोई भी परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई करने की बात कहीं। उन्होंने बताया कि नीट परीक्षा को लेकर जिले में 08 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं जिसमें 2880 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी केंद्रों में जिले के वरीय पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित वरीय पदाधिकारियों को नीट परीक्षा को लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी गाइडलाइन का अच्छी तरह से अध्ययन और उसका अक्षरशः अनुपालन कराने का निर्देश दिया। परीक्षा का संचालन निष्पक्ष तरीके से होनी है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखनी है। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 निषेधज्ञा लगाने एवं विभिन्न होटलों एवं कोचिंग संस्थानों में छापेमारी का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों संबंधित पदाधिकारियों के साथ दोबारा बैठक आहूत करने का निर्देश दिया।

# दुमका : राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जज ने की बैठक



राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक करते न्यायाधीश।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार संजय कुमार चन्द्धरियावी ने व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी के साथ बैठक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए उचित दिशा निर्देश दिया।

लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट केसेस, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केसेस, लेबर एक्ट, सिविल केसेस, बैंक रिकवरी केसेस, इलेक्ट्रिसिटी केसेस, फॉरेस्ट केसेस, एक्साईज केसेस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री काउंसलिंग सिटिंग जो 10 मार्च से ही प्रारंभ है जिसमें अब तक सैकड़ो वादों का निष्पादन किया जा चुका है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपील की है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाएं।

# बोकारो डीसी ने की जिला स्थापना व जिला स्क्रिनिंग समिति की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव ने जिला स्थापना समिति/जिला स्क्रीनिंग समिति का बैठक किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो जिला स्थापना उप समाहर्ता प्रेमचंद सिन्हा सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने क्रमवार कार्यालय अधीक्षक प्रधान लिपिक एवं उच्च वर्गीय लिपिक पद पर प्रोन्नति कर्मियों को देय एसीपी/एमएसीपी संवर्ग पदोन्नति के उपरांत उच्च वर्गिय लिपिक को वरीय वेतनमान में प्रोन्नति बिंदुओं पर चर्चा की। सभी सदस्यों की सहमति से उचित निर्णय लिया और जिला स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय अधीक्षक के कुल रिक्त 01 पद प्रधान लिपिक के कुल रिक्त 02 पद उच्च वर्गीय लिपिक के कुल 05 रिक्त पद जिले में कार्यरत चौकीदार संवर्ग को उनके एक पद पर दस वर्ष/20 वर्ष एवं 30 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने के उपरांत 24 चौकीदार संवर्ग/22 अनुसेवक संवर्ग/03 राजस्व कर्मचारी/04 लिपिक संवर्ग एवं 01 लेखा लिपिक संवर्ग को उनके उच्चतर वेतनमान में प्रोन्नति की सहमति देते हुए अनुशंसा किया।

# सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने ढोरी का किया निरीक्षण

कोल माइंस की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की कवायद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** कोल माइंस की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की कवायद के तहत सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने मंगलवार को ढोरी प्रक्षेत्र कीएडीओसीएम परियोजना (अमलो), एसडीओसीएम एवं वर्कशाप और ढ़ोरी खास का निरीक्षण किया। सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों में भारतीय मजदूर संघ, एटक, सीटू, एचएमएस के प्रतिनिधि शामिल थे। निरीक्षण के क्रम में कई खामियां देखकर सेफ्टी सदस्यो ने कहा कि इस परियोजना में प्रबंधन सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करता है। इस परियोजना में चलने वाली डोजर और डंपर की स्थिति दुरुस्त नहीं है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। कहा कि कोई भी रजिस्टर अपडेट नहीं हैं। कहा कि अमलो परियोजना का वर्कशाप चारों तरफ से खुला हुआ है। ऐसे में मजदूरों को काम के दौरान काफी समस्या उठानी पड़ती है। यहां सुरक्षा के लिए मजदूरों को समुचित संसाधन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। मजदूर अपनी जान को जोखिम में डालकर उत्पादन करने को विवश हैं। इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस बारे में रिपोर्ट तैयार कर सीसीएल मुख्यालय को सौंपा जाएगा। एटक के लखन लाल महतो, सीएमयू खुशीलाल महतो,जमसं रविंद्र नाथ सिंह, राकोमयू के राजेश कुमार सिंह,सीसीएल सीकेएस और सीटू के अरूण कुमार के प्रतिनिधि जेपी झा ने कहा कि यहां प्रबंधन सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर काम करा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रजिस्टर में मशीनों की स्थिति दुरुस्त दर्ज है। हकीकत में मशीनों की स्थिति दयनीय है। कहा कि बिना स्टापर के यहां डंपर को खड़ा किया जा रहा है। इससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। टीम के सदस्यों ने माइंस के कार्य में लगी मशीनों की समय-समय पर जांच कराकर मेंटेनेंस कराने का सुझाव अधिकारियों को दिया। कहा कि सभी अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था के प्रति सजग रहकर कोयला उत्पादन कराएं। एएडीओसीएम पीओ राजीव सिंह ने कहा कि परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाया जा रहा है। जो भी खामियां हैं उसे दूर कर उत्पादन की गति को बढ़ाया जाएगा। माइंस व मजदूरों की सुरक्षा के प्रति प्रबंधन सजग है। मौके पर सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के जीएम रंजय सिंहा, पीओ राजीव सिंह व रंजीत कुमार, एरिया सेफ्टी आफिसर मनोज कुमार सिंह, गौतम मोहंती, राजीव कुमार एस सी सिंहा व कुमार अमित पीके साहू, मृत्युंजय कुमार व एके मिश्रा सहित सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों में आर उनेश, विकास सिंह, जितेंद्र दूबे, घीरज पाण्डेय, राजू भूखिया आदि मौजूद थे।

# गोड्डा : राम मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुरगंगटी प्रखण्ड क्षेत्र के चांदा ग्राम के राम मंदिर में राम, सीता, लक्ष्मण, गणेश भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में चार घोड़े, झंडा, बैनर, रथ, झांकी, ढोल, बाजे 1001 कलश यात्रियों के साथ शामिल थे। कलश यात्रा राम मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई, चांदा ग्राम के झामेश्वर नाथ शिव मंदिर के निकट नदी में कलश में जल भरा गया।

जल भरने के बाद चांदा ग्राम होते हुए परासी चौक महुआरा शिव मंदिर की परिक्रमा करने के बाद कलश यात्रा पुनः वापस राम दरबार मंदिर परिसर में पहुंची, वहां विधिवत कलश की स्थापना की गई। उसके बाद पूजा पाठ का कार्य प्रारंभ हुआ पश्चात जलाधिवास, कुलदेवी पूजन किया गया। आगामी 30 अप्रैल बुधवार को विधिवत चारों प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कलश यात्रा में आयोजनकर्ता सपत्नीक ठाकुर रंजन सिंह, जिप सदस्य सह पूर्व चेयरमैन निरंजन पोद्दार, मुखिया अवधेश कुमार ठाकुर, पंसस संजू देवी, थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह, सहायक घनश्याम राय, चपरी पंचायत के मुखिया पति प्रफुल्ल कुमार महतो, सामाजिक कार्यकर्ता मनमीत पोद्दार, निलेश कुमार, ऋषभ सिंह झारखंडी, कुमार आनंद, विकास सिंह, छोटू सिंह, विजय कुमार सिंह, मिथिलेश ठाकुर, सुमन शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, निरंजन सिंह, दिलीप मिश्रा, अंकित कुमार झा, रणवीर सिंह, वाल्मीकि यादव, सुमन रानी सिंह, रेखा देवी, सुहाना कुमारी, मधु कुमारी, राखी देवी, शांति देवी, रंजू देवी आदि शामिल थे।

# प्रा विद्यालय घोरीचक का चापाकल खराब, बच्चे गंदा पानी पीने को मजबूर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** मेहरमा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, घोरीचक की स्थिति इन दिनों चिंताजनक है। वहीं विद्यालय का चापाकल बीते एक साल से खराब पड़ा है। स्कूल में पढ़ने वाले 30-40 बच्चों को पास के कुएं से पानी लाना पड़ता है। कुएं का पानी इतना गंदा है कि उसे छूने में भी संकोच होता है। इसी पानी से मिड-डे मील भी बनाया जाता है। वहीं शौचालय में भी पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। इस मामले में प्रधानाध्यापक मोहम्मद एनुअल हक ने बताया कि उन्होंने कई बार शिक्षा विभाग और पंचायत के मुखिया को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं इस समस्या के समाधान को लेकर पंचायत के मुखिया लाल बहादुर सिंह ने कहा कि स्कूल में जल्द ही 'घर जल नल योजना' के तहत पानी की व्यवस्था कराई जाएगी ऐसा आश्वासन दिया गया। फिलहाल बच्चों की मूलभूत सुविधाओं की यह स्थिति शिक्षा विभाग के दावों की पोल खोल रही है, जो सोचने पर मजबूर करती है।

## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 70 व निफ्टी 9 अंक चढ़ा

**मुंबई ।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई मजबूत लिवाली से शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में आई जबरदस्त उछाल बाद में मुनाफावसूली की भेंट चढ़ गया लेकिन अंत में मामूली बढ़त पर टिकने में सफल रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24335.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 43,194.16 अंक और स्मॉलकैप 0.09 प्रतिशत उठकर 48,238.69 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1806 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई 2933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1365 में लिवाली जबकि 1478 में बिकवाली हुई वहीं 90 में टिकाव







# कौशल से युवा होंगे आत्मनिर्भर

## 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के बनाई जा रही शिक्षा प्रणाली : मोदी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार का प्रयास युवाओं को ऐसे कौशल से सशक्त बनाना है जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं और भारत को वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करें। मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम में युग्म नवाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन के माध्यम से भारत की नवाचार क्षमता और डीप-टेक में इसकी भूमिका को बढ़ाने के प्रयासों को गति मिलेगी। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर और मुंबई में कृत्रिम बुद्धिमत्ता , जैव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और चिकित्सा पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुपर हब के उद्घाटन का जिक्र किया। उन्होंने वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क के शुभारंभ का भी उल्लेख किया, जो राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के सहयोग से अनुसंधान को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री ने वाधवानी फाउंडेशन, प्रौद्योगिकी संस्थानों और इन पहलों में शामिल सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के बीच सहयोग के माध्यम से देश की शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक बदलाव लाने में रोमेश वाधवानी की समर्पण और सक्रिय भूमिका की भी विशेष सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में शिक्षा प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति वैश्विक शिक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।

उन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, शिक्षण सामग्री और कक्षा एक से सात तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकों के विकास पर टिप्पणी की। उन्होंने पीएम ई-विद्या और दीक्षा प्लेटफार्मों के तहत एआई-आधारित और स्केलेबल डिजिटल शिक्षा अवसंरचना मंच -ह्यएक राष्ट्र, एक डिजिटल शिक्षा अवसंरचना के निर्माण पर प्रकाश डाला, जिससे 30 से अधिक भारतीय भाषाओं और सात विदेशी भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें तैयार की जा सकेंगी।

मोदी ने कहा कि नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क ने छात्रों के लिए एक साथ विविध विषयों का अध्ययन करना आसान बना दिया है, जिससे आधुनिक शिक्षा मिलती है और नए करियर के रास्ते खुलते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भारत के शोध पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत में नवाचार संस्कृति के तेजी से विकास पर कहा कि इसमें 2014 में लगभग 40,000 से 80,000 से अधिक पेटेंट दाखिल किये गये हैं। प्रधानमंत्री ने शोध संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 50,000 करोड़ रुपए के राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन की स्थापना और एक राष्ट्र, एक सदस्यता पहल पर प्रकाश डाला, जिसने उच्च शिक्षा के छात्रों के लिए विश्व स्तरीय शोध पत्रिकाओं तक पहुँच की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप पर जोर दिया, जो यह सुनिश्चित करती है कि प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अपने करियर को आगे बढ़ाने में कोई बाधा न आए। उन्होंने वाधवानी फाउंडेशन जैसी संस्थाओं और श्री वाधवानी तथा उनकी टीम के प्रयासों को देखकर संतोष व्यक्त किया, जिन्होंने भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को सही दिशा में आगे बढ़ाया। उन्होंने श्री वाधवानी की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला, जिसमें विभाजन के बाद की स्थिति, अपने जन्मस्थान से विस्थापन, बचपन में पोलियो से जूझना और इन चुनौतियों से ऊपर उठकर एक विशाल व्यापारिक साम्राज्य का निर्माण करना शामिल है। श्री मोदी ने भारत के शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्रों को अपनी सफलता समर्पित करने के लिए श्री वाधवानी की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय कार्य बताया। उन्होंने स्कूल शिक्षा, आंगनवाड़ी प्रौद्योगिकियों और कृषि-तकनीक पहलों में फाउंडेशन के योगदान को भी माना।

## 2029 में यूपी बनेगा वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भरोसा दिलाया कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। योगी ने कहा कि सरकार ने पिछले आठ सालों में मजबूती के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा नेटवर्क है। रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क यूपी के पास है। देश की पहली रैपिड रेल यूपी में चल रही है और देश का पहला इनलैंड वॉटरवेज यूपी में है। भारत सरकार द्वारा संचालित 45 से अधिक स्कीम को उत्तर प्रदेश लीड करता है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है और नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर उतार कर अपने सामर्थ्य को देशवासियों के सामने रख रहा है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश जो 2017 में सातवीं अर्थव्यवस्था था, देश की नंबर दो अर्थव्यवस्था बन चुका है।

# चीन के रेस्टोरेंट में भीषण आग से 22 की मौत

एजेंसी

- चीन के लिओयांग शहर में हुआ हादसा, कई घायल
- राष्ट्रपति ने सभी घायलों के इलाज के निर्देश दिया

**बीजिंग।** चीन के लिओनिंग प्रांत के लिओयांग शहर में मंगलवार दोपहर एक रेस्तरां में आग लगने से 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, रेस्तरां में आग दोपहर करीब 12.25 बजे लगी। फिलहाल इसकी वजह नहीं बताई गई है। हालांकि, घटना से जुड़ी तस्वीरों में रेस्तरां की खिड़कियों से आग की भीषण लपटें बाहर निकलती देखी जा सकती हैं।

खबर के अनुसार, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। यह चीन में इस महीने आग लगने की दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले, नौ अप्रैल को उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत की लोंघुआ काउंटी में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। नर्सिंग होम में आग लगने के दौरान इमारत में कुल 39 बुजुर्ग मौजूद थे।

## एक नजर में

### कनाडा में लिबरल पार्टी की चौथी बार सत्ता में वापसी, मार्क कार्नी होंगे प्रधानमंत्री



**ओटावा।** कनाडा की लिबरल पार्टी ने चौथी बार सत्ता में वापसी की है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में मिली यह जीत कई मायनों में हैरान करने वाली है क्योंकि साल की शुरूआत में पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर मानी जा रही थी। कनाडा के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक रुख पार्टी की जीत में बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने हार कबूल कर ली और मंगलवार की सुबह कार्नी को बधाई देते हुए उनकी जीत की पुष्टि की। जीत की घोषणा करते हुए कार्नी ने कहा, हम अपने महान देश के लिए एक स्वतंत्र भविष्य का निर्माण करेंगे। लिबरल्स को पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पद छोड़ने से भी बहुत मदद मिली जो बहुत लोकप्रिय हो गए थे। उनकी जगह कार्नी पीएम बने। चुनावी राजनीति में नये चेहरे, कार्नी एक टेक्नोक्रेट हैं, जो आर्थिक रूप से कठिन समय के दौरान ब्रिटेन और कनाडा के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर रह चुके हैं।

### अमेजन ने अंतरिक्ष में भेजी उपग्रहों की पहली खेप

**लॉस एंजिल्स।** अमेजन ने वैश्विक ब्रॉडबैंड पहुंच का विस्तार करने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को अपने प्रोजेक्ट कुइपर के लिए उपग्रहों का पहली खेप लॉन्च की।
उपग्रहों को अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से यूनाइटेड लॉन्च अलायंस (यूएलए) एटलस वी रॉकेट के जरिये शाम 7:01 बजे लॉन्च किया गया। अमेजन के अनुसार, ह्यकेए-01ह्न कोडनेम वाले इस मिशन की योजना पृथ्वी से 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर 27 उपग्रहों को तैनात करने की है। यह मिशन अमेजन के ह्यप्रोजेक्ट कुइपरह्न की शुरूआत का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके तहत पृथ्वी की निचली कक्षा में 3,000 से अधिक उपग्रहों का एक समूह तैनात किया जायेगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर के ग्राहकों और समुदायों को उच्च गति वाली निर्बाध इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है।

### रूस ने 91 यूक्रेन के ड्रोन को किया नष्ट

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने सोमवार देर रात 40 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट कर दिए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर स्थानीय समयानुसार 28 अप्रैल रात आठ बजे से 29 अप्रैल को सुबह छह बजे तक वायु रक्षा प्रणालियों ने 91 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया।

### असम के हाफलोंग में एनएससीएन के तीन उग्रवादी ढेर

**हाफलोंग (असम)।** असम के डीमा हसाओ जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में एनएससीएन के तीन उग्रवादी मारे गए। असम पुलिस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि डीमा हसाओ जिले के नेशनल प्रोजेक्ट्स (गोल्डन क्वाड्रिलैटरल) के अंतर्गत कार्यरत एनएचएआई को जब एक उगाही पत्र मिला तो इसी के आधार पर असम पुलिस की स्पेशल यूनिट्स और असम राइफल्स ने शनिवार शाम हाफलोंग थाना क्षेत्र के हेरा किलो-न्रियाचिबंग्लो-एन कुबिन-बोरोचानाम-पी कुबिन-मिचिदुई डोएरिंग-चैकाम इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। लगभग 60 घंटे की तलाशी के बाद मंगलवार सुबह सुरक्षा बलों की टीम को एन कुबिन और हेरा किलो के बीच के इलाके में हथियारबंद उग्रवादियों का एक समूह मिला। उग्रवादियों ने फोर्स पर फायरिंग की, जिसका जवाब सुरक्षा बलों ने कड़े ढंग से दिया और दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।

